हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

## टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का पश्चिम बंगाल चुनाव में दिखा जलवा

Page 09



देश

## कांग्रेस की पाठशाला और भाजपा की प्रयोगशाला: मामा हिमंत बने महानायक


कृष्ण पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • बुधवार • 06 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 153 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,36,750 | ₹ 2,55,000 |



### आज का इतिहास

**1957** : राजेंद्र प्रसाद ने 6 मई, 1957 को चौधरी हरी राम और नागेंद्र नारायण दास के ऊपर क्रमशः 459,698 मतों के साथ पुनः चुनाव जीता, जिन्हें क्रमशः 2,672 और 2000 वोट मिले। वह एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने भारत के राष्ट्रपति चुनाव के दो कार्यकाल जीते।

**1529** : घाघरा का युद्ध भारतीय इतिहास में लड़े गये प्रसिद्ध युद्धों में से एक था। घाघरा युद्ध मुग़ल बादशाह बाबर और अफ़ग़ानों के मध्य लड़ा गया था। इस युद्ध में बाबर ने महमूद लोदी के नेतृत्व में लड़ रहे अफ़ग़ानों को पराजित किया था।

### न्यूज बाइट्स

#### पश्चिम बंगाल में शपथ ग्रहण 9 मई को

**नई दिल्ली (ए.)** । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 का लक्ष्य पूरा हो चुका है, लेकिन इस बार बंगाल का मुख्यमंत्री कौन होगा। इस बारे में लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही हैं। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान पहले ही घोषणा कर दी थी कि बंगाल का ही कोई मूल निवासी भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। ऐसे में भाजपा ने बिना मुख्यमंत्री के ही चुनाव लड़ा था। इस बार बंगाल के चुनाव के बाद भाजपा किसे मुख्यमंत्री चुनेगी, इस पर काफी चर्चा हो रही है। कई नामों पर भी चर्चा हो रही है। ऐसे में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का फैसला करने के लिए कोलकाता रवाना हो सकता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बताया कि बंगाल में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर शपथ ग्रहण 9 मई को कोलकाता में होगा।

#### सम्राट चौधरी के पास ही रहेगा पुराना बंगला

**पटना (नि.सं.)** । बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का मौजूदा बंगला उनके पास ही रहेगा। भवन निर्माण विभाग ने सीएम आवास का विस्तार कर दिया है। पटना के 5, देशरत्न मार्ग स्थित आवास को मुख्यमंत्री आवास के विस्तारित भवन के रूप में नामित कर दिया गया है। इस संबंध में विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया। पिछली नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम रहते यह बंगला सम्राट को आवंटित हुआ था।

बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर लिया गया बड़ा फैसला

# 9152 पदों पर बहाली को मंजूरी, हर नए डिग्री कॉलेज में होंगे 32 शिक्षक

**निज संवाददाता** | पटना

पटनाः बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। बिहार सरकार ने 208 प्रखंडों में प्रस्तावित नए डिग्री कॉलेजों के लिए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के कुल 9152 पदों के सृजन और बहाली को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के बाद राज्य में उच्च शिक्षा तक पहुंच और सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है। राज्य सरकार की योजना के तहत जिन प्रखंडों में अभी तक डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां नए कॉलेज खोले जाएंगे। इन कॉलेजों में कुल 6656 शिक्षकों और 2496 शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। हर कॉलेज में 32 शिक्षक नियुक्त होंगे, जिनमें एक प्रधानाचार्य और 31 विषय विशेषज्ञ शामिल रहेंगे। चयनित कॉलेजों में 16 विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी, जिनमें अधिकांश विषयों में दो-दो शिक्षक और एक विषय में एक शिक्षक की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।

शिक्षकेत्तर पदों की बात करें तो प्रत्येक कॉलेज में 12 कर्मियों की नियुक्ति होगी। इनमें उच्च वर्गीय लिपिक, निम्न वर्गीय लिपिक, सहायक पुस्तकाध्यक्ष और विभिन्न विषयों के प्रयोगशाला प्रभारी शामिल होंगे। विज्ञान एवं अन्य विषयों के लिए अलग-अलग प्रयोगशाला प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे, जिससे छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा भी बेहतर तरीके से मिल सके। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से राज्य के खजाने पर लगभग 938 करोड़ रुपये का वार्षिक व्यय आएगा। नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने की संभावना है। दरअसल, राज्य में कई ऐसे प्रखंड हैं जहां अब तक डिग्री कॉलेज उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 208 ऐसे प्रखंडों में नए कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। इससे न केवल छात्रों को अपने क्षेत्र में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि शिक्षा का समग्र स्तर भी बेहतर होगा।

## बिहार में शिक्षकों के तबादले पर फिलहाल रोक नई पारदर्शी स्थानांतरण नीति की तैयारी

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अपने स्थानांतरण और मनचाही पदस्थापना के लिए अभी और प्रतीक्षा करनी होगी। राज्य के बिहार शिक्षा विभाग ने वर्तमान स्थानांतरण प्रक्रिया पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। विभाग अब एक नई, पारदर्शी और संतुलित स्थानांतरण नीति बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों का संतुलन स्थापित करना तथा शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान स्थानांतरण नीति में कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। इन कमियों के कारण माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों का संतुलन बिगड़ गया है। कई विद्यालयों में स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षक एक ही विषय में पदस्थापित हैं, जबकि अनेक विद्यालय ऐसे भी हैं जहां आवश्यक विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव छात्रों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान हेतु 24 अप्रैल को शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में वर्तमान स्थानांतरण व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए इसे अधिक पारदर्शी, सरल और निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए गए।

विभाग का लक्ष्य है कि नई नीति के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में आवश्यकता के अनुसार शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

### मंत्रिमंडल विस्तार के बाद लागू होगी नई नीति

सूत्रों के अनुसार, राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार के उपरांत ही नई स्थानांतरण नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। इससे पूर्व शिक्षक संगठनों एवं अन्य संबंधित पक्षों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिन पर विचार-विमर्श के बाद ही नीति लागू की जाएगी। फिलहाल, स्थानांतरण प्रक्रिया पर लगी रोक के कारण राज्यभर के शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, विभाग का कहना है कि नई नीति लागू होने के बाद स्थानांतरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और न्यायसंगत हो जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा।

# सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल का भव्य विस्तार कल गांधी मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार को भव्य समारोह के साथ किया जाएगा। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में किया जा रहा है, जिसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की गई है।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। राज्यपाल सैयद अता हसनैन मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश स्तर पर तैयारियां तेज हैं। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। पार्टी नेतृत्व के अनुसार, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत के बाद शीर्ष नेतृत्व का यह पहला बिहार दौरा होगा, जिससे कार्यक्रम को विशेष राजनीतिक महत्व मिल गया है। समारोह में एनडीए के प्रमुख सहयोगी दलों के नेता भी शामिल होंगे, जिनमें लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेन्द्र कुशवाहा प्रमुख रूप से शामिल हैं। विधानसभा सदस्यों की संख्या के अनुसार बिहार में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल का प्रावधान है। वर्तमान में मुख्यमंत्री के अलावा जदयू कोटे से दो उपमुख्यमंत्री—विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव—शामिल हैं। विस्तार के बाद मंत्रिमंडल की संख्या 30 तक पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के 12, जदयू के 11, लोजपा (रा) के 2 तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के 1-1 सदस्य मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। संभावना है कि पूर्ववर्ती सरकार के अधिकांश मंत्री इस नई टीम में भी शामिल रहेंगे, हालांकि कुछ नए चेहरों को भी मौका मिल सकता है। भाजपा कोटे से विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडेय, दिलीप कुमार जायसवाल, राम कृपाल यादव, श्रेयसी सिंह, अरुण शंकर प्रसाद सहित कई नामों की चर्चा है।

## मंत्रिमंडल विस्तार से पहले पूर्व सीएम नीतीश कुमार जदयू कार्यालय पहुंचे



**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को अचानक पार्टी कार्यालय पहुंच गए। उनके इस दौरे को राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है, जिससे सियासी हलचल तेज हो गई है। कार्यालय पहुंचते ही नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने संगठन की जमीनी स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी की वर्तमान स्थिति को लेकर विस्तार से बातचीत की। उनके इस संवाद को आगामी राजनीतिक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

नीतीश कुमार सबसे पहले पार्टी कार्यालय के पुराने सभागार में पहुंचे, जहां पहले प्रेस वार्ताएं और महत्वपूर्ण बैठकें हुआ करती थीं। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ समय बिताया और पुराने दिनों को याद किया। इसके बाद वह अपने पुराने कक्ष में गए और बताया कि इस कक्ष का निर्माण उन्होंने ही करवाया था। इस दौरान अशोक चौधरी से हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय आप पार्टी में नहीं थे, जिससे माहौल सहज और हल्का हो गया।

रेलवे क्षमता बढ़ाने को केंद्र की बड़ी पहल

## तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी, 23,437 करोड़ होंगे खर्च

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तीन प्रमुख मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल लगभग 23,437 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य भारतीय रेलवे की वहन क्षमता को बढ़ाना, यातायात दबाव को कम करना और माल एवं यात्री परिवहन को अधिक सुगम बनाना है। सरकार के अनुसार, इन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं के पूरा होने से रेल मार्गों पर भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेनों के संचालन में गति आएगी। साथ ही माल ढुलाई की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं को वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सरकार का मानना है कि यह निवेश देश के परिवहन तंत्र को आधुनिक बनाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।

## बीपीएससी 72वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी, 1230 पदों पर भर्ती

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग ने 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के अनुसार कुल 1230 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू होगी और 31 मई 2026 तक आवेदन किया जा सकेगा। इस भर्ती के तहत कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और विभागीय पदों को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक 365 पद राजस्व पदाधिकारी के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 130 पद, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी (केवल महिलाओं के लिए) के 101 पद, अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल दंडाधिकारी के 100 पद तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के 65 पद शामिल हैं। अन्य पदों में पुलिस उपाधीक्षक, नगर कार्यपालक पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ईख पदाधिकारी और वित्तीय प्रशासनिक पदाधिकारी जैसे पद भी सम्मिलित हैं।

श्रेणीवार पदों के वितरण की बात करें तो कुल 1230 पदों में से 1077 पद सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 344 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। वहीं 153 पद विशेष श्रेणियों के लिए हैं, जिनमें 15 पद महिलाओं हेतु आरक्षित रखे गए हैं। आयोग के अनुसार, इस परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से जुलाई 2026 में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले विस्तृत अधिसूचना और दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है, ताकि आवेदन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। यह परीक्षा राज्य की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक मानी जाती है, जिसके माध्यम से प्रशासनिक, पुलिस, राजस्व और विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की जाती हैं, जो राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

युद्धस्तर पर मरम्मत और निःशुल्क नाव सेवा का निर्देश

## सीएम सम्राट चौधरी ने विक्रमशिला सेतु का किया हवाई सर्वेक्षण

**निज संवाददाता** | भागलपुर



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने क्षतिग्रस्त विक्रमशीला सेतु का मंगलवार को हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। तीन मई की देर रात सेतु के एक स्लैब के क्षतिग्रस्त होने के बाद राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। हवाई सर्वेक्षण के दौरान स्थल पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), पुल निर्माण निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अभियंता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, साथ ही सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आम लोगों की आवाजाही जल्द बहाल हो सके। सेतु पर आवागमन ठप होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में चल रही नाव सेवा का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। वर्तमान में भागलपुर के बरारी और बाबूपुर घाट से नवगछिया के महादेवपुर घाट तक नावों के माध्यम से लोगों को गंगा पार कराया जा रहा है।

## औद्योगिक विकास को बढ़ावा : 19 नई इकाइयों को जमीन आवंटित, 284 करोड़ निवेश से 1200 रोजगार के अवसर

**निज संवाददाता** | पटना




बिहार को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। बियाडा (बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की परियोजना स्वीकृति समिति ने राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में 19 नई औद्योगिक इकाइयों को 20.04 एकड़ भूमि तथा तैयार औद्योगिक शेड आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है। इन 19 औद्योगिक इकाइयों के माध्यम से लगभग 284 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है, जिससे करीब 1200 युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, जूता निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, वस्त्र उद्योग, प्लास्टिक, संपीडित जैव गैस तथा सामान्य विनिर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को बहुआयामी मजबूती प्रदान करेंगे।

नई औद्योगिक इकाइयां मुख्य रूप से पश्चिम चंपारण के कुमारबाग, बेगूसराय के औद्योगिक विकास केंद्र तथा हाजीपुर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में श्रीनाथ बायोफ्यूल्स, राशिरीशू समूह, लुबना शूज और शर्व एंटरप्राइजेज जैसी कंपनियां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और सहायक उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित और समग्र औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निवेशकों को पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के तहत भूमि उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेज गति से हो सके।

गन्ना किसानों को राहत

## 2026-27 के लिए 365 रुपये प्रति क्विंटल एफआरपी मंजूर

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए वर्ष 2026-27 के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 365 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। यह मूल्य 10.25 प्रतिशत रिकवरी दर के आधार पर तय किया गया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजितआर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में लिया गया। सरकार के इस फैसले से देशभर के गन्ना किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। एफआरपी वह न्यूनतम मूल्य होता है, जिस पर चीनी मिलों को किसानों से गन्ना खरीदना अनिवार्य होता है। इससे किसानों को उनकी उपज का सुनिश्चित और उचित मूल्य प्राप्त होता है तथा उन्हें बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़े हुए मूल्य से किसानों की आय में वृद्धि होगी और गन्ना उत्पादन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

बंगाल में ममता बनर्जी का नया सियासी दांव, देशभर में चर्चा तेज

# न जाऊंगी लोकभवन, न ही दूंगी इस्तीफा : ममता बनर्जी

**एजेंसी** | कोलकाता



पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया विवाद उभरकर सामने आया है। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव में हार के बाद साफ शब्दों में कहा है कि वह न तो लोकभवन (राजभवन) जाएंगी और न ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगी। उनके इस बयान ने राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सियासी हलचल तेज कर दी है। कोलकाता में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता बनर्जी ने दो टूक कहा, "मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मैं राजभवन नहीं जाऊंगी इसका सवाल ही नहीं उठता। आधिकारिक तौर पर हमें चुनाव आयोग के जरिए हराया जा सकता है, लेकिन नैतिक तौर पर हमने चुनाव जीता है।" उनके इस बयान के बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या वह संवैधानिक परंपराओं से अलग रास्ता अपनाने जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय राजनीति में यह स्थिति असामान्य है। आमतौर पर किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव हारने की स्थिति में इस्तीफा देना एक स्थापित संवैधानिक परंपरा रही है। लेकिन ममता बनर्जी के इस रुख ने इस परंपरा को चुनौती दी है। इस घटनाक्रम के बाद पश्चिम बंगाल से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है। विपक्षी दल इसे लोकतांत्रिक मान्यताओं के खिलाफ बता रहे हैं, वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेता इसे "नैतिक जीत" का मुद्दा बता रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अब आगे की स्थिति काफी हद तक संवैधानिक प्रक्रिया और इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की भूमिका पर निर्भर करेगी। आने वाले दिनों में यह मामला और अधिक राजनीतिक तथा कानूनी बहस का केंद्र बन सकता है।

बता दें कि देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोई मुख्यमंत्री विधानसभा चुनावों में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से ही इनकार कर रहा है।



सोन वर्षा वाणी, हिन्दी दैनिक
औरंगाबाद, बुधवार, 06 मई 2026

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं में जश्न

**नारदीगंज (नवादा)**। पश्चिम बंगाल में पहली बार और असम में तीसरी बार प्रचंड बहुमत, पांडिचेरी में भाजपा की सरकार बनने को लेकर नारदीगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। लोग एक दूसरे की बधाई देने में लगे हुए हैं। भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह, राजाराम सिंह,अच्युतानंद सिंह समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व वर्मा, पश्चिम बंगाल के प्रतिपक्ष नेता शुभेंदु अधिकारी को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा यह जीत देश की जनता का जीत के विश्वास और पीएम मोदी के नेतृत्व की जीत है।

### कोल्हुआर गांव में तीन दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ का शुभारंभ

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के मंझिला पंचायत अंतर्गत कोल्हुआर गांव में धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव के साथ तीन दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ का शुभारंभ मंगलवार की देर शाम किया गया। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत मंगलवार को संध्या 7 बजे दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात बुधवार की सुबह 7 बजे से अखंड रामधुन प्रारंभ होगा,जिसमें श्रद्धालु लगातार भगवान श्रीराम के नाम का संकीर्तन करेंगे। गुरुवार को प्रातः 9 बजे हवन एवं पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यज्ञ का उद्देश्य गांव में सुख-शांति, समृद्धि एवं धार्मिक वातावरण को सुदृढ़ करना है। समिति द्वारा श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत पर बांटी मिठाई, खूब उड़ाए अबीर गुलाल

**कौआकोल**। पश्चिम बंगाल में एनडीए की प्रचंड जीत एवं असम तथा पुडुचेरी में पूर्ण बहुमत से पुनः सत्ता में वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखी जा रही है। कौआकोल बाजार में मंगलवार की देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एवं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर प्रचंड जीत पर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व की जीत है। मौके पर भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा,छोटू मालाकार,संजय कुमार,राजेश कुमार,माधुरी वर्मा,सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

### गड़ही डैम में डूबकर हुई मौत के बाद बीडीओ ने दी सहायता राशि

**कौआकोल**। 25 अप्रैल को कौआकोल थाना क्षेत्र की सीमावर्ती गड़ही डैम में स्नान करने के दौरान डूबकर हुई दो युवकों की दर्दनाक मौत के बाद मंगलवार को पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता प्रदान की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में मृतक के आश्रितों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस-बीस हजार रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दरम्यान उन्होंने घटना पर काफी दुःख जताते हुए पीड़ित परिवार को सांत्वना भी दिया। बताया जाता है कि ईटपकवा गांव निवासी मोहम्मद अफजल (पिता–मोहम्मद मनौवर अंसारी) एवं मोहम्मद समीर आलम (पिता–मोहम्मद सरफराज आलम) की गड़ही डैम में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। बीडीओ ने मृतक मोहम्मद अफजल की माता इसरत बानो तथा मोहम्मद समीर आलम की माता रेहाना खातून को सहायता राशि प्रदान करते हुए संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार,देवनगढ़ सरपंच प्रतिनिधि इलियास रिजवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर में विश्व हाथ स्वच्छता दिवस मनाया



**कटिहार**। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्रधान शिक्षक उत्तम कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में हाथों की स्वछता के महत्व एवं जागरूकता बढ़ाने एवं संक्रमण को रोकने की प्रक्रिया को समझाया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्रधान शिक्षक उत्तम कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण को बढ़ावा देना, और मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर के प्रधान शिक्षक उत्तम कुमार ने महत्व के बारे में विस्तार से कहा कि हाथ की स्वच्छता संक्रमणों को रोकने के लिए सबसे सरल और प्रभावी तरीका है।यह बैक्टीरिया और वायरस के प्रसार को कम करता है।यह स्वास्थ्य सुविधाओं में होने वाले अनचाहे संक्रमणों को कम करने में मदद करता है।हाथ धोने का सही तरीकाःसाबुन और पानी का उपयोग करें।कम से कम 20 सेकंड तक हाथों को रगड़ें।उंगलियों के बीच,नाखूनों के नीचे और कलाई तक सफाई करें। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में मंजू कुमारी, सारिका ठाकुर,प्रियम कुमारी शिक्षा सेवक प्रवीण कुमार ऋषिदेव एवं गुरुचरण ऋषि इत्यादि मौजूद थे।

# एनएच-20 पर अज्ञात बोलेरो की टक्कर से पैक्स अध्यक्ष गंभीर, नवादा रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली अनुमंडल क्षेत्र के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़राही मोड़ के समीप मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से रजौली पूर्वी पैक्स अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रजौली के नावाडीह गांव निवासी अलखदेव सिंह के पुत्र अनिल प्रसाद सिंह अपनी बाइक बीआर27भी0780 से रजौली से नवादा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हुड़राही मोड़ के पास एक अज्ञात बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिल प्रसाद सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत डायल 112 और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए नवादा रेफर कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल का फोटो और आधार कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल किया, ताकि परिजनों को सूचना मिल सके। सूचना मिलने पर घायल पैक्स अध्यक्ष के भाई रंजीत कुमार परिजनों के साथ नवादा सदर अस्पताल के लिए रवाना हो गए। अकबरपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस फरार अज्ञात बोलेरो वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।



दुर्घटना के बाद लोगों की लगी भीड़

## रजौली में प्रारंभिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न, सुनील कुमार निराला अध्यक्ष बने



फूलों की माला पहने शिक्षक संघ के अध्यक्ष, सचिव व अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक जिला शिक्षा संघ शाखा नवादा के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड इकाई रजौली का सांगठनिक चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव कन्या मध्य विद्यालय रजौली में आयोजित किया गया। संघ के पत्रांक 06/2026 के आलोक में यह चुनाव नामित पर्यवेक्षक सुरेश पासवान एवं चुनाव पदाधिकारी गुलाबचन्द दास की देखरेख में कराया गया। चुनाव प्रक्रिया में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों शिक्षकों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से सुनील कुमार निराला को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सदानंद कुमार एवं सोमनाथ को उपाध्यक्ष तथा अमित कुमार सुरजीत को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा संगठन के विभिन्न पदों के लिए कुल 18 अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया।

चुनाव के दौरान शिक्षकों ने संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षा व्यवस्था में सुधार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। चुनाव संपन्न होने के बाद सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शिक्षकों ने बधाई दी और शुभकामनाएं दीं।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (09.05.2026) में मोटर दुर्घटना दावा वाद के अधिक से अधिक निष्पादन हेतु हुई बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में दिनांक 09.05.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज दिनांक 05.05.2026 को एम.ए.सी.टी. के सुलहनीय योग्य वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में विचार-विमर्श हेतु विद्वान अधिवक्तागण एवं वादी पक्ष के विद्वान अधिवक्तागण के साथ बैठक की गई।

बैठक के क्रम में विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों के विद्वान अधिवक्तागण ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने कंपनियों से वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार बातचीत कर रहे हैं तथा उनसे संपर्क बनाए हुए हैं, जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। इसी क्रम में एम.ए.सी.टी. के विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त नोटिसों के तामिला के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित वादी पक्ष के विद्वान अधिवक्तागण ने भी आश्वस्त किया कि वे पक्षकारों एवं कंपनियों के बीच सुलह की प्रक्रिया निरंतर जारी रखे हुए हैं, ताकि उभय पक्षों के बीच सुलह के आधार पर सुलहनीय योग्य एम.ए.सी.टी. वादों का अधिक से अधिक निष्पादन आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी कंपनियों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि एम.ए.सी.टी. वादों में सुलहनीय योग्य मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए।

बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियों के विद्वान अधिवक्तागण क्रमशः रामानुज शर्मा, श्री रोहित सिन्हा, विनोद कुमार, बरकतउल्ला खान, श्री राजेश कृष्ण, श्री निरंजन कुमार सिंह, श्री अमिताभ राजीव, रेखा कुमारी, उपेन्द्र कुमार तथा लोक अदालत, नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

## भाकपा माले की 12 वॉ राज्य सम्मेलन 16- 18 मई को सफल बनाने की तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज**। भाकपा माले की 12 वॉ राज्य सम्मेलन 16-18 मई 2026 दरभंगा मे आयोजित होने वाली है, नवादा से भी चयनित प्रतिनिधि भाग लेंगे. राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक पटेल चौक प्रभुनगर के सामुदायिक भवन मे प्रखंड प्रभारी कॉम प्रमोद यदव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई.

बैठक मे भाकपा माले जिला सचिव कॉम भोला राम प्रमुख रूप से उपस्थित थे, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा बिहार मे भाजपाई बुलडोज़र राज की प्रयोगशाला बनाने की व्यापक साजिश के खिलाफ जन प्रतिरोध खड़ा करने, एकजुट रहे, न्याय और अधिकार की लड़ाई तेज करो. की चर्चा प्रमुख विषय रहेगा, इसके साथ ही सामनंती सांप्रदायिक ताकतों द्वारा नफरत फैलाने की हर साजिश का हमारी पार्टी कड़ा विरोध करेगी. तमाम बड़बोले दावो के बावजूद बिहारी मे उद्योग धंधे चौपट है और रोजगार का कोई ठोस उपाय नहीं है 65/ आरक्षण के सवाल पर सरकार का विश्वासघात उजागर हो चूका है और यूजीसी गाइडलाइन पर भी बीजेपी जदु बेनक़ाब हो चुकी है,

उन्होंने कहा बीजेपी यदि सोचती है कि सत्ता हड़प कर वह यहां कुछ भी कर सकती है तो मुगालते मे मे है यह बिहारी है जिसने हमेशा तानाशाहो को चुनौती दी है, बिहारी हमेशा से सविधान, लोकतंत्र सामाजिक न्याय और नागरिकों अधिकारों को बचाने की लड़ाई की अग्रिम मोर्चे पर खड़ा रहा है. आज एक बार फिर हमें अपनी वही ऐतिहासिक भूमिका निभानी है. अंत मे सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आम बुद्धिजीबीयों -किसानों -मजदूरों, छात्रों- नौजवानो को उदारतापूर्ण तरिके से आर्थिक सहयोग की अपील की, बैठक मे बिंदु यादव, अर्जुन पासवान, रामचंद्र दास, सुरेश महतो, नरेश दास, रामबालक मांझी, केदार तांती, बृजनन्दन महतो प्रमुख रूप से शामिल थे.

### जिला पदाधिकारी द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) एवं वीवीपैट (VVPAT) की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव एवं निगरानी प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि वेयरहाउस में सभी निर्धारित मानकों एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो० हैदर हैदरी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बेहतर स्वस्थ्य सेवाओ के लिए चिकित्सा प्रभारी ने स्वस्थ्यकर्मियों के साथ की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में एएनएम, सीएचओ और आशा फेसिलिटेटर के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समन्वय स्थापित करना था। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंतोष कुमार ने फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज थेरेपी की जानकारी देते हुए बताया कि यह मध्यम और गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के लिए प्रभावी उपचार है, जिसे पीएमएसएमए और टीकाकरण दिवस पर उपलब्ध कराया जाएगा।



बैठक करते चिकित्सा प्रभारी, उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी

डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि यह सुविधा अब सीएचसी नरहट में उपलब्ध है और सभी स्वास्थ्यकर्मियों को एनीमिक गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर केंद्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सिंगल डोज थेरेपी हीमोग्लोबिन बढ़ाने में सहायक है और मातृ मृत्यु दर कम करने में मददगार है। बैठक में भावया एमएसपी द्वारा भावया लाइट के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने टीकाकरण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान का आश्वासन दिया। अंत में, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आपसी समन्वय और टीमवर्क पर जोर देते हुए बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

## रुस्तमपुर विद्यालय में छात्राओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुस्तमपुर में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण,लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि समय पर टीकाकरण इस बीमारी से सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है। साथ ही छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमार गौरव, शिक्षकगण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहे।

# चार साईबर अपराधियों को वारिसलीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




- गुप्त सूचना के आधार पर विकास ईट भट्टा के पास एवं दुसरा घटनास्थल ग्राम नारोमुरार दुर्गा मंदिर के निकट बगीचा के समीप छापामारी की गई

**वारिसलीगंज**। साईबर अपराधकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देष्वनुसार पु०नि०-सह-थानाध्यक्ष, वारिसलीगंज थाना, नवादा के द्वारा टीम का गठन किया गया, जिसमे वारिसलीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा शशस्त्र बल को शामिल किया गया। उक्त टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम चैनपुरा विकास ईट भट्टा के पास एवं दुसरा घटनास्थल ग्राम नारोमुरार दुर्गा मंदिर के निकट बगीचा के समीप कार्रवाई करते हुये छापामारी की गई। छापामारी में कुल 04 साईबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनके पास से कुल 07 की एंड्रोएड मोबाईल, वी पन्ना का कस्टमर डाटा एवं एक फिंगर प्रिन्ट मशीन की बरामद किया गया है। पकड़ाये अपराधियों से पूछताछ करने पर पता बता कि धनी फाईनेन्स/बजाज फाईनेन्स एवं अन्य कम्पनियों व विभिन्न प्रकार के लोन दिलाने के नाम पर ग्राहकों को प्राप्त कस्टमर बाद जिसमें ग्राहक कर मोबाईल नंबर, नाम पता अवधि के बारे जानकारी अंकित रहता है। उक्त कस्टमर बाद में अंकित मोबाईल नंबर पर ये लोग संपर्क कर लोन देने के नाम पर ठगी का काम करते है। उक्त के आलोक में वरिसलीगंज थाना कांड सं०--309/26, तिथिः-04.05.26, धाराः-303(2)/318 (2) /318(4)/336(2) /111/338/ 340(2)/61 (2)/3(5) बीएन एस एवं 66/66बी/ 66त्ती /66डी आईटी एक्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार व्यक्तियों में

पिन्दु कुमार उम्र 39 वर्ष पिता केदार यादव वारिसलीगंज

सुरज कुमार उम्र 27 वर्ष पे० रामचन्द्र पासवान सा० मोसमा बाना वारिसलीगंज नवादा।

अंकित कुमार उम्र 21 वर्ष १० स्व० दिलीप राम सा० तारा विगहा थाना कतरीसराय जिला नालंदा।

एवं सौरव कुमार उम्र 22 पे० प्रदीप राम सा० तारा विगहा वाना कतरीसराय नालंदा शामिल है।गिरफ्तार अपराधियों से एन्ड्रायड मोबाईल-

07 (सात), कस्टमर डाटा, 02 पन्ना का कस्टमर दारा।

फिंगर प्रिन्ट मशीन-एक पीस बरामद किया गया है।छापमारी दल में वारिसलीगंज थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। उक्त जानकारी पकरीवरावां पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया।

# बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## 03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण



**नवादा**। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 04 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया।

प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में शम्भू प्रसाद द्वारा व्यावसायिक विद्युत कनेक्शन को घरेलू कनेक्शन में परिवर्तित करने, अब्दुल हामिद मलिक द्वारा विद्युत पावर हाउस, रोह के द्वारा उनकी निजी जमीन अधिग्रहण से संबंधित मामले तथा विनय कुमार द्वारा उपार्जित अवकाश की स्वीकृति एवं माह अगस्त 2025 के बकाया वेतन भुगतान से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आज शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है। वहीं, जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है।

विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है तथा आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील भी दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी सरल हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं।

आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर गया में जश्न

**गयाजी।** देश के तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर रविवार को भाजपाइयों ने जोरदार जश्न मनाया। गयाजी शहर के टावर चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। जीत की खुशी में एक-दूसरे को झालमुड़ी और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस दौरान पूरा इलाका भाजपा के झंडों, नारों व उत्साह से गुलजार दिखा। सभी कार्यकर्ता सिर्फ और सिर्फ भाजपा की जीत पर चर्चा करते नजर आए। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। टावर चौक पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने इसे सिर्फ चुनावी जीत नहीं बल्कि भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के भरोसे की बड़ी जीत बताया। जीत की खुशी में कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की जगह अपने अंदाज में झालमुड़ी और मिठाई बांटते नजर आए। युवा भाजपा के उपाध्यक्ष मुकेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की शानदार सफलता ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि खासकर पश्चिम बंगाल के परिणाम ने भाजपा समर्थकों में नया उत्साह भरा है। उनके मुताबिक यह जीत उन कार्यकर्ताओं के संघर्ष का परिणाम है। कठिन परिस्थितियों में भी संगठन को मजबूत बल मिला है। भाजपा के मीडिया प्रभारी रंजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगातार जनता का विश्वास जीत रही है। उन्होंने दावा किया कि यह परिणाम बताता है कि देश की जनता भाजपा की नीति, विकास और राष्ट्रवाद के एजेंडे के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के समर्थन ने पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई है। जश्न के दौरान टावर चौक पर सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रही। राहगीर भी कुछ देर रुक कर इस राजनीतिक उत्साह को देखते रहे। कुल मिलाकर गयाजी में भाजपा की जीत का जश्न राजनीतिक संदेश के साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा गया। जहां कार्यकर्ताओं ने साफ संकेत दिया कि राष्ट्रीय जीत का उत्साह अब स्थानीय स्तर पर भी संगठन को और धार देगा।

### नालंदा में जंगली जानवर का आतंक, खेत में काम कर रही बुजुर्ग महिला पर हमला, मौके पर मौत



**नालन्दा।** नालंदा में खेत में काम करने के दौरान जंगली जानवर ने एक महिला पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान प्यारे रविदास की पत्नी संगीता देवी(62) के रूप में की गई है। घटना पावापुरी ओपी क्षेत्र के इसुआ गांव की है। पुत्र रंजीत कुमार ने बताया कि मेरी मां सुबह करीब 11:30 बजे घर से निकली थी। जाते समय परिजनों से कहा था कि वह मिर्च के खेत से होकर जल्द ही घर लौट आएंगी। उस समय मैं घर में नहीं दोपहर बाद बिहारशरीफ से लौटा। कुछ देर बाद भतीजा शोर मचाते हुए पहुंचा और कहा कि दादी खेत में लहूलुहान हालत में पड़ी हुई है। आनन-फानन मौके पर पहुंचा। शव की स्थिति देखकर स्पष्ट था कि किसी जंगली जानवर ने उन पर बेहद हिंसक हमला किया है। इस इलाके में मक्के की फसल ज्यादा होने के कारण जंगली सुअर अक्सर आते हैं। आशंका है कि जंगली सुअर ने ही उन पर हमला किया है। पेट और सीने पर गहरे जख्म के निशान थे। ओपी प्रभारी गौरव कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉडल अस्पताल लाया गया है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट के 'समाधान समारोह' से जुड़ेंगे नालंदा के वादकारी पेंडिंग केसों से मिलेगी मुक्ति

**नालन्दा।** न्याय प्रणाली में 'पार्टिसिपेटिव जस्टिस' और 'डोरस्टेप डिलीवरी ऑफ जस्टिस' के विजन को धरातल पर उतारने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने एक बड़ी पहल की है। 'सुप्रीम कोर्ट एक्शन फॉर मीडिएटेड एडज्यूडिकेशन एंड डिस्प्यूट्स हार्मोनाइजेशन अक्रॉस नेशन' यानी समाधान समारोह के तहत देश भर में लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने की कवायद शुरू हो गई है। इसी कड़ी में आगामी 21, 22 और 23 अगस्त, 2026 को सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष लोक अदालत का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य अदालतों के समक्ष लंबित मुकदमों का सहमति आधारित तंत्र के माध्यम से स्थायी और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इस विशेष आयोजन को लेकर नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। इस पहल के तहत सभी अधिवक्ताओं, वादकारियों और संबंधित हितधारकों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि विवादों का प्रभावी समाधान निकाला जा सके। इस लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शामिल होने वाली पार्टियां अपनी सुविधा के अनुसार भौतिक रूप से उपस्थित होकर या फिर वर्चुअल माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जुड़कर अपने झगड़ों का निपटारा कर सकती हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह से आपसी संवाद और सहमति पर आधारित होगी, जिससे वर्षों से खिंच रहे मुकदमों से राहत मिल सकेगी। जो भी पक्षकार इस विशेष लोक अदालत में अपने मामले का निपटारा चाहते हैं, वे अपनी रिक्वेस्ट ऑनलाइन माध्यम से सबमिट कर सकते हैं। इसके लिए एक विशेष गूगल फॉर्म लिंक (https://forms.gle/jqxefqF4BCWzukoP6) जारी किया गया है, जो सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान लोगों की सहायता के लिए विशेष 'वॉर रूम' और 'वन स्टॉप सेंटर' बनाए गए हैं, जहां फोन नंबर 011-23112428, 011-23112528 और लैंडलाइन नंबर 011-23116464 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर विशेष जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा के मोबाइल नंबर 7070092426 पर भी संपर्क किया जा सकता है। यह समारोह न्याय की पहुंच को सुलभ बनाने और विवादों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# साइकिल सवार की हत्या मामले में शूटर अरेस्ट

## गयाजी में मिट्टी में गाड़कर छिपाया था कट्टा, लाइनर सहित मुख्य आरोपी फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के परैया थाना क्षेत्र के हत्याकांड में टिकारी अनुमंडल पुलिस ने बदमाश को अरेस्ट किया है। 19 अप्रैल को उपरडीह टोला के पास मेन रोड पर गोली मारकर हत्या की गई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल देसी कट्टा और जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है। पकड़ा गया बदमाश शूटर है। उसे हत्या की सुपारी दी गई थी। हालांकि शूटर का सहयोगी, सुपारी देने वाले शख्स और घटना का लाइनर सभी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुटी है। इस बात की जानकारी टिकारी अनुमंडल पुलिस के एसडीपीओ एसके चंचल ने दी है।

**साइकिल सवार का हुआ था मर्डर:** परैया थाना क्षेत्र में बीती 19 अप्रैल को दिनदहाड़े साइकिल सवार अवधेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में परैया थाना कांड संख्या 115/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश



पर एसडीपीओ टिकारी सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। विशेष टीम ने जांच, लोकेशन ट्रैकिंग और लगातार छापेमारी के आधार पर आरोपी रोशन कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमास रोशन कुमार, दिलीप विश्वकर्मा का बेटा है और डेल्हा कल्याणपुर गांव का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने हत्या में अपनी भूमिका स्वीकार कर की है। उसने बताया है कि साइकिल सवार व्यक्ति को मारने के लिए वह बाइक से निकला था। बाइक पर वह पीछे बैठा था, जबकि बाइक दूसरा युवक चला रहा था।

**हत्या का कारण अभी साफ नहीं:** पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि घटना में इस्तेमाल हथियार उसने अपने घर में मिट्टी के अंदर छुपाकर रखा है। इसके बाद पुलिस टीम ने उसके घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान मिट्टी में गाड़कर रखे गए एक डब्बे से देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बरामदगी के बाद डेल्हा थाना में अलग से कांड संख्या 131/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में कार्रवाई हुई है। पुलिस का कहना है कि हत्या कांड में शामिल अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। इस पूरे ऑपरेशन में परैया थाना पुलिस, तकनीकी शाखा और अन्य पुलिस अधिकारियों की अहम भूमिका रही। लेकिन हत्या के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। बता दें कि साइकिल सवार अवधेश शर्मा भी अपराधी प्रवृति का था। वह अलग अलग दो लोगों की हत्या के मामले में जेल जा चुका था। वह परैया के छक्कन बीघा का रहने वाला था।

## करंट लगने से महिला की मौत दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। घर के बाहर दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान 440 वोल्ट का तार टूटकर गिर गया। जिसके चपेच में आने से जान चली गई। मृतका की पहचान ब्रह्मस्थान निवासी सुधीर कुमार की पत्नी रूबी देवी(35) के तौर पर हुई है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र की है। देवर रोशन कुमार ने बताया कि सोमवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। इस दौरान घर के ऊपर से गुजर रहा 440 वोल्ट का तार टूट कर गिर गया। भाभी पास में ही काम कर रही थी। करंट इतना जोरदार था कि संभलने का मौका तक नहीं मिला।

**लापरवाही का लगाया आरोप:** इस हादसे के बाद परिजनों का गुस्सा बिजली विभाग पर फूट पड़ा है। विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तार काफी समय से जर्जर स्थिति में था। जिसकी शिकायत के बावजूद उसे बदला नहीं गया। विभाग की इसी उदासीनता ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन ली। पीड़ित परिवार अब विभाग से उचित मुआवजे की मांग कर रहा है। ताकि बच्चों और परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।

**जांच में जुटी पुलिस:** हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को सुनाई 25 साल की सजा, 25 हजार का लगा जुर्माना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** बिहार शरीफ जिला कोर्ट के चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष पॉक्सो न्यायाधीश प्रकाश कुमार सिन्हा की अदालत ने फैसला सुनाया है। नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के एक मामले में दोषी को 25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने कठोर सजा के साथ-साथ दोषी पर 25 हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न करने की स्थिति में दोषी को 6 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। इसके अलावा, अदालत ने पीड़िता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। इस राशि में पहले दी गई अंतरिम सहायता राशि को समायोजित किया जाएगा।




पूरा मामला हरनौत थाना क्षेत्र से जुड़ा है, जिसकी प्राथमिकी 9 मई 2024 को पीड़िता के बयान के आधार पर दर्ज की गई थी। घटनाक्रम के अनुसार, बीती 6 अप्रैल को एक 11 साल की छात्रा जब स्कूल परिसर में मौजूद थी, तभी हरनौत निवासी आरोपी उसे बहला-फुसलाकर एक सुनसान स्थान पर ले गया और वहां उसके साथ कुकृत्य को अंजाम दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआई मौसम कुमारी ने सघन जांच की और आरोपी के विरुद्ध ठोस साक्ष्य जुटाते हुए अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष पॉक्सो लोक अभियोजक जगतनारायण सिन्हा, अधिवक्ता वीरमणि कुमार और मुश्तरी जवीं ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। सुनवाई के क्रम में अदालत के समक्ष कुल 6 गवाहों का परीक्षण किया गया।

**अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया:** अभियोजन पक्ष ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया और समाज में कड़ा संदेश देने के उद्देश्य से उसे इस कठोर दंड से दंडित किया। अदालत का यह फैसला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसे महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## करंट लगने से किसान की मौत, आंधी तूफान में गिरा था बिजली का तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के बाराचट्टी प्रखंड के धनगाई थाना क्षेत्र के दीवनिया गांव स्थित खिलहा टोला में आज हादसा हो गया। बकरी को बचाने की कोशिश में एक वृद्ध किसान की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना में उनकी बकरी की भी जान चली गई। सोमवार को आए तेज आंधी-तूफान के दौरान इलाके में बिजली का खंभा गिर गया था। खंभा गिरने से हाईटेंशन तार टूटकर जमीन पर आ गिरा। ग्रामीणों का आरोप है कि तार टूटकर खुले में पड़ा था, लेकिन उसे हटाने या बिजली आपूर्ति बंद करने की दिशा में समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही ने एक बुजुर्ग किसान की जान ले ली।

मंगलवार को दीवनिया गांव के खिलहा टोला निवासी 70 साल के बाढ़ो यादव अपनी बकरी को बधार में चरा रहे थे। इसी दौरान उनकी बकरी जमीन पर गिरे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई और तड़पने लगी। अपनी आंखों के सामने बकरी को छटपटाता देख बाढ़ो यादव उसे बचाने दौड़ पड़े। जैसे ही उन्होंने बकरी को छुड़ाने की कोशिश की, वह खुद भी करंट की चपेट



में आ गए। करंट से बाढ़ो यादव गंभीर रूप से झुलस गए। हालांकि आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़े और किसी तरह उन्हें वहां से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचट्टी ले गए। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्राथमिक मेडिकल जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बाढ़ो यादव, पिता स्वर्गीय लटन यादव, निवासी दीवनिया गांव, खिलहा टोला के रूप में हुई है। घगांव के लोग भी सदमे में हैं।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** सूचना मिलते ही धनगाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थानाध्यक्ष श्रवण कुमार राम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया भेजा गया है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि अगर गिरे तार को समय रहते हटाया जाता, तो एक बुजुर्ग की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

## नालंदा की पंचायतों में खर्च और ऑडिट रिपोर्ट की होगी समीक्षा, 8 मई को आएगी टीम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** बिहार पंचायत राज अधिनियम के तहत गठित सप्तम राज्य वित्त आयोग की टीम 8 और 9 मई को नालंदा जिले के दौरे पर रहेगी। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आने वाली टीम जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों की ओर से पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों की 'कुंडली' खंगालेगी। इस उच्चस्तरीय समीक्षा को लेकर प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी (डीपीआरओ) को बैठक से संबंधित सभी तैयारियां समय सीमा के अंदर पूरा करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। आयोग के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली, वित्तीय प्रबंधन और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आयोग के अध्यक्ष और सदस्य नालंदा जिला परिषद के साथ-साथ राजगीर की पंचायत समिति का दौरा करेंगे। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी की ओर




से चयनित राजगीर प्रखंड की एक ऐसी ग्राम पंचायत के कार्यों का भी अध्ययन किया जाएगा, जो मुख्यालय या उससे सटे क्षेत्रों से अलग हो। इस दौरान आयोग की टीम कार्यालयों में संधारित पंजियों की सूची, पिछले पांच वर्षों में विभिन्न शीर्षों के तहत प्राप्त हुई राशि और योजनावार किए गए व्यय के विवरण की सूक्ष्मता से जांच करेगी।

**निरीक्षण रिपोर्ट की समीक्षा:** वित्तीय विवरणों के अलावा, आयोग पंचायतों के स्वयं के आय स्रोतों, सेवा वितरण की स्थिति, स्वीकृत और कार्यरत बल की वर्तमान स्थिति का भी अवलोकन करेगा। साथ ही, पिछले पांच वर्षों में किए गए अंकेक्षण (ऑडिट), लेखा परीक्षण के दौरान उठाई गई आपत्तियों के अनुपालन और वरीय पदाधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों की रिपोर्ट की भी समीक्षा की जाएगी। जिलाधिकारी ने इस महत्वपूर्ण दौरे के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी साकेत कुमार और अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी तरुण कुमार को संपर्क पदाधिकारी के रूप में नामित किया है, जो आयोग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक भारत सोनी को पत्र लिखकर आगंतुक अध्यक्ष व सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही भविष्य में पंचायतों को मिलने वाले अनुदान और वित्तीय सहायता की रूपरेखा तय होगी। संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज और आंकड़े अद्यतन रखें ताकि समीक्षा के दौरान किसी प्रकार की विसंगति न रहे।

## पश्चिम बंगाल जीत पर विधानसभा अध्यक्ष से मिले भाजपा कार्यकर्ता



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में आज पश्चिम बंगाल से आए भाजपा कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से गया स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और चुनाव में उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल में सुरेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, पिंटू सिंह, अजय सिंह और रणजीत सिंह सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे। मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि पश्चिम बंगाल चुनाव में डॉ. प्रेम कुमार का व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसंपर्क अभियान काफी प्रभावी रहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व, अनुभव और जमीनी स्तर पर काम करने की शैली ने पार्टी के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि डॉ. प्रेम कुमार की सक्रिय भागीदारी से न केवल संगठन को मजबूती मिली, बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी ऊंचा हुआ। उनके मार्गदर्शन ने पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाने में मदद की। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने सफलता का श्रेय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की नीतियों, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास को दिया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस जीत के उत्साह को जनसेवा में बदलें। उन्होंने उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा विकास, सुशासन और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी इसी दिशा में निरंतर काम करती रहेगी। मुलाकात के दौरान संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और आगामी चुनावी रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि पार्टी आने वाले समय में भी इसी तरह जनता का समर्थन प्राप्त करती रहेगी।

## मलमास मेले में श्रद्धालुओं के लिए हाईटेक इंतजाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** राजगीर की पावन धरती पर आगामी 17 मई से ऐतिहासिक मलमास मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के सफल और सुरक्षित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को आरआईसीसी में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया।

17 मई से 15 जून तक चलने वाले इस एक माह के मेले में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म कुंड में आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। इस भारी भीड़ को देखते हुए डीएम ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मेले की निगरानी के लिए चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन का सहारा लिया जाएगा, जबकि पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल और महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने की योजना बनाई गई है।

**मेडिकल कैंप लगाने के निर्देश:** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस बार तकनीक का भी व्यापक इस्तेमाल किया जाएगा। जिसमें एआई काउंटर, मोबाइल एप और विशेष वेबसाइट की मदद ली जाएगी। आवासन के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और ब्रह्म कुंड समेत विभिन्न प्रमुख स्थलों पर वाटरप्रूफ टेंट सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, स्ट्रेचर और आवश्यक दवाओं के साथ मेडिकल कैंप लगाने के निर्देश दिए



गए हैं। खान-पान के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई और सस्ती रोटी काउंटर का प्रबंध होगा, वहीं खोए हुए व्यक्तियों की सहायता के लिए विशेष सूचना केंद्र क्रियाशील रहेंगे।

**श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था रहेगी:** डीएम ने विशेष रूप से ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक जलधारा के अविरल प्रवाह को बनाए रखने और वैतरणी घाट के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मती कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने का आदेश दिया। शाही स्नान के दौरान होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश और निकास द्वारों पर विशेष बैरिकेडिंग की जाएगी। यातायात को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों और पार्किंग स्थलों का चयन किया गया है, जबकि श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर ई-रिक्शा और बसों की व्यवस्था रहेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें निर्देश दिया गया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना हर विभाग की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बाइक से गिर दो लोग हुए घायल

**कोचस (रोहतास)**। कोचस नगर पंचायत के बक्सर रोड स्थित तेज गति से आई आंधी में छत से कराकट उड़ बाइक सवार के ऊपर गिर गया जिसमे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो मे इमरान खान उम्र 50 वर्ष तथा फरहान खान उम्र 60 वर्ष शामिल है।ये दोनो जिला कैमूर भभुआ के बताए जाते है।घटना के बारे में बताया जाता है की बाइक सवार युवक कोचस गांधी चौक के तरफ जा रहे थे तभी तेज गति से आई आंधी के कारण बगल के छत से कराकट उड़ बाइक स्वरों पर जा गीरा जिसके चलते बाइक अनियंत्रित हो सड़क पर गिर गई जिसमे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की पहल से उपचार के लिए दोनो को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर राजीव रंजन ने उपचार उपरांत स्थिति सामान्य होने के बाद दोनों को घर भेज दिया है।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बंगाल-आसाम जीत पर गोडारी में लगाए अबीर गुलाल, मोदी-शाह के नारे गूंजे

**काराकाट /रोहतास**। प्रखंड मुख्यालय गोडारी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल और आसाम में पार्टी की शानदार जीत का जश्न मनाया। उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली, एक-दूसरे को अमीर गुलाल लगाया और ठुमके लगाते हुए खुशियां मनाईं। नरेंद्र मोदी, अमित शाह तथा नितिन नवीन के 'जिंदाबाद' के नारे पूरे इलाके में गूंजते रहे। यह जश्न भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं पर केंद्रित था, जहां बंगाल और आसाम में पार्टी ने अप्रत्याशित प्रदर्शन किया। रैली प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर प्रमुख सड़कों पर निकली, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर रोहतास युवा मोर्चा अध्यक्ष रितेश राज ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश में मजबूत हो रही है। बंगाल-आसाम की जीत हमारी मेहनत का फल है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोडारी नगर विनोद कुमार पासवान, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण राजेश कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी अजीत सिंह, विनोद चौधरी, दिनेश कांत त्रिपाठी, सुनील तिवारी, मुन्ना सोनी, हरिनाथ शाह, बिमल शाह, अंबिका प्रसाद सिंह, अवधेश मिश्रा, गणेश राम, लाल बहादुर सिंह, श्रीकांत सिंह, रामचंद्र सिंह, पप्पू पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी के साथ मार्च किया और मिठाई बांटकर उत्सव मनाया।

### तिलक समारोह से लौट रहे युवक की ह/त्या, भाई गंभीर रूप से घायल — सासाराम में सनसनी

**शिवसागर /रोहतास**। थाना क्षेत्र के गिरधरिया गांव में आपसी विवाद ने एक बार फिर खूनी रूप ले लिया। तिलक समारोह से लौट रहे दो सगे भाइयों पर घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें 35 वर्षीय पप्पू सिंह की चाकू गोदकर ह/त्या कर दी गई, जबकि उनके भाई वकील सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। घायल वकील सिंह की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, पड़ोसियों के बीच नल के पानी और बिजली के तार को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि भुवनेश्वर तिवारी और नागेंद्र तिवारी के परिवार के बीच इस बात को लेकर पहले भी तनाव हो चुका है। दो साल पहले भी इस मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था, वहीं 18 अप्रैल को भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। बीती रात जब पप्पू सिंह और उनके भाई वकील सिंह तिलक समारोह से लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पप्पू सिंह को चाकू से गोद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वकील सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही शिवसागर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है ।

### जनगणना के लिए मकान सूचीकरण का काम हुआ तेजी से शुरू




**राजपुर**। भारत की जनगणना 2027 अन्तर्गत प्रथम चरण काम के तहत सभी गांव मुहल्ले में मकान सूचीकरण का काम तेज गति से शुरू हो गया है. जानकारी देते हुए बीडीओ सह चार्ज अधिकारी रविराज ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत कुल 139 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में जनगणना का कार्य किया जाना है.जिसमें तीन एचएलबी बेचिरागी है. शेष में जनगणना कार्य हेतु पर्यवेक्षक समेत 136 प्रगणकों को नियुक्त करके काम पर लगाया गया है. उन्होंने कहा कि मकान सूचीकरण का काम निर्धारित समयावधि के अन्दर पुरा कर लिया जायेगा.जिसके बाद प्रगणक आगे का काम करेंगे.

### मद्य निषेध टीम एवं नगर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न इलाकों में छापामारी किया

**कटिहार**। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मद्य निषेध टीम एवं नगर थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न इलाकों में छापामारी किया। छापामारी शहर के हरिगंज चौक के समीप कोरियापट्टी,आरगरा चौक,महमूद चौक के समीप चलाया गया। छापामारी के दौरान कोरिया पट्टी क्षेत्र से सुनील कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 21.165 लीटर विदेशी शराब एवं 50.000 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। शहर के आरगरा चौक क्षेत्र से मनीषा खातून,असलम अंसारी एवं मोहम्मद चांद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल 17.170 लीटर विदेशी शराब जब्त की किया गया। पुलिस ने सभी चारों अभियुक्तों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस अभियान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### सांसद ने संसदीय क्षेत्र के सामाजिक,शैक्षणिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से लिया भाग

**कटिहार**। सांसद तारिक अनवर आज अपने संसदीय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक,शैक्षणिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिये। कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि आज प्रातः 06:50 बजे 13248 कैपिटल एक्सप्रेस से कटिहार आगमन के पश्चात उन्होंने कदवा प्रखंड अंतर्गत कंटिया पंचायत (वार्ड संख्या-12) स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित आठ पहर हरि नाम संकीर्तन में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों के साथ सहभागिता की। इसके उपरांत बारसोई प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तलसर में आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोपहर में बारसोई प्रखंड अंतर्गत कदमनगाछी पंचायत के रहमानपुर में शोक संतप्त परिवार से भेंट कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। संध्या 06:00 बजे उन्होंने सुघानी पंचायत स्थित सुघानी उच्च विद्यालय के प्रांगण में आयोजित शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया, जहां उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। सांसद श्री अनवर गांवों के स्थानीय लोगों से रुबरु हो वहां की जन समस्याओं के बारे मे जाना। सांसद ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस दौरान उनके साथ सुनील कुमार यादव सांसद प्रतिनिधि, दिलीप विश्वास, नगीना यादव सहित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नहर के किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव पहचान में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब नटवार बाजार से करीब एक किलोमीटर दक्षिण खैरा-भूधर जाने वाले रास्ते पर, खीरोधरपुर गांव के सामने नहर किनारे पेड़ के नीचे एक लगभग 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है और आसपास के क्षेत्रों में भी पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब नटवार बाजार से करीब एक किलोमीटर दक्षिण खैरा-भूधर जाने वाले रास्ते पर, खीरोधरपुर गांव के सामने नहर किनारे पेड़ के नीचे एक लगभग 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी।

थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है और आसपास के क्षेत्रों में भी पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## नाबालिग के अपहरण मामले में पुलिस ने आरोपी को डेहरी से दबोचा

### किशोरी सकुशल बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)**। जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र से 09 अप्रैल को लापता हुई 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले के मुख्य आरोपी पवन कुमार को डेहरी से गिरफ्तार किया गया है। बताते चले कि अकोढ़ीगोला बाजार निवासी एक महिला ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 09 अप्रैल की शाम करीब 5:30 बजे बाजार से सब्जी लेने गई थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, पर पता नहीं चला।

महिला के अनुसार, बेटी के मोबाइल में मिले नए नंबर और रिकॉर्डिंग से पता चला कि नोखा थाना क्षेत्र के नोखा निवासी पवन कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता धन्जी पासवान और उसके पिता धन्जी पासवान, उम्र 40 वर्ष ने साजिश रचकर अपहरण कराया है। पूछने पर धन्जी पासवान ने बेटी को बेच देने और पुलिस में जाने पर जान से मारने की धमकी दी।

इस मामले में अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाईं ने आज बताया कि आवेदन के आधार पर अकोढ़ीगोला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार को डेहरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम ने किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है। इसके संबंध में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## प्रचंड जीत के खुशी में भाजपा कार्यरताओं ने मनाया जश्न



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**- पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान तीन राज्य में प्रचंड जीत होने पर उत्साहित प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को जश्न मनाया गया.

इस दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष रामजीत राय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले पार्टी संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पित करत श्रद्धाजंली प्रदान किया.एक दुसरे को अबीर गुलाल लगा मिठाई खिलाकर बधाई प्रदान की.

प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी पहले से और अधिक मजबूत हुई है.असम,पश्चिम बगांल एवं पांडुचेरी में जीत हासिल हुई है.इस लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की पुरजोर मेहनत करनी होगी. ताकि बिहार की जनता को सरकार की जनहित में चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ मिल सके.

राकेश कुमार सिंह, संजय पाठक, प्रमोद कुशवाहा, दीपक गुप्ता, शनि वर्मा, लक्ष्मण पाठक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# बिहार पुलिस के जवान का अचानक हृदय गति रुकने से पटना आवास में हुई मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नासरीगंज /रोहतास**। थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी प्रखण्ड के पवनी पंचायत के मुखिया विजय भगवान तिवारी उर्फ बादशाह तिवारी के सबसे छोटे पुत्र बिहार पुलिस के जवान का अचानक शिनवार देर शाम को हृदय गति रुकने से पटना आवास में हुई मौत। मृतक़ मुखिया पुत्र लगभग 27 वर्षीय आनन्द राज तिवारी हैं। वह बिहार पुलिस में सीएम सुरक्षा बल में पटना में तैनात थे। शनिवार शाम सोने के क्रम में हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। उक्त हृदय विदारक घटना के विषय में परिजनों ने बताया कि स्वयं मुखिया अपने पुत्र से मिलने पटना गये हुए थे। जहां उनके सिपाही पुत्र ने पिता को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में पटना स्थित आवास में शनिवार शाम को मृतक़ आराम करने लगे और मुखिया पिता बाजार कुछ कार्य हेतु गये। जब लौटे तो पुत्र को कमरे में सोया पाया और वह (मुखिया)भी आराम करने लगे। कुछ देर बाद पुत्र को उठाना चाहा तो कोई हरकत नहीं हुई तो इसकी सूचना आस पास के लोगों को दी और आनन फानन में इलाज के लिए पीएमसीएच ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने से उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को मिलने के बाद चीख पुकार मच गई। सभी का रोरो कर बुरा हाल है। मृतक़ छह भाइयों में सबसे छोटे थे। छह वर्ष पूर्व उनकी बिहार पुलिस में नियूक्ति हुई थी। वह अभी अविवाहित थे। शव को पोस्टमार्टम के बाद पैतृक गांव रविवार शाम को लाया गया। जहां पूरे गांव में मातम पसर गया, मृतक़ के मुखिया पिता मां, भाई, बहन, व सगे सम्बन्धी के शव को देखने के बाद एक दूसरे से लिपट कर रोने लगे।

गांव पर जिला पुलिस लाइन से आई 14 सदस्यी महिला पुरुष पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व व सूबेदार नन्द किशोर राम की अगुवाई में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। घटना को ले पूरे पिपरडीह गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर एसआई रमइया राम, पूर्व उप मुखिया राजू सिंह, माले नेता कैसर नेहाल, प्रवेज आलम, किसान श्री अनिल सिंह, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एनएच 319 पर बड़ा सड़क हादसा: तेज रफ्तार ट्रक ने पांच लोगों को रौंदा, सभी की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- ♦ घटना तड़के सुबह दिनारा थाना क्षेत्र के मठिया गांव के पास एनएच का है
- ♦ मरने वाले सभी तिलक चढ़ा कर अपने घर लौट रहे थे

**काराकाट (रोहतास)**: तड़के सुबह दिनारा थाना क्षेत्र के मठिया गांव के पास एनएच 319 पर करीब 3 बजे तिलक चढ़ा के लौट रहे 5 लोगों को तेज रफ़्तार ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में सभी लोगों की मौत हो गई।मृतकों में करगहर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के रामव्रत सिंह, मठिया गांव के अशोक सिंह (लड़की के पिता), पिंटू सिंह (लड़की के मामा) और रजनीश कुमार शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। मरने वालों में एक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मिश्रवलीया निवासी स्वर्गीय रामाश्रय महतो उर्फ विलायती महतो का 20 वर्षीय पुत्र रजनीश महतो उर्फ छोटू कुमार जो गोटपा 10 + 2 इंटर कॉलेज में पढ़ता था । प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक छोटू कुमार अपने मामा गांव दिनारा थाना के मठिया गांव में मामा के लड़की की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था । मामा की लड़की की शादी चेनारी थाना के लोधी ग्राम में तय हुआ था दिनारा के मठिया गांव से तिलक लेकर चेनारी थाना के लोधी गांव में गया था तिलक समारोह संपन्न होने के बाद पुनः अपने मामा गांव लोधी आ ही रहा था कि मठिया गांव के पास एक्सीडेंट हो गया। मृतक रजनीश कुमार के पिता स्वर्गीय रामाश्रय महतो कोई लड़का नहीं हो रहा था जिस कारण से तीन शादी किए थे तीसरी बीवी को दो लड़का हुआ बड़ा लड़का 23वर्षीय अंतू कुमार महतो झारखंड के टाटा में ठेका मजदूर में काम करता है परिवार का लालन पालन करने के लिए ।और दूसरा लड़का मृतक रजनीश कुमार गोटपा हाई स्कूल 10 + 2 इंटर का छात्र था जिसका एक्सीडेंट में मौत हो गया । दो ही लड़का था परिवार को चलाने के लिए पिताजी और एक मां पहले मर चुकी थी दो मां अभी जिंदा है मृतक का माता प्रभावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है पूरे इलाका शोक में बुडा हुआ है आर्थिक स्थिति से जूझता हुआ परिवार का एक चिराग चला गया जिस पर परिवार का बहुत बड़ा अरमान था कि बच्चा पढ़ लिख करके हम लोगों का खेवन हार बनेगा मगर विधि का विधान को कौन टाल सकता है और एक्सीडेंट में रजनीश कुमार घटना स्थल पर ही मृत हो गया । सभी मृत के आश्रितों को अंचलाधिकारी एवं एस डी ओ की हाथों चार चार लाख रुपए की चेक सुपुर्द किया गया।

## बंगाल सहित अन्य राज्यों में जीत पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांट मनाई खुशियां



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। स्थानीय महात्मा गांधी चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पाण्डुचेरी में जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिला खुशियां मनाई। सोमवार कों दोपहर बाद स्थानीय महात्मा गाँधी चौक पर हाथ में झंडा व तख्ती लिए जयश्रीराम, वन्देमातरम एवं भारत माता की जयकार लगाते हुए मंडल अध्यक्ष कोचस पश्चिमी संतोष तिवारी के नेतृत्व में एकत्रित हुए।मंडल अध्यक्ष पूर्वी राजेश सिंह व नगर मंडल अध्यक्ष गोविन्द गुप्ता ने झालमुरी की पोटली लाई। कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों को एक दूसरे को मिठाई के बदले झालमुरी खिला खुशी मनाई।कार्यकर्ताओ ने कहा कि सनातनी का विरोध कर कोई भारत के किसी राज्य में सरकार नहीं चला सकता।भारत में सनातन है तबतक सभी धर्म के लोग सुरक्षित हैं। नहीं तो पाकिस्तान एवं बंगलादेश जैसा माहौल बन जाएगा.

ऐसा हम सनातनी भरतीय जनता पार्टी के लोग होने भी देंगे। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूनम श्रीवास्तव, मुन्ना मिश्रा, देववंश मिश्र, चन्द्रमा ठाकुर, नरेंद्र जोशी, केशो साह, बैरिस्टर चौबे, गोपाल राय, सत्येंद्र साह, अभय पटेल, महेंद्र साह, उधारी गुप्ता, सुमन साह समेत अन्य मौजूद थे।

# आंधी तूफान बारिश से हुआ भारी नुकसान

## 24 घंटे से अधिक समय तक गांवों में विद्यत आपूर्ति बाधित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**राजपुर**- क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को लगभग दो बजे दिन में आये तेज आंधी तूफान एवं भारी बारिश सें काफी नुकसान हुआ है.स्थानिय बजार राजपुर में लगभग जितने गुमटीनुमा दुकाने थी.सभी के छपर उजड गये.करीब एक घंटे से अधिक समय तक चले तूफान से सभी गांव में किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है.जिन पशुपालकों ने मवेशियों का चारा अभी खलिहान में रख छोड़ा था. उन्हें बहुत नुकसान हुआ है. आंधी तूफान के समय से हीं क्षेत्र अन्तर्गत सभी गांव में 24 घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित है. स्थानिय बजार में किसी तरह आधी रात के बाद विद्युत सप्लाई बहाल हुआ है.बावजूद भी मंगलवार की शाम तक प्रखण्ड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाया.

मामले में प्रभारी अंचलालिकारी प्रणवेश राज ने बताया कि आंधी तूफान से क्षेत्र अन्तर्गत हुए नुकसान का जायजा लिया जा रहा.जिसके बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी. विद्युत विभाग के जेई सनि कुमार गुप्ता ने बताया कि मानव बल की मदद से गड़बड़यों को तेजी से ठीक करने का प्रयास जारी है. सभी जगहों पर सप्लाई दुरूस्त किया जा रहा है.

# 6 मई दिन बुधवार को भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा सह जलभरी का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** । प्रखंड के ग्राम पंचायत मोथा स्थित बावन बिगहा पोखरा समीप भगवान भास्कर मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है । इस बहुप्रतीक्षित धार्मिक आयोजन का शुभारंभ आज 6 मई दिन बुधवार को भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा के साथ किया जाएगा,जो पूरे नगर का भ्रमण करेगी । पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस महायज्ञ के पूर्व विद्वान आचार्यों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर महा - महोत्सव का श्रीगणेश किया जाएगा । यज्ञ समिति द्वारा आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं । मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है,वहीं शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं ।श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है ।महाराज जी के शिष्य प्रेमानंद जी महाराज उर्फ पप्पू उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे,जो पूरे नगर में भ्रमण कर धार्मिक वातावरण का संचार करेंगे । उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है । इस महायज्ञ एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मोथा सहित आसपास के गांवों में उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है ।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से दिनदहाड़े चेन छीनने का प्रयास

**बांका।** बांका के बौंसी थाना क्षेत्र में सुबह एक महिला से दिनदहाड़े सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सिरांय गांव निवासी अरुण कुमार राय की लगभग 50 वर्षीय पत्नी पूनम कुमारी सुबह मंदिर से पूजा-अर्चना कर घर लौट रही थीं।

**सुनसान जगह पर चेन छीनने की कोशिश:** इसी दौरान बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उनका पीछा करने लगे। जैसे ही महिला सुनसान स्थान पर पहुंची, बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। हालांकि छीना-झपटी के दौरान चेन टूटकर जमीन पर गिर गई, जिससे आभूषण सुरक्षित बच गया और बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घबराई पीड़िता ने बौंसी थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान होने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी और छिनतई की घटनाएं बढ़ी:** इधर, बौंसी बाजार और आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ रही चोरी और छिनतई की घटनाओं ने लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। फरवरी से मई के बीच क्षेत्र में चोरी और लूटपाट की सात बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें करीब 40 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी हुई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### दो ट्रकों की टक्कर, 2 की मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय-मुंगेर को जोड़ने वाले श्री कृष्णा सेतु पर सोमवार देर रात 2 ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ड्राइवर की मौत हो गई है। हादसा रात करीब 2 बजे हुआ। साहेबपुर कमाल की ओर से आने वाले ट्रक पर अनाज लदा था, वहीं मुंगर की तरफ से आने वाले ट्रक पर बालू लदा था। बालू को जमुई से सुपौल ले जाया जा रहा था। एक ड्राइवर की पहचान मुंगेर के गंगटा मोड़ के रहने वाले सोनू मंडल का बेटा सुकेश कुमार (26) के रूप में की गई है। दूसरे की पहचान छौड़ाही थाना क्षेत्र के बखड्डा निवासी सत्यम कुमार(22) के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि भागलपुर का विक्रमशिला सेतु ध्वस्त होने के कारण दोनों ट्रक मुंगेर पुल से गुजर रहे थे। बालू लेकर आ रहे सुकेश की लाश ट्रक में करीब 5 फीट तक अंदर धंस गई। दूसरे ट्रक के ड्राइवर भी लाश ट्रक के अंदर फंस गई थी। घटना की सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से दोनों की लाशों को निकाला गया है। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र की है।

**सुबह सूचना मिली की सुकेश की मौत हो गई:** मुंगेर निवासी मृतक सुकेश कुमार के चचेरे भाई मुकेश कुमार ने कहा कि सुकेश की अभी शादी भी नहीं हुई थी। कल उसने फोन पर कहा था कि जमुई से बालू लेकर सुपौल जा रहे हैं। आज सुबह सूचना मिली कि हादसे में उसकी मौत हो गई है। घटनास्थल की स्थिति देखकर लगता है कि सुकेश ने बचने के लिए अपना ट्रक साइड किया था, लेकिन सामने वाले ट्रक ने रॉन्ग साइड से टक्कर मार दी।

**गाड़ी लेकर लखीसराय जा रहा था:** सत्यम के बहनोई राजा कुमार ने बताया कि सत्यम 3 साल से ट्रक चला रहा था। सोमवार रात में गेहूं लोड कर लखीसराय के लिए निकला था। इसी दौरान पुल पर दो ट्रकों की टक्कर में उसकी मौत हो गई। हम लोगों को सुबह 8:00 बजे सूचना मिली, तब थाना पर पहुंचे।

**ओवरटेक करने में हुआ हादसा:** साहेबपुर कमाल थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने कहा कि मुंगेर पुल पर रात करीब 2 बजे ओवरटेक करने के चक्कर में दो ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों चालकों की मौत हुई है। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

# नाव से यात्रा के लिए रेट तय, 50 रुपए से अधिक नहीं लिया जाएगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में 4.7 किमी लंबे विक्रमशिला सेतु का 34 मीटर हिस्सा रविवार देर रात गंगा में गिर गया। जिसके चलते करीब 16 जिलों की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है। रोजाना करीब 1 लाख लोगों के आवागमन पर असर पड़ा है। ऐसे में लोगों पर अब 2 विकल्प है। नाव या मुंगेर के रास्ते से जा सकते हैं। हालांकि लंबी दूरी से बचने के लिए लोग नाव का ही सहारा ले रहे हैं। भास्कर से बातचीत में नवगछिया की छात्रा पूजा और केला कारोबारी मनोहर यादव बताया था कि मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है। नाव वाले पर ज्यादा किराया वसूल रहे हैं। हालांकि इसकी जानकारी के बाद जिला प्रशासन से नाव से यात्रा के लिए किराया लिस्ट जारी किया है।




**प्राइवेट नावों के लिए किराया फिक्स:** मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और SSP प्रमोद कुमार यादव ने संयुक्त तौर पर बरारी से महादेवपुर गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकारी नाव जेटी का संचालन प्रतिदिन सुबह 5:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक शुल्क किया जा रहा है। इसके साथ ही निजी नावों को भी परिचालन की अनुमति दी जाएगी, लेकिन इसके लिए उन्हें प्रशासन के पास रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। प्राइवेट नावों के लिए किराया भी तय किया गया है। ताकि यात्रियों से मनमानी वसूली न हो सके।

**जानिए कितना देना होगा किराया:** 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए किराया 25 रुपए तय किया गया है, जबकि 12 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों के लिए 50 रुपए लिया जाएगा। साइकिल के लिए 20 और बाइक के लिए 50 रुपए प्रति वाहन निर्धारित किया गया है। तय दर से अधिक वसूली करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**यात्रियों की सुविधा का रखा जा रहा ख्याल:** जिलाधिकारी ने कहा कि घाटों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नावों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जल्द ही हर 5 से 10 मिनट के अंतराल पर नाव उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा सभी प्रमुख घाटों पर लाइट, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**आम जनता से सहयोग की अपील:** वहीं, एसएसपी प्रमोद यादव ने बताया कि घाट पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। लगातार निगरानी रखी जा रही है। आम जनता से अपील है कि प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### मजदूर अधिकारों की रक्षा के लिए ऐक्टू ने किया प्रदर्शन

**भागलपुर।** ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) ने सोमवार को मजदूर अधिकारों की रक्षा के लिए जगदेव चौक के पास प्रदर्शन किया। कई प्रखंडों सैकड़ों महिला-पुरुष मजदूरों ने शामिल होकर सामाजिक सुरक्षा में व्याप्त धांधली और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। साथ ही सरकार से लेबर कोड्स को रद्द करने की मांग की। ऐक्टू जिला सचिव मुकेश मुक्त ने कहा, लेबर कोड्स कानून पर मोदी सरकार अविलंब रद्द करना चाहिए। ऐक्टू के संयुक्त जिला सचिव राजेश कुमार व मजदूर नेत्री बिंदो भारती ने भी संबोधित किया। मौके पर दिनेश कापरी, प्रेमलता देवी, गुलशमा, बीबी आगरा, चांदनी देवी, रुबी आदि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

निविदा सं. डीसीपीएम–जीएस–एसएनटी–एमएलडीटी–01–26–27 दिनांक 24.04.2026 के लिए 'ई'–निविदा सूचना के प्रकाशन हेतु शुद्धिपत्र सं. 2, कार्य–निम्नलिखित के संबंध में एस एंड टी कार्य ''पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए), पंजवारा (पीजेएलई), गोनुधाम (जीआईएफ) और कुरमाहाट (केयूएमटी) में नए क्रॉसिंग स्टेशनों के विकास के संबंध में, हंसडीहा–प्रयाहाट खंड में गंगवारा (जीजीडब्ल्यूए) स्टेशन, बाराहाट–मंदारहिल खंड में पंजवारा (पीजेएलई) स्टेशन, भागलपुर–टिकानी खंड में गोनुधाम (जीआईएफ) स्टेशन और हंसडीहा–नोनीहाट खंड में कुरमाहाट (केयूएमटी) स्टेशन पर नवीनतम संशोधनों के साथ आरडीएसओ/एसपीएन/192/2019 के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली के प्रावधान से जुड़े सिग्नल और दूरसंचार कार्य । ऊपर वर्णित प्रकाशित ई–निविदा सूचना सं. एसजी. निविदा/डीवाईसीपीएम/एसएनटी/एमएलडीटी/01 दिनांक 24.04.2026 में, निम्नलिखित शुद्धिपत्र प्रकाशित किए गए हैं:–बोली पूर्व सम्मेलन की बैठक 05.05.2026 को सीएसटीई /निर्माण कार्यालय, 10वीं मंजिल, एनकेजी बिल्डिंग, कोलकाता में निर्धारित की गई थी। लेकिन, किसी भी बोलीदाता ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया (शून्य भागीदारी)।

SDAH-26/2026-27

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 08 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–05–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्या. 26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : एडीईएन/मुख्या./डीडीयू के अन्तर्गत स्टेशन भवन, डब्लू सी सी और एस बी आई सर्कुलेटिंग एरिया के पास गहरे ट्यूबवेल को बदलना, साथ ही पंप हाउस और आवेर हेड टैंक से पानी की सप्लाई के लिए पाईपलाईन का कनेक्शन देना। कार्य का अनुमानित लागत : ₹16704429.63, धरोहर राशि : ₹334100.00

2. निविदा सं.–03–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्या. 26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल अभियंता/मुख्या./डीडीयू के अधीन डीडीयू में BSIS की शिकायत के अनुसार और यूरोपीय कॉलोनी में कब्जा बदलने के आधार पर अधिकारियों और कर्मचारियों के क्वार्टरों की सामान्य मरम्मत और पेंटिंग आदि का कार्य। कार्य का अनुमानित लागत : ₹18315225.24, धरोहर राशि : ₹366300.00

3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 21.05.2026, Up-to 12:00 hrs. 4. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0175/डीडीयू/अभि./टी/26–27/44

### पीएनजी सेवा शुरू, 636 को मिला लाभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका।** बांका शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अब शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन सेवा का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। मंगलवार को इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्घाटन जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला एवं नगर परिषद के सभापति बालमुकुंद सिंहा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर कई अधिकारी एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत बांका शहर के कुल 3200 घरों तक पीएनजी गैस कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 636 घरों में सफलतापूर्वक कनेक्शन दिया जा चुका है, जिसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई



कि आने वाले समय में यह संख्या तेजी से बढ़ेगी। वहीं, शहरवासियों की इस सुविधा के प्रति बढ़ती रुचि भी देखने को मिल रही है। अब तक कुल 950 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जो इस योजना की लोकप्रियता को दर्शाता है। पीएनजी कनेक्शन मिलने से लोगों को सुरक्षित, सस्ता और सुविधाजनक गैस उपयोग का लाभ मिलेगा। साथ ही, सिलेंडर की झंझट से भी मुक्ति मिलेगी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के विस्तार के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके और शहर को स्वच्छ एवं आधुनिक ऊर्जा सुविधा से जोड़ा जा सके।

### 19 मई से मुख्यालय के नहीं लगाने होंगे चक्कर

**बेगूसराय।** बेगूसराय जिला प्रशासन अब जनता की समस्याओं के समाधान के लिए खुद उनके घर तक पहुंचेगा। डीडीसी आकाश चौधरी ने आज प्रेसवार्ता की। इसमें उन्होंने बताया कि जिले की पंचायतों में सहयोग शिविर के आयोजन की घोषणा की गई है। सात निश्चय-3 के सबका सम्मान, जीवन आसान लक्ष्य को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की जा रही है। 19 मई से जिले की विभिन्न पंचायतों में हर मंगलवार को इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों को आसान तरीके से हासिल करना और उनका समय से प्रभावी निपटारा करना है। ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेकिन अब अधिकारी खुद पंचायतों में बैठकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे। शिविर की तारीख तक उन सभी पुराने मामलों का भी निपटारा करने की कोशिश की जाएगी जो ADM कोर्ट, SDM कोर्ट या DCLR कोर्ट में लंबित हैं।

### आनन्दराम में कक्षा सज्जा व वेश-बस्ता प्रतियोगिता

**भागलपुर।** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार के तत्वावधान में संचालित आनन्दराम ढांढनियां सरस्वती विद्या मंदिर में सभी कक्षाओं के लिए कक्षा सज्जा एवं वेश-बस्ता प्रतियोगिता आयोजित हुई।

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. 22, 26, 33–एमएलडीटी–26–27 (सिविल एवं ब्रिज कार्य), दिनांक** 30.04.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.:22–एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत डीईएमयू मेंटेनेंस शेड, साहिबगंज में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित सिविल कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,87,94,430.55, **क्रम सं. 2, निविदा सं.:26–एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/ब्रिज लाइन/मालदा, पूर्व रेलवे के अधीन मालदा मंडल के मालदा टाउन – न्यू फरक्का खंड के बीच किमी 258/2– 260/5 पर महत्वपूर्ण ब्रिज संख्या 46डी (109 X 18.3 मीटर) के बेयरिंग के प्रतिस्थापन के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,69,54,991/–**क्रम सं. 3, निविदा सं.:33–एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता–III/पूर्व रेलवे/ मालदा के अधीन सहायक अभियंता/ लाइन/ जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर के क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम के विस्तार और जमालपुर के मौजूदा क्रू बुकिंग लॉबी और रनिंग रूम के नवीनीकरण/संवर्धन के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,27,00,764.13, **निविदा की अंतिम तिथि :** दिनांक 21.05.2026 को 15.30 बजे। (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट: www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ एमएलडीटी ।**

MLD-33/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/23, दिनांक: 04.05.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता–700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं:**(1) 15265020;** स्पेसिफिकेशन के अनुसार इंडस्ट्रियल अकाउस्टिक इमेजर की आपूर्ति। (स्पेसिफिकेशन संलग्न); रु.1,19,600; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 22.05.2026, 13.30 बजे **(2) 15255098बी;** 5000 एलपीएच क्षमता के ट्रांसफॉर्मर ऑयल फिल्ट्रेशन प्लांट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं आरंभ ; रु.1,09,740; **निविदा खुलने की तिथि और समय :**28.05.2026, 13.30 बजे **(3) 15255158ए;** 15 टी ईओटी क्रेन आदि की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ; रु.1,13,120; **निविदा खुलने की तिथि और समय :**29.05.2026, 13.30 बजे **(4) 1226_डीएक्सआईएनजी-डीएस–6494;** 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग एवं टी–6494 के लिए चालू ठेका; रु.20,00,000; **(5) 1226_डी–स्विच_6068;** डिरेलिंग स्विच 60 केजी 1 इन 8.5 (टी–6068) के क्रय के लिए चालू ठेका; रु.13,21,190; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 26.05.2026, 13.30 बजे क्रम सं. 4 एवं 5 हेतु **(6) 1226-एफएस _स्विच–4733;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–4733 के तहत पीएससी स्लीपरों पर 52 केजी रेल के लिए 10125 मिमी के एफ/एस स्विच 52 केजी (या) 1 इन 12 टर्नआउट बीजी (1673 मिमी) के लिए स्विच कर्व्ड के क्रय हेतु चालू ठेका; रु.15,03,260; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 19.05.2026, 13.30 बजे **(7) 12261049;** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8747 के अनुसार चौड़े पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) 10 मिमी मोटाई का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.05.2026, 13.30 बजे **(8) 12261015;** आरडीएसओ स्टैंडर्ड ड्रॉइंग नं. टी–6441, ऑल्ट–04 के अनुसार पीएससी स्लीपरों पर 1 इन 8.5 बीजी 60 केजी वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति ; रु. 20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.06.2026, 13.30 बजे **(9) 1226-डीआर_स्विच-5836;** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी–5836 ऑल्ट.3) के समरूप पीएससी स्लीपर पर 1 इन 8.5 फैन शेप्ड लेआउट के लिए बीजी, 52 केजी रेल्स के लिए उपयुक्त 6400 मिमी ओवरराइडिंग डिरेलिंग स्विच (आरएच) का गठन एवं आपूर्ति; रु.3,37,860; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.05.2026, 13.30 बजे **(10) 12261034;**आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी–3740, ऑल्ट.7 के तहत 60 केजी (यूआईसी) रेल्स के लिए कंक्रीट स्लीपरों पर इलास्टिक रेल क्लिप फ्लैट टो के साथ इस्तेमाल करने के लिए मेटल लाइनरों का निर्माण एवं आपूर्ति; रु.20,00,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 12.06.2026, 13.30 बजे **(11) 1226मेटललाइनर–8616 एवं 8617;**आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी–8616 एवं 8617 (ऑल्ट.1) के तहत कॉम्बिनेशन मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूर्ति; रु. 1,28,160; **निविदा खुलने की तिथि और समय :**29.05.2026, 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 11 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं व अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण हेतु, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट देखें।

STORES-07/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**Mines and Geology Department**
**District- Aurangabad.**

Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये विभिन्न चरणों में कराये गये ई–नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त तथा PR-025511(Mines)2025-26 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में एकल निविदा प्राप्त एवं प्रत्यार्पित बालूघाटों के लिये बालूघाटवार अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

**ई–नीलामी कार्यक्रम:–**

| क्र0 स0 | बालूखण्ड/बालूघाट | नदी का नाम | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (10,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aurangabad Son 04 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 2 | Aurangabad Son 6A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 3 | Aurangabad Son 11A (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 4 | Aurangabad Son 09 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 5 | Aurangabad Son 21 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 6 | Aurangabad Son 31 (Surrender Sand Ghat) | | | | | | |
| 7 | Aurangabad Son 20-B | | | | | | |
| 8 | Aurangabad Son 20-C | | | | | | |
| 9 | Aurangabad Son 22-B | | | | | | |
| 10 | Aurangabad Son 24-A | | | | | | |
| 11 | Aurangabad Son 24-B | | | | | | |
| 12 | Aurangabad Son 24-C | | | | | | |
| 13 | Aurangabad Son 25-C | | | | | | |
| 14 | Aurangabad Son 27-B | | | | | | |
| 15 | Aurangabad Son 27-C | | | | | | |
| 16 | Aurangabad Son 28-A | सोन | 07.05.2026 | 22.05.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 29.05.2026 | 30.05.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 30.05.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 17 | Aurangabad Son 29-A | | | | | | |
| 18 | Aurangabad Son 29-B | | | | | | |
| 19 | Aurangabad Son 29-C | | | | | | |
| 20 | Aurangabad Son 30 | | | | | | |
| 21 | Aurangabad MOEF SON 1-B | | | | | | |
| 22 | Aurangabad MOEF SON 1-D | | | | | | |
| 23 | Aurangabad MOEF SON 1-E | | | | | | |
| 24 | Aurangabad MOEF SON 2-A | | | | | | |
| 25 | Aurangabad MOEF SON 2-B | | | | | | |
| 26 | Aurangabad MOEF SON 3-A | | | | | | |
| 27 | Aurangabad MOEF SON 3-B | | | | | | |
| 28 | Aurangabad MOEF SON 3-C | | | | | | |
| 29 | Aurangabad MOEF SON 3-D | | | | | | |
| 30 | Aurangabad MOEF SON 4-A | | | | | | |
| 31 | Aurangabad MOEF SON 4-B | | | | | | |
| 32 | Aurangabad MOEF SON 5-A | | | | | | |
| 33 | Aurangabad MOEF SON 5-B | | | | | | |
| 34 | Aurangabad MOEF SON 5-C | | | | | | |
| 35 | Aurangabad MOEF SON 5-D | | | | | | |
| 36 | Aurangabad MOEF SON 5-E | | | | | | |
| 37 | Aur Pun-01 to 05 | | | | | | |
| 38 | Aur Pun-06 to 08 | | | | | | |
| 39 | Aur Pun-24 to 28 | | | | | | |
| 40 | Aur Pun-29 to 33 | पुनपुन, नदी | 07.05.2026 | 22.05.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 29.05.2026 | 30.05.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 30.05.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 41 | Aur Pun-34 to 38 | | | | | | |
| 42 | Aur Pun-39 to 41 | | | | | | |
| 43 | AUR BA 01 to 03 | | | | | | |
| 44 | AUR BA 04 to 05 | | | | | | |
| 45 | AUR BA 06 | | | | | | |
| 46 | AUR BA 07 | | | | | | |
| 47 | AUR BA 08 | | | | | | |
| 48 | AUR BA 09 | बटाने, नदी | 07.05.2026 | 22.05.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 29.05.2026 | 30.05.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 30.05.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 49 | AUR BA 10 | | | | | | |
| 50 | AUR BA 11 to 12 | | | | | | |
| 51 | AUR BA 13 to 14 | | | | | | |
| 52 | AUR BA 15 to 17 | | | | | | |
| 53 | Madar 01 to 21 | | | | | | |
| 54 | Madar 22 to 32 | मदार, नदी | 07.05.2026 | 22.05.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 29.05.2026 | 30.05.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 30.05.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 55 | AUR AD 01 to 10 | अदरी, नदी | 07.05.2026 | 22.05.2026 के अपराह्न 11:55 बजे | 29.05.2026 | 30.05.2026 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 30.05.2026 01:00 बजे अपराह्न तक |

बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट **https://aurangabad.bih.nic.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

**PR. No. 002313 (Mines. ) 2026-27**

**विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/753, दिनांक: 04.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं: **क्रम सं. 1, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3433–आर, कार्य का नाम :** "एईएन/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट (4 अदद) और नलहाटी (1 अदद) में पाइपलाइन के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक का प्रतिस्थापन एवं अन्य सहायक कार्य" से संबंधित विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 41,85,433/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 83,700/–, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3280–आर1, कार्य का नाम :** टिकियापाड़ा कोचिंग यार्ड और सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में आवश्यक केबलिंग कार्य के साथ एलईडी फ्लड लाइट/स्ट्रीट लाइट द्वारा मेटल हेलाइड/सोडियम वेपर लाइट फिटिंग्स का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु. 25,94,820/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 51,900/–, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3569–आर, कार्य का नाम :** "एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 8/1 के स्थान में नए एलएचएस का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/–, **क्रम सं.4, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3545–आर, कार्य का नाम :** "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के तहत सेवड़ाफुली, बीएचआर और तारकेश्वर स्टेशनों पर महिला ड्रेस चेंजिंग रूम के साथ सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, बीएचआर, हुगली, सिंगुर, बाहिरखंड, तालपुर हाल्ट, तकीपुर हॉल्ट, तारकेश्वर, हरिपाल, बिष्णुपुर,जीएनजेपी, मैनापुर मायापुर, आरामबाग और गोघाट स्टेशनों पर गैंग हट का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 29,61,786/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 59,200/–, **क्रम सं.5, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3314–आर4, कार्य का नाम :** 1) "हावड़ा मंडल में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचबीडी) (09 जगहों पर) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2)"बेलानगर स्टेशन लिमिट में एलसी गेट नं. 5/बी/टी/एसपीएल के पास किमी 10/18–20 पर अप एचबीसी लाइन में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) की स्थापना" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 13,11,470/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 26,200/–, **क्रम सं.6, निविदा संख्या : ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3467, कार्य का नाम :** "एडीईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एलएचएस नं. 36, 40, 38 आदि में दोनों सिरों पर दोनों अप्रोचों की रूफ कवरिंग व्यवस्था, वाटर स्टोरेज रिजर्वायर के साथ संप, ड्रेनेज व्यवस्था द्वारा मौजूदा एलएचएस के उन्नयन के साथ सुधार" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 26,32,028/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 52,700/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 से 6 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 22.05.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1, 2, 4, 5 प्रत्येक हेतु) एवं दिनांक 26.05.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 3 एवं 6 प्रत्येक हेतु)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-47/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### टीएनबी में कुर्सी हटाने को लेकर हंगामा, बाद में फिर लगी

**भागलपुर।** टीएनबी कॉलेज एक बार फिर आंतरिक विवाद को लेकर चर्चा में है। इस बार मामला प्राचार्य कक्ष के बाहर बैठने की व्यवस्था को लेकर प्राचार्य व कर्मचारियों के बीच टकराव बन गया। सोमवार को कॉलेज में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, प्राचार्य कक्ष के बाहर कर्मचारियों के बैठने के लिए पहले कुर्सी की व्यवस्था थी, लेकिन सोमवार को कॉलेज प्रशासन के निर्देश पर वहां से कुर्सी हटा दी गई। जब चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सुशील मंडल वहां बैठने के लिए पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि अब कुर्सी की व्यवस्था नहीं रहेगी। इस बात से नाराज होकर कर्मचारी विरोध पर उतर आए। इस दौरान हंगामा शुरू हो गया। जानकारी मिलते ही अन्य कर्मचारी भी पहुंचे और एकजुट होकर विरोध जताया। बढ़ते विवाद को देखते हुए कॉलेज प्रशासन को अंततः कर्मचारियों के लिए पुनः कुर्सी की व्यवस्था करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि कुछ शिक्षकों ने चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के कुर्सी पर बैठने पर आपत्ति जताई थी।

**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(खनन शाखा)

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक–20.05.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–21.05.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्द्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 02 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
3. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.002314 (Mines) 2026-27

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एआईएसएचई कोड दिलाने डिग्री कॉलेजों में प्रक्रिया शुरू

**आरा।** बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के नए स्थापित डिग्री महाविद्यालयों को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हाइयर एजुकेशन (एआईएसएचई) को कोड प्रदान कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस संबंध में जारी पत्र के आलोक में अब वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) अंतर्गत आने वाले नवस्थापित कॉलेजों में भी आवश्यक जानकारी जुटाने का काम शुरू होगा। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा जारी निर्देश में बताया गया है कि राज्य सरकार की सात निश्चय-3 योजना (2025-30) के तहत बड़ी संख्या में नए डिग्री महाविद्यालय खोले गए हैं। इन महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालयों की अंगीभूत इकाई के रूप में मान्यता प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में इन नए कॉलेजों के लिए एआईएसएचई कोड प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है, ताकि उच्च शिक्षा से जुड़े राष्ट्रीय डाटा में इन संस्थानों की जानकारी दर्ज हो सके। पत्र में विश्वविद्यालय प्रशासन से कहा गया है कि वे अपने अधीनस्थ महाविद्यालयों में नामित प्राचार्य/प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी जैसी आवश्यक सूचनाएं शीघ्र उपलब्ध कराएं। इससे एआईएसएचई कोड आवंटन की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। वीकेएसयू के अधिकारियों के अनुसार, विश्वविद्यालय स्तर पर भी इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संबंधित कॉलेजों से सूचनाएं प्राप्त होते ही उन्हें उच्च शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा, ताकि सभी नए महाविद्यालयों को जल्द से जल्द एआईएसएचई कोड मिल सके। इस पहल से राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और संगठित बनाने में मदद मिलेगी।

### डीएम ने की समीक्षा बैठक, नजरी नक्शा व हाउस लिस्टिंग में तेजी लाने के निर्देश

**आरा।** जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में जूम के माध्यम से समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी चार्ज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नजरी नक्शा निर्माण व हाउस लिस्टिंग का कार्य अगले दो दिनों के भीतर हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में जनगणना कार्य की प्रगति की सतत निगरानी करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिलाधिकारी ने जनजागरूकता व प्रचार-प्रसार के लिए जीविका दीदियों, सेविका, सहायिका, विकास मित्र सहित अन्य संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि जनगणना के सटीक आंकड़ों से सरकार को योजनाओं के बेहतर निर्माण, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण, आधारभूत संरचनाओं के विकास औ शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार जैसे क्षेत्रों में प्रभावी नीति निर्धारण में मदद मिलती है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी चार्ज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आंगनवाड़ी केंद्र भवन विहीन, निर्माण प्रस्तावित

**आरा।** जिले में बाल विकास परियोजना के तहत संचालित कई आंगनवाड़ी केंद्र आज भी भवन के अभाव में संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों पर सेविका और सहायिका बिना किसी स्थायी छत के 1 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल करने को विवश हैं। बावजूद इसके अब तक इस गंभीर समस्या पर ठोस पहल नहीं हो सकी है। जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति पर नजर डालें तो करीब 2193 केंद्र भवनहीन हैं। सिर्फ आरा ग्रामीण क्षेत्र में 207 आंगनबाड़ी केंद्र भवनहीन हैं। इनमें 177 सेविका और 370 सहायिका कार्यरत हैं। आरा सदर प्रखंड के पिरौंटा पंचायत के पिपरा जैपाल गांव में वार्ड संख्या-12 के निवासी संतोष सिंह, अंकित कुमार सिंह, मनमोहन सिंह और राम नेह सिंह ने बताया कि उनके इलाके में पिछले 20 वर्षों से आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। लेकिन आज तक उसका अपना भवन नहीं बन पाया है। प्रशासन जल्द से जल्द आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण कराए।

### पता अपडेट करने के नाम पर ठगे 75 हजार

**बक्सर।** शहर में साइबर अपराध का एक और मामला सामने आया है, जहां पता बदलने के बहाने ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 75 हजार रुपये निकाल लिए। इस संबंध में पीड़ित ने टाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और लोगों से अपील की है कि वे अनजान कॉल या संदिग्ध लिंक व लेन-देन से सतर्क रहें। सिविल लाइंस जज घाट निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 4 दिन पहले उनके मोबाइल पर अनजान कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को नोएडा से बताते हुए कहा कि उनका एड्रेस अपडेट करना है। इस प्रक्रिया के लिए उसने मोबाइल नंबर दिया और उस पर खाते से मात्र 5 रुपये ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद मोबाइल हैंग हो गया और 75 हजार रुपये निकासी का मैसेज आया।

### भाजपा की जीत भय पर भरोसे की जीतः डॉ. राजेश

**बक्सर।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत को भय पर भरोसे की जीत बताते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. राजेश सिन्हा ने राज्य की जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है और यह परिणाम राज्य की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत है। आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति कमजोर हुई थी और तुष्टिकरण की राजनीति हावी थी। जनता ने इन परिस्थितियों से मुक्ति पाने के लिए भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जताया है। जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी नेतृत्व को दिया।

### लोक अदालत को लेकर जागरुकता अभियान

**बक्सर।** सोमवार को जिले में आगामी 09 मई को आयोजित होने वाले लोक अदालत को लेकर रेलवे स्टेशन मैदान में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को लोक अदालत के माध्यम से मिलने वाली मुफ्त कानूनी सहायता और त्वरित न्याय प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होती है। साथ ही, यह भी जानकारी दी गई कि यहां दिए गए फैसले अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील नहीं की जाती। इस जागरूकता कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सहित पीएलवी (पारा लीगल वॉलंटियर्स) शत्रुधन सिन्हा, ब्रजेश कुमार, मनन सिंह, अजिता कुमारी, त्रिभुवन मिश्रा, शालिनी कुमारी एवं अंजू राउत ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### तलाक केस- सुनवाई में नहीं पहुंचे पवन सिंह और ज्योति

**आरा।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के तलाक से जुड़े मामले में आज यानी मंगलवार को आरा कोर्ट में सुनवाई होनी थी। दोनों आज की सुनवाई में नहीं पहुंचे। पवन सिंह के वकील ने बताया कि वे फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। ज्योति सिंह के एडवोकेट ने बीमार होने का हवाला देते हुए कोर्ट से अगली तारीख मांगी है। अब 26 मई को अगली सुनवाई होगी। कोर्ट की ओर से रिकॉन्सिलिएशन यानी सुलह की प्रक्रिया के तहत एक बार फिर दोनों को अपने मतभेद भुलाकर साथ रहने का अवसर देने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले 25 मार्च को हुई सुनवाई में सुनवाई के लिए पवन सिंह कोर्ट पहुंचे थे, जबकि ज्योति सिंह नहीं पहुंचीं थी। सुनवाई के दौरान पवन सिंह ने जस्टिस आशुतोष कुमार से कहा था, 'मैं ज्योति सिंह के साथ नहीं रहना चाहते। हमें तलाक चाहिए।'

**10 करोड़ रुपए और मकान देने को कहा थाः** इससे पहले 11 फरवरी को हुई सुनवाई में ज्योति सिंह कोर्ट पहुंची थीं। उनकी मांग में सिंदूर भी था। उस दिन पवन सिंह बीमारी का हवाला देकर कोर्ट नहीं पहुंचे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अस्पताल के बेड से उनकी पेशी हुई थी।

# 9 मई 2026 को साल की दूसरी लोक अदालत आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बक्सर।** बक्सर में 9 मई 2026 को साल की दूसरी लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें पहली बार ट्रैफिक चालान से जुड़े लंबित मामलों को शामिल किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झाम्ब ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

**लंबित मामलों का बोझ कम होगाः** न्यायाधीश झाम्ब ने बताया कि जिले में सैकड़ों ट्रैफिक चालान के मामले लंबे समय से लंबित हैं, जिससे वाहन मालिकों को परेशानी होती है। लोक अदालत इन मामलों के लिए एक त्वरित समाधान का मंच प्रदान करेगी। इस लोक अदालत की खास बात यह है कि तीन महीने से अधिक पुराने चालानों के निपटारे पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इससे लोगों को आर्थिक राहत मिलेगी और लंबित मामलों का बोझ भी कम होगा। जिला जज काजल झाम्ब ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य आपसी सहमति से मामलों का त्वरित निपटारा कर लोगों को समय पर न्याय दिलाना है। ट्रैफिक चालानों को इसमें शामिल करने का निर्णय नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**अधिकारियों को अदालत में उपस्थित रहने के निर्देशः** प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। लोग अपने चालान की राशि नकद या यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकेंगे। संबंधित विभागों के अधिकारियों को लोक अदालत के दिन उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मौके पर ही मामलों का निपटारा सुनिश्चित हो सके। पिछली लोक अदालत में लगभग 500 कोर्ट केस मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया था। इस बार ट्रैफिक चालानों को शामिल करने से मामलों की संख्या बढ़ने की संभावना है। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि जिनके भी ट्रैफिक चालान या अन्य मामले लंबित हैं, वे 9 मई को लोक अदालत में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

## बीएसएफ हवलदार के बेटे की मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बीएसएफ हवलदार बेटे ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। रविवार रात पार्टी गया था। वहां कुछ लोगों से कहासुनी हुई थी। मृतक साहिल कुमार सिंह(22) सिन्हा इलाके के छीने गांव का रहने वाला था। वर्तमान में परिवार के साथ मीरगंज में रह रहा था। घटना टाउन थाना क्षेत्र की है। परिजन शैलेश कुमार ने बताया कि पानी से आने से बाद अपने कमरे में चला गया था। किसी से ज्यादा कुछ बताना नहीं। सोमवार देर शाम उसने जहर खा लिया। जानकारी मिलते ही अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है।

**दोस्त से कहासुनी हुई थीः** वहीं, मां का कहना है कि पार्टी में दोस्त से कहासुनी हुई थी। उसका दोस्त कहीं जा रहा था, मेरे बेटे ने उसे जाने से मना किया था। इसी बीच दोनों के बीच कुछ हुआ था। इससे ज्यादा कुछ पता नहीं है। दो भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता विमलेश कुमार सिंह पश्चिम बंगाल में पोस्टेड हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम के बाद बक्सर जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में जीत का जश्न मनाया। इस दौरान बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्रा भी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। विधायक आनंद मिश्रा ने जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बंगाल का चुनाव इस बार बेहद चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों से लोग टीएमसी की कथित गुंडागर्दी से परेशान थे, लेकिन इस बार जनता ने बदलाव का मन बना लिया था। मिश्रा ने कहा कि बंगाल की जनता ने सही समय पर सही फैसला लिया है, जिससे राज्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

**विपक्ष ने भाजपा के दावों को किया खारिजः** इस बीच, विपक्ष ने भाजपा के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता स्नेहाशीष वर्धन ने भाजपा के जश्न पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता झूठी खुशी मना रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों और ईडी-सीबीआई को बधाई देनी चाहिए, क्योंकि चुनाव में सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ है। बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, "भाजपा भले ही कल-छल-बल से कुछ राज्यों में चुनाव जीत जाए, लेकिन देश का चुनाव वह निश्चित तौर पर हारेगी।" उनके इस बयान से राजनीतिक बहस और तेज हो गई है।

**आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारीः** बक्सर में बंगाल चुनाव परिणाम को लेकर दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा इसे जनता के बदलाव का जनादेश बता रही है, जबकि विपक्ष इसे सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग का परिणाम करार दे रहा है।

# अभिमन्यु हत्याकांड में लव एंगल से जांच


अभिमन्यु सिंह, मृतक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने अभिमन्यु हत्याकांड में जांच तेज कर दी है। लव एंगल से भी मामले की छानबीन की जा रही है। अभी तक किसी प्रकार की स्पष्ट दुश्मनी सामने नहीं आने के बाद पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हर पहलू को खंगाल रही है। मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के विश्लेषण में यह बात सामने आई है कि अभिमन्यु का सबसे अधिक संपर्क अपने ही एक महिला रिश्तेदार से था, जिसके बाद पुलिस इस दिशा में भी गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक के पिता वीरेंद्र उर्फ रामायण महतो के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों का सहारा लिया जा रहा है। संदिग्ध मोबाइल नंबरों को चिन्हित कर उनकी गहन जांच की जा रही है। मृतक का मोबाइल फ्लाइट मोड में मिला है। जिससे जांच और भी जटिल हो गई है।

**करीब से मारी गई थी गोलीः** गुरुवार देर रात अकोढ़ा गांव के बधार स्थित बोरिंग के पास अज्ञात बदमाशों ने अभिमन्यु कुमार(25) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार की सुबह मड़ई से शव बरामद किया गया था। मृतक के ललाट के बीच गोली मारी गई थी, जो हत्या की साजिश की ओर इशारा करती है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए।

**बाइक ननिहाल में छोड़ दिया थाः** परिजनों के अनुसार, घटना के दिन अभिमन्यु बाइक से अपने ननिहाल काउप गांव गया था। वहां अपनी बाइक छोड़ दी थी। किसी तरह वापस अपने गांव पहुंच गए थे। हालांकि, घर जाने के बजाय वह बोरिंग के पास स्थित झोपड़ी में सोने चले गए, जहां उसकी हत्या कर दी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य यह भी सामने आया है कि मृतक का मोबाइल ननिहाल में स्विच ऑफ पाया गया था। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि वह बिना मोबाइल के गांव कैसे पहुंचे और आखिर किन परिस्थितियों में उनकी हत्या हुई। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा कर रही है।

# बारिश से शहर जलमग्न, दिन में रात सा नजारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** सोमवार दोपहर अचानक बदले मौसम ने शहर में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। करीब 3:45 बजे आसमान में काले बादल छा गए और दिन में ही रात जैसा अंधेरा हो गया। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की लाइट जलाकर सड़कों पर चलना पड़ा। बादलों की गरज और बिजली चमकने से लोग सहम गए और कई जगह लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

**एक घंटे की तेज बारिश ने खोली व्यवस्था की पोलः** करीब 4:15 बजे तेज झमाझम बारिश शुरू हुई, जो लगभग एक घंटे तक जारी रही। इस दौरान हुई तेज बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। गोपाली चौक, जेल रोड, बंधन टोला, महावीर टोला, कलेक्टरेट रोड, क्लब रोड और जज कोठी मोड़ समेत कई प्रमुख सड़कों पर जलजमाव हो गया। कई जगहों पर पानी घुटनों तक भर गया, जिससे लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। स्थानीय लोंगो का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही समस्या सामने आती है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए नगर निगम द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# व्यवहार न्यायालय से 'न्याय रथ' रवाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में व्यवहार न्यायालय परिसर से आमजन को कानूनी अधिकारों और राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'न्याय रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार काजल झाम्ब ने किया। उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल तथा जिला अधिवक्ता संघ के सचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडे भी उपस्थित थे। यह न्याय रथ बक्सर जिले के सभी प्रखंडों और शहर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत और अन्य कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करेगा। रथ में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा निर्देशित ऑडियो और जिंगल बजाए जाएंगे, जिनके माध्यम से आमजन को सरल भाषा में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी दी जाएगी।

**9 मई को आयोजित होगी दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालतः** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव नेहा दयाल ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने लंबित मामलों के त्वरित और सुलहपूर्ण निपटारे के लिए लोक अदालत का लाभ उठाएं। उन्होंने यह भी बताया कि न्याय रथ के माध्यम से बाल विवाह निषेध अधिनियम, समाधान समारोह, राष्ट्रीय लोक अदालत, मानव तस्करी, तेजाब हमले से जुड़े कानून तथा मध्यस्थता के लाभ जैसे विषयों पर व्यापक जानकारी दी जाएगी।

**चीफ मैनेजर ने किया सहयोगः** इस अवसर पर न्यायाधीश मनोज कुमार, सुनील कुमार सिंह, मानस कुमार, अमित कुमार शर्मा, कमल कुमार, भोला सिंह, महेश्वर पांडे सहित कई न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे। केनरा बैंक के चीफ मैनेजर रविश वर्मा ने भी इस पहल में सहयोग किया। इस पहल से उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जागरूक होंगे और 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत में अपने मामलों का शीघ्र और सुलह के आधार पर निपटारा कर सकेंगे।

# जो मनुष्य भजन नहीं करता, उसका जीवन पशु के समान है : प्रेमाचार्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** भक्ति ही जीवन का सार है, बाकी सब बेकार है। जीव का जन्म प्रभु भक्ति के लिए हुआ है और जो मनुष्य भगवान का भजन नहीं करता, उसका जीवन पशु के समान हो जाता है। उक्त बातें श्री प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने कही। शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित सुविधा मेडिकल एजेंसी परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्तिमय वातावरण के बीच पूज्य प्रेमाचार्य पीतांबर जी महाराज ने भक्ति का महत्व बताया। कथा के दौरान व्यासपीठ से महाराज जी ने कहा कि यदि मनुष्य अपने जीवन का कल्याण चाहता है और जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाना चाहता है तो उसके लिए प्रभु भजन ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस संसार में प्रभु से बढ़कर कोई सुख और संपदा नहीं है। यही कारण है कि जो भी श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करता है, उसका जीवन सदैव कल्याण की ओर अग्रसर होता है। कथाक्रम में प्रेमाचार्य जी महाराज ने अमर कथा और श्री शुकदेव जी के जन्म का विस्तृत वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि आप सभी भक्तों पर ठाकुर जी की असीम कृपा है, तभी आप इस कथा का रसपान कर पा रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि भगवान जिस पर जितनी कृपा करते हैं, उसे उतना ही प्राप्त होता है। यदि आप कथा से कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते हैं, तो कथा में प्यासे बनकर आएं। सीखने और पाने की भावना के साथ कथा में शामिल होंगे तो हरिकथा आपको बहुत कुछ देगी। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन सांसारिक भोग-विलास में नहीं, बल्कि हरि भक्ति में लगाना चाहिए। यह अमूल्य मानव जीवन विषय-वस्तुओं के उपभोग के लिए नहीं, बल्कि ईश्वर प्राप्ति के लिए मिला है। महाराज जी ने वर्तमान समाज की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़कर सांसारिक भोगों में लिप्त होता जा रहा है। उसका पूरा ध्यान केवल भौतिक सुख-सुविधाओं पर केंद्रित है, जबकि वास्तविक सुख प्रभु भक्ति में ही निहित है। उन्होंने कहा कि यदि हम दृढ़ निश्चय कर लें कि हमें जीवन में श्रीहरि को पाना है, तो इससे बड़ा कोई लक्ष्य और कोई संपत्ति नहीं हो सकती। कथा के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जब भी श्रद्धालु भक्ति भाव से भागवत कथा सुनते हैं, तब ऐसा अनुभव होता है मानो स्वयं श्री बांके बिहारी जी राधा रानी के साथ वहां उपस्थित होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हों।

## फॉर्मर रजिस्ट्री में बेहतर करनेवाले सम्मानित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बिहार कृषि ऐप पर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में बक्सर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जनवरी एवं फरवरी 2026 के दौरान किए गए कार्यों के आधार पर प्राप्त हुई है। इस सफलता के पीछे जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के अधिकारियों और कर्मियों की सामूहिक मेहनत रही। सभी ने कैम्प मोड में कार्य करते हुए किसानों का अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित किया, जिससे जिले को यह सम्मानजनक स्थान मिला। सम्मानित होने वालों में एडीएम अरुण कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, राजपुर के बीडीओ सिद्धार्थ कुमार, सिमरी के प्रखंड कृषि पदाधिकारी रविन्द्र सचान, डुमरांव के विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी आशुतोष राज, अमीन दिवाकर कुमार, इटाढ़ी के कृषि समन्वयक विनय शंकर ओझा एवं राजपुर के किसान सलाहकार संजय कुमार ओझा शामिल हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# नावों में ओवरलोडिंग होने पर होगी सख्ती, नियम तोड़ने पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में नदियों के जरिए होने वाले आवागमन को सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन अब पूरी तरह सख्त मूड में है। डीएम, पटना ने आज बैठक बुलाकर कहा कि नाव संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खासकर ओवरलोडिंग, बिना रजिस्ट्रेशन नाव चलाना या सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों पर सीधी कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने इलाकों में लगातार निगरानी रखें। जहां भी नियमों का उल्लंघन हो, वहां तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने दो टूक कहा कि "जन-सुरक्षा से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।"

## अंचल स्तर पर कैंप लगाकर नावों का होगा रजिस्ट्रेशन



**घाटों पर बढ़ी निगरानी:** पटना के दीघा पाटीपुल घाट, जेपी सेतु पूर्वी, कलेक्ट्रेट घाट, कंगन घाट, गायघाट, कच्ची दरगाह, नासरीगंज, हल्दी छपरा, उमानाथ घाट और सीढ़ी घाट जैसे कई प्रमुख घाटों पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग नाव से सफर करते हैं। प्रशासन को निरीक्षण के दौरान यह देखने को मिला कि कई नावों पर क्षमता से ज्यादा लोग, यहां तक कि मवेशी और छोटे-बड़े वाहन भी लादे जा रहे हैं। इससे हादसों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

**रात में नाव चलाने पर पूरी रोक:** सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया है कि सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले किसी भी हालत में नाव संचालन की अनुमति नहीं होगी। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तय है। जिलाधिकारी ने यह भी साफ किया कि मौसम खराब रहने पर नाव चलाने पर पूरी तरह रोक रहेगी, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

**चिन्हित घाटों से ही संचालन:** अब नावों का संचालन सिर्फ तय और सुरक्षित घाटों से ही होगा। जो घाट खतरनाक माने गए हैं, वहां से नाव चलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन सिर्फ कार्रवाई ही नहीं, बल्कि जागरूकता पर भी जोर दे रहा है। पटना स्मार्ट सिटी और अन्य विभागों के जरिए घाटों पर लगे पीए सिस्टम से लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही अंचल अधिकारी नाविकों के साथ बैठक कर उन्हें सभी निर्देश समझाएंगे।

**नियमित जांच और रिपोर्टिंग:** अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि वे समय-समय पर निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट अपने वरीय अधिकारियों को दें। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन शाखा को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। नावों के रजिस्ट्रेशन और संचालन को लेकर "बंगाल फेरी एक्ट, 1885" और "बिहार आदर्श नौका नियमावली-2011" के तहत सख्ती से नियम लागू किए जाएंगे। इसके लिए अंचल स्तर पर कैंप लगाकर नावों का रजिस्ट्रेशन भी कराया जाएगा।

## आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, छात्राओं ने संभाली नई जिम्मेदारियां




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** दानापुर स्थित आरपीएस गर्ल्स पब्लिक स्कूल में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय सभापति एवं बिहार विधानसभा सदस्य डॉ. कुमार पुष्पांजय उपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचित छात्राओं—कैप्टन, वाइस कैप्टन, हेड गर्ल, वाइस हेड गर्ल तथा हाउस कैप्टन को सैश और बैज पहनाकर सम्मानित किया।

इस दौरान सभी चयनित छात्राओं ने शपथ ली कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ करेंगी। मुख्य अतिथि डॉ. पुष्पांजय ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र जीवन में जिम्मेदारियों का निर्वहन नेतृत्व क्षमता के विकास का आधार होता है। यही नेतृत्व कौशल आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु ठाकुर ने भी छात्राओं को उनके कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान बाल वाटिका से लेकर कक्षा 11वीं तक के कक्षा टॉपर्स तथा कक्षा 10वीं के स्कूल टॉपर को प्रमाण-पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती मधु ठाकुर ने सभी छात्राओं को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल में ओबीसी एसोसिएशन की बैठ, महासचिव सुबोध पोद्दार ने 35 सूत्रीय मांग पत्र किया प्रस्तुत

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में सोमवार को ऑल इंडिया ओबीसी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन और महाप्रबंधक के बीच एक अनौपचारिक बैठक हुई। इस बैठक में रेल कर्मियों के अधिकारों, संगठनात्मक गरिमा और कार्यप्रणाली में सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार और महासचिव सुबोध पोद्दार ने किया। एसोसिएशन ने मास्टर सर्कुलर 65 के उल्लंघन और महासचिव सुबोध पोद्दार के स्थानांतरण पर चिंता व्यक्त की। इसे नियमों के विरुद्ध बताते हुए पूर्व मध्य रेल (ECR) में पूर्ण पारदर्शिता लागू करने की मांग की गई। महासचिव सुबोध पोद्दार ने प्रशासन के समक्ष 35 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। इसमें रेल आवासों की स्थिति में तत्काल सुधार, सीएलआई रिक्तियों की समीक्षा और चयन प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग शामिल थी। इसके अतिरिक्त, रनिंग रूम में टीटीई की सुविधा, रनिंग स्टाफ का लीव ट्रेनिंग रिजर्व 17% से बढ़ाकर 30% करना और रनिंग विभाग का बीओएस बढ़ाना भी प्रमुख मांगों में से थे। अन्य मांगों में गैंगहट्स की स्थिति और ट्रैकमैन के उपकरणों की गुणवत्ता में सुधार, जीडीसीई और विभागीय परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल था। कर्मचारियों के लिए बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना और 10,000 रुपये एम्बुलेंस भत्ता देने की भी मांग की गई। कैंसर पीड़ित रेल कर्मियों के परिजनों के लिए रेस्ट हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। एसोसिएशन ने हाजीपुर में खेल विकास के लिए स्टेडियम बनाने और दानापुर स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का सुझाव भी दिया। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने इन सभी सुझावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास के पथ पर पूर्व मध्य रेल को देश का नंबर-1 जोन बनाना मुख्य लक्ष्य है। महाप्रबंधक ने सभी 35 बिंदुओं पर त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा भी दिया। प्रशासन की ओर से बैठक में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, अपर महाप्रबंधक अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक इंद्राणी सहित सभी पीएचओडी (प्रधान विभागाध्यक्ष) मौजूद रहे।



### ऑनलाइन ठगी के 85,000 रुपए पीड़ित को मिले वापस, वैशाली साइबर थाना ने की कार्रवाई

**हाजीपुर।** वैशाली साइबर थाना ने ऑनलाइन ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को 85,000 रुपए वापस दिलाए हैं। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के हथसारगंज गांव में हुई थी। हथसारगंज निवासी राकेश तिवारी के बेटे निखिल कुमार को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया गया था। ठगों ने उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए थे। घटना की सूचना मिलते ही वैशाली साइबर थाना ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने संबंधित बैंक और तकनीकी माध्यमों से समन्वय स्थापित किया, जिसके परिणामस्वरूप ठगी गई राशि को तुरंत होल्ड कर लिया गया। लगातार प्रयासों के बाद, होल्ड की गई कुल राशि में से 85,000 रुपए सफलतापूर्वक आवेदक निखिल कुमार के खाते में वापस जमा करा दिए गए। इस संबंध में साइबर थाना में कांड संख्या 29/24 दर्ज किया गया था। वैशाली पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना/साइबर सेल में सूचना दें। समय रहते सूचना देने से ठगी गई राशि को सुरक्षित किया जा सकता है।




### मुजफ्फरपुर में मारपीट में घायल किशोर की मौत, अस्पताल के बाहर लोगों का हंगामा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मारपीट में घायल किशोर की मौत हो गई। एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। मौत की खबर मिलते ही लोगों का गुस्सा भड़क गया। अस्पताल कैंपस में जमकर हंगामा किया। मृतक की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी प्रदीप राम के पुत्र विक्रम कुमार(14) के तौर पर हुई है। मां आशा देवी ने आरोप लगाया है कि बीते सप्ताह मंगलवार की रात किसी ने फोन कर विक्रम को बुलाया था। इसके बाद हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित भी किया। गंभीर हालत पहले SKMCH में भर्ती कराया था। बाद में प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर गए, फिर भी उसकी जान नहीं बची। एसडीपीओ सिटी-2 विनीता सिन्हा ने बताया कि परिजनों के लिखित आवेदन पर संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में अब तक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आरोपियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई होती, तो शायद ऐसी नौबत न आती। फिलहाल, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रभावित इलाकों और अस्पताल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।



### मुजफ्फरपुर में ट्रांसपोर्टर से 20 लाख की ठगी, खुद को जज बताकर खाते में ट्रांसफर कराए रुपए

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां साइबर अपराधी ने खुद को पटना हाईकोर्ट का जज बता कर ट्रांसपोर्टर से 20 लाख रुपए ठग लिए। इस पूरे मामले में अपराधी ने अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ) के माध्यम से संपर्क साधकर भरोसा कायम किया और वारदात को अंजाम दिया। अपर जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेक ने मामले में सदर थाने में लिखित शिकायत देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 11:45 बजे अपर जिला परिवहन पदाधिकारी कुमार विवेक के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पटना हाईकोर्ट का जज राजीव रंजन बताया और मुजफ्फरपुर के किसी विश्वसनीय ट्रांसपोर्टर का नंबर मांगा। उच्च पदाधिकारी समझकर ADTO ने ट्रांसपोर्टर उदय शंकर प्रसाद सिंह का मोबाइल नंबर साझा कर दिया। इसके बाद ठग ने ट्रांसपोर्टर से संपर्क किया और जरूरी काम का हवाला देते हुए बातचीत शुरू की। शुरुआत में ट्रांसपोर्टर ने असमर्थता जताई, लेकिन आरोपी ने बार-बार कॉल कर दबाव बनाया और खुद को जज बताते हुए भरोसा दिलाया कि पैसों की जरूरत तत्काल है और राशि जल्द लौटा दी जाएगी। आवेदन के मुताबिक, 24 अप्रैल की शाम तक ट्रांसपोर्टर ने ठग के बताए अनुसार अलग-अलग माध्यमों से कुल 20 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के बाद जब संपर्क करने की कोशिश की गई तो आरोपी का मोबाइल नंबर बंद मिला। 29 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे ट्रांसपोर्टर ने पूरे मामले की जानकारी परिवहन पदाधिकारी को दी। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ और तत्काल सदर थाने में लिखित शिकायत दी गई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल और साइबर ट्रेल खंगाले जा रहे हैं, साथ ही जिन बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर हुए हैं, उनकी भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

## कदमकुआं वेंडिंग जोन में दुकानदारों का किराया होगा फिक्स

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 22वीं साधारण बैठक आज मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में शहर के लोगों को सुविधा और विकास कार्यों को गति देने वाले 24 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कदमकुआं वेंडिंग जोन में दुकानदारों का किराया फिक्स किया जाएगा। वहीं, स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 पर भी विशेष चर्चा होगी। इसमें पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि भी की जाएगी। गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए वार्ड संख्या-2, 40 और 68 में पानी की पाइपलाइन के विस्तार पर मुहर लगेगी। वहीं, वार्ड 22 में सदाकत आश्रम पेट्रोल पंप के पास सरकारी जमीन और वार्ड-39 में भंवर पोखर पार्क के पास नई हाई यील्ड बोरिंग लगाने का प्रस्ताव भी पारित हो सकता है। वार्ड-45 में 90 फीट सड़क से आंबेडकर चौक तक के मार्ग का नाम बदलकर मानस मंदिर पथ करने और वार्ड-33 कंकड़बाग के एफ-सेक्टर दक्षिणी पार्क के सौंदर्याकरण का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है। वार्ड-72 में बाग जाफर खां घाट पर एक नया विद्युत शवदाह गृह बनाने का प्रस्ताव है। सीवर के काम में सुरक्षा बढ़ाने के लिए पटना नगर निगम क्षेत्र में मैनहोल निर्माण और मरम्मत के लिए मैनहोल एंबुलेंस इस्तेमाल पर भी चर्चा होगी।



वहीं, छठ महापर्व 2026 के लिए नौजरघाट, सीढ़ीघाट, चित्रगुप्त घाट, कॉलोनी घाट, दुल्लीघाट, आदर्श घाट, मित्तन घाट, सीता घाट, गायघाट, मिरचाई घाट, हीरा नंद साह घाट, झाउगंज घाट और कंगन घाट पर डबल बैरिकेडिंग लगाने को मंजूरी मिलेगी।

## पटना के होटल में मिलने पहुंचे कपल, बॉयफ्रेंड की लाश मिली, गर्लफ्रेंड बोली- कैसे मरा पता नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना के रुद्र होटल में शादीशुदा युवक की लाश मिली है। वो अपनी गर्लफ्रेंड चंचल कुमारी उर्फ रिया के साथ होटल में ठहरा था। बताया जा रहा है कि लंबे समय से दोनों का अफेयर चल रहा था। मृतक के परिजन ने गर्लफ्रेंड पर हत्या का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचतान संतोष कुमार (30) के रूप में हुई है। वो जहानाबाद का रहने वाला था। संतोष का शव होटल के कमरे में पंखे से चादर के सहारे लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मामला रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र की है।




**गर्लफ्रेंड बोली- कब सुसाइड कर लिया, पता नहीं:** पुलिस की पूछताछ में गर्लफ्रेंड चंचल कुमारी ने बताया, हम दोनों का 2 साल से अफेयर चल रहा था। हम अक्सर छिप-छिपकर मिला सकते थे। होटल में हम मिलने ही आए थे। मैं रूम में सो रही थी। संतोष ने सुसाइड कब किया मुझे इस बात की जानकारी नहीं हुई। जब मेरी नींद खुली तो मैंने संतोष को फंदे से लटका हुआ देखा। उसकी मौत हो चुकी थी।

**रात में गर्लफ्रेंड ने एंबुलेंस बुलवाई थी:** रूद्र होटल के मैनेजर रितेश कुमार ने बताया, 'सोमवार दोपहर करीब 12 बजे संतोष एक महिला के साथ आए थे। महिला भी शादीशुदा थी। होटल का कमरा नंबर-205 बुक कराया था। संतोष ने अपना पता आधार कार्ड के अनुसार जहानाबाद बताया था। आंचल का पता उसके आधार कार्ड में यूपी का था। आधार कार्ड को पुलिस ने जब्त कर लिया है। रात 11 बजे दोनों ने खाना मंगाया था। रात में करीब डेढ़ बजे आंचल ने एंबुलेंस बुलाई थी। आंचल ने कहा कि संतोष की तबीयत खराब हो गई है। अस्पताल ले जाना होगा। जब तक एंबुलेंस आई संतोष की मौत हो गई थी। जिसके बाद होटल के स्टाफ ने मुझे जानकारी दी। मैं होटल पहुंचा। हम लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस होटल का सीसीटीवी, रजिस्टर सहित आधार कार्ड भी अपने साथ ले गई है।'

### लड़के के परिवार ने कहा- लड़की ने मारा

**सोमवार शाम दोनों होटल पहुंचे थे:** DSP रंजन ने बताया, संतोष अपनी गर्लफ्रेंड के साथ सोमवार को होटल में पहुंचे थे। दोनों ने एक कमरा लिया और देर रात संतोष की मौत हो गई। लड़की का कहना है कि संतोष ने सुसाइड किया है, जबकि संतोष के परिजन लड़की पर मर्डर का आरोप लगा रहे हैं। FSL की टीम से जांच करवा रहे हैं। मौके से सबूत जुटाए जा रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत के असली कारण का पता चलेगा। परिजन के आवेदन पर आगे की कार्रवाई होगी।

## आर0पी0एस रेसिडेन्शियल स्कूल में भव्य अलंकरण सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना, दानापुर।** आर०पी०एस रेसिडेन्शियल स्कूल में सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में अलंकरण सह शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन एवं बिहार विधान सभा सदस्य डॉ. कुमार पुष्पांजय, विद्यालय के प्राचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह, उप-प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा तथा शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र-परिषद के सदस्यों को उनके पद एवं दायित्वों के अनुरूप अलंकृत किया गया। प्रधान छात्र अगम कुमार, प्रधान छात्रा अनन्या भारद्वाज, उप-प्रधान छात्र एवं उप-प्रधान छात्रा के साथ-साथ विभिन्न हाउस कप्तानों और प्रीफेक्ट्स को बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।



समारोह के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि डॉ. कुमार पुष्पांजय ने अपने संबोधन में कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विद्यालय का नाम रौशन करने और अन्य छात्रों के लिए आदर्श बनने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री दिलीप कुमार सिंह एवं उप-प्राचार्या श्रीमती उषा सिन्हा ने भी नव-निर्वाचित छात्र-परिषद के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता के साथ अपने दायित्व निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## मैरिज एनिवर्सरी के दिन ड्राइवर की पत्नी को पीटा, चाकू भी मारा

### नर्तकियों से 15 हजार रुपए भाड़ा लेने गई थी महिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में ड्राइवर की पत्नी को मारपीट कर घायल दिया। सिर में चोट आई है। चाकू से भी वार किए गए हैं। घायल सुनीता कुमारी का कहना है कि मेरे पति महेंद्र कुमार नर्तकियों को गाड़ी से किसी प्रोग्राम में लेकर गए थे। वहां ले जाने का किराया 15000 था। जो नर्तकियों ने उस वक्त नहीं दिया था। आज सुबह मुझे नर्तकियों ने मुझे बुलाया। मुझे लगा कि किराया देने के लिए बुलाया होगा। मेरा आज मैरिज एनिवर्सरी भी है। सोचा था रुपए मिलेंगे तो नए कपड़े खरीदूंगी।

पर मैं पहुंची तो नर्तकियों ने मेरे साथ मारपीट की। सचिन नाम के युवक ने मुझे उठाकर पटक दिया। मारपीट में काजल भी शामिल है। दोनों ने मुझे चाकू भी मारा। घटना जक्कनपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर-2 की है। घायल महिला को स्थानीय लोगों ने मीठापुर बाइपास के पास एक निजी नर्सिंग होम में एडमिट कराया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। उसके सिर में चोट लगी है। हमले में उसका बहुत खून बह चुका है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नर्सिंग होम में जक्कनपुर थाने की पुलिस भी पहुंची थी। वहां महिला से घटना की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।



## ईएसआई के बीमित व्यक्तियों के बच्चों के लिए मेडिकल पढ़ाई हेतु प्रमाणपत्र के ऑनलाइन आवेदन की तिथि घोषित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) द्वारा बीमित व्यक्तियों के बच्चों को मेडिकल शिक्षा में आरक्षण का लाभ प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। इसके तहत मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों में नामांकन के लिए "वार्ड ऑफ आईपी प्रमाणपत्र" जारी करने हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय निदेशक, बिहार सीए निरंजन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में ईएसआईसी के मेडिकल कॉलेजों में नामांकन हेतु कुल सीटों का निर्धारण किया गया है। इसमें एमबीबीएस के लिए 695 सीटें, बीडीएस के लिए 28 सीटें तथा बीएससी नर्सिंग के लिए 60 सीटें शामिल हैं। इन सीटों पर नामांकन NEET (नीट) परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बीमित व्यक्तियों के बच्चों को इन सीटों पर प्रवेश के लिए "वार्ड ऑफ आईपी प्रमाणपत्र" अनिवार्य रूप से प्राप्त करना होगा, जिसे क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है। इसके लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुकी है, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 मई 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए Employees' State Insurance Corporation (ईएसआईसी) की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नोटिस देख सकते हैं।

क्षेत्रीय निदेशक ने सभी बीमित व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर "वार्ड ऑफ आईपी प्रमाणपत्र" के लिए आवेदन करें, ताकि प्रमाणपत्र निर्गत करने की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके और बच्चों को नामांकन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## नाला निर्माण के लिए अब नहीं खोदी जाएंगी सड़कें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** पटना में मानसून से निपटने के लिए बुडको ने दो सीवरेज पंपिंग स्टेशन (SPS) का निर्माण किया है। राजीव नगर और बोरिंग रोड, पानी टंकी के पास एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत इसका निर्माण किया गया है। इन दोनों इलाकों में बारिश के दौरान काफी जलजमाव होता है। यह प्रोजेक्ट नमामि गंगे की एक पहल है। नया सीवरेज नेटवर्क जल निकासी के लिए बनाने से अच्छा, जो पहले से बना हुआ है उसको सही से टैपिंग कर पानी को निकालने की कोशिश की जा रही है।

**दोनों SPS के पानी को पंप आउट कर STP में भेजा जाएगा:** सीवरेज से पानी को पंप आउट कर SPS में डाला जाएगा और फिर यहां से दीघा STP में ट्रीटमेंट के लिए भेजा जाएगा। इन दोनों सीवरेज पंपिंग स्टेशन (SPS) की क्षमता 103 एमएलडी है। इससे राजीवनगर, बोरिंग रोड, एसके पूरी, पानी टंकी, आनंदपुरी और आसपास के मोहल्लों को जलजमाव से निजात मिलेगी। इसके साथ ही पाटलिपुत्र और अटल पथ में बन रहे सीवरेज नेटवर्क का काम तेजी से चल रहा है। इसे भी मानसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। शहर में खुदाई और उससे पैदा होने वाली समस्याओं को देखते हुए नमामि गंगे प्रशासन ने अपनी रणनीति बदल दी है। जिन इलाकों में प्रोजेक्ट चल रहे है, उन्हें पूरा किया जाएगा। भविष्य में नई सीवर लाइन के लिए कहीं भी सड़कों या संकरी गलियों की खुदाई नहीं होगी। सड़क खोदने के बजाय अब इंटरसेप्शन एंड डाइवर्जन तकनीक अपनाई जाएगी। इसके तहत नालों के प्रवाह को ही आधुनिक तकनीक से मोड़कर एसटीपी से जोड़ा जाएगा।



### 2 सीवरेज पंपिंग स्टेशन बने, निगम क्षेत्र में 140 जलजमाव स्थल की हुई पहचान

**एक घंटे की बारिश में जलमग्न हो गया था पटना:** सोमवार की शाम महज एक घंटे की बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया था। पटना जंक्शन, जीपीओ गोलंबर, आर ब्लॉक, वीरचंद पटेल पथ, आयकर गोलंबर, कदमकुआं, राजेंद्रनगर, कंकड़बाग, गर्दनीबाग, अटल पथ, इंद्रपुरी, पाटलिपुत्र कॉलोनी, कुर्जी मोड़ से पीएनएम मॉल सहित अन्य इलाकों में जलजमाव होने से लोग परेशान रहे। वहीं, नमामि गंगे प्रोजेक्ट और नाला निर्माण वाले इलाकों में फिसलन और जलजमाव होने से चलना मुश्किल हो गया था। नगर निगम ने मानसून से पहले ही शहर के विभिन्न अंचलों में उन सभी संवेदनशील स्थलों की पहचान कर ली है, जहां जल जमाव की संभावना अधिक रहती है। इससे निपटने के लिए पहले से ही प्लान तैयार किए गए हैं। निगम क्षेत्र में करीब 140 जलजमाव स्थल की पहचान हुई है। निगम की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्थिति में जल का ठहराव लंबे समय तक न बने।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटानगर रेलवे स्टेशन से पॉकेटमार गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को निशाना बनाकर जेबकतरी करने वाले गिरोह के खिलाफ रेल पुलिस को अहम सफलता मिली है। दो मई को सोशल मीडिया और विभिन्न न्यूज चैनलों पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की गई कार्रवाई में आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने गिरोह के एक शातिर सदस्य मोहम्मद ताबिश को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई को ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत अंजाम दिया गया, जो रेलवे परिसरों में अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार चलाया जा रहा अभियान है। जानकारी के अनुसार, वायरल वीडियो में एक युवक टाटानगर रेलवे स्टेशन के टिकट घर यानी यूटीएस काउंटर पर लगी लंबी कतार में खड़े यात्रियों की जेब काटने की कोशिश करते हुए साफ तौर पर नजर आ रहा था। वीडियो सामने आते ही रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) हरकत में आ गई और संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ चक्रधरपुर मंडल के नेतृत्व में और रेल एसपी के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। सोमवार शाम आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर और आसपास के इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान आरोपित मोहम्मद ताबिश को दबोच लिया गया। पूछताछ में पता चला कि वह मूल रूप से बिहार के गया जिले का रहने वाला है और फिलहाल जमशेदपुर के मानगो स्थित आजाद बस्ती इलाके में रह रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया, जिसे उसने हाल ही में किसी यात्री से चुराया था। इस पूरे अभियान का नेतृत्व आरपीएफ के एएसआई बलबीर प्रसाद ने किया, जबकि टीम में अन्य आरपीएफ और जीआरपी के जवान भी शामिल थे।

### कीटनाशक दवा पीने से महिला की मौत



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के चिटरी गांव में महिला सुन्दारी डाड़का (57) की कीटनाशक दवा पीने से मौत हो गई। मृतका के पति का नाम सुखराम डाड़का है। परिजनों के अनुसार, सुन्दारी डाड़का ने गलती से चींटी मारने वाली दवा को सामान्य दवा समझकर पी लिया। घटना के समय घर के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो महिला की हालत बिगड़ी हुई थी। स्थिति गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल गोइलकेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल, चाईबासा रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार, जहरीले पदार्थ का असर तेजी से फैलने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। मृतका के परिजनों ने बताया कि उनकी तबीयत पहले से ठीक नहीं रहती थी और आंखों की रोशनी भी कमजोर थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उन्होंने दवा की सही पहचान नहीं कर पाई और गलती से कीटनाशक पी लिया। सुन्दारी डाड़का अपने पीछे छह बच्चों का परिवार छोड़ गई हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर हुई राख



**खूंटी।** खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 12 के खूंटी टोली में सोमवार की रात आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई। आगजनी में मकान के छह कमरे जलकर बर्बाद हो गए। आशंका जताई जाती है कि शॉर्ट सर्किट से मकान में आग लगी होगी। घटना सोमवार की रात करीब साढ़े दस बजे की बताई जाती है। आगजनी की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सहदेव महतो के घर में अचानक आग लगने से देखते ही देखते पूरा मकान इसकी चपेट में आ गया। आग इतनी भयावह थी कि घर के छह कमरे पूरी तरह जलकर राख हो गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आग को आसपास के घरों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। जानकारी के अनुसार, सहदेव महतो ने अपने मकान को किराए पर दे रखा था, जहां कई परिवार रह रहे थे। आगजनी की इस घटना में किरायेदारों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किरायेदार मुनिया देवी ने बताया कि उनकी लगभग 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने कहा कि बहन की शादी के लिए खरीदे गए गहने, नगदी और अन्य जरूरी सामान भी आग की भेंट चढ़ गए। वहीं, एक अन्य किरायेदार राजलो डुंगडुंग ने बताया कि वे बाजार में समोसा और गुलगुला बेचकर धीरे-धीरे पूंजी जमा कर रहे थे, ताकि गांव में घर बना सकें। लेकिन इस हादसे में उनकी जीवन भर की जमा पूंजी, जमीन के कागजात सहित सभी जरूरी दस्तावेज और घरेलू सामान जलकर खाक हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। स्थानीय वार्ड सदस्य अनिल कच्छप ने बताया कि मामले को लेकर विभागीय प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी और आपदा प्रबंधन विभाग के तहत पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा( झामुमो )छात्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष कमलेश महतो ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच कर सभी प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

### उग्रवादी और अपराधियों के खिलाफ अभियान के दौरान पांच आरोपित गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले में उग्रवादी मामले और आर्म्स एक्ट के वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की ओर से चलाए गए विशेष अभियान में अहम सफलता मिली है। इस अभियान के तहत पुलिस ने कुल पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि उग्रवाद और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामलों में वांछित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, अन्य आपराधिक कांडों में फरार चल रहे दो अन्य आरोपितों को भी पुलिस ने दबोच लिया है। सभी गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया गया है कि जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विज्ञप्ति में बताया गया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# भाजपा ने बबलू मिश्रा प्रकरण पर हेमंत सरकार को घेरा, सुरक्षा और जांच पर उठाए सवाल

एजेंसी। रांची



झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता अजय साह ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बबलू मिश्रा प्रकरण में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने सवाल उठाया कि ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंताओं को कथित रूप से धमकाने वाला बबलू मिश्रा आखिर कौन है और उसे किसका संरक्षण प्राप्त है। अजय साह ने कहा कि जिस व्यक्ति पर सरकारी अभियंताओं को डराने-धमकाने, गाली-गलौज करने, अपमानित करने और मनचाहे ठेकेदारों को काम दिलाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं, उसकी भूमिका की निष्पक्ष और गहन जांच होना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि बबलू मिश्रा के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्यों, स्टाफ और निजी सहायकों (पीए) के कॉल रिकॉर्ड की भी जांच कराई जाए। अजय शाह ने आगे कहा कि ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय में बबलू मिश्रा के आने-जाने से संबंधित सीसीटीवी फुटेज की जांच की जानी चाहिए, ताकि उसके प्रभाव और नेटवर्क का पूरा खुलासा हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य अभियंता, अभियंता प्रमुख और विभागीय सचिव को भेजे गए पत्र पर 11 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं होना अत्यंत संदेहास्पद है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा मामला उठाए जाने के बाद ही अधिकारी सक्रिय हुए, लेकिन उनका उद्देश्य निष्पक्ष जांच के बजाय मामले की लीपापोती करना था। उन्होंने संबंधित पत्र की फॉरेंसिक जांच कराने की भी मांग की, ताकि उसकी सत्यता सामने आ सके। अजय साह ने यह भी कहा कि दोनों पत्रों में बबलू मिश्रा का उल्लेख होने के कारण उसकी भूमिका और हस्तक्षेप की जांच अनिवार्य हो जाती है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में "जितना बड़ा भ्रष्टाचारी, उतना बड़ा पदाधिकारी" का मॉडल लागू किया जा रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को गंभीर आरोपों के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर बनाए रखा गया, जबकि आलमगीर आलम को जेल में रहने के बावजूद प्रदेश कमेटी में स्थान दिया गया। अजय साह ने कहा कि भले ही ये दोनों अब सीधे तौर पर विभाग में सक्रिय नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा स्थापित कथित भ्रष्टाचार का मॉडल आज भी विभाग में जारी है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। प्रेस वार्ता में भाजपा के मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक भी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता महेश तिवारी को ट्रायल कोर्ट से मिली सजा पर फिलहाल रोक नहीं, अगली सुनवाई 16 को




एजेंसी। रांची

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता महेश तिवारी की अपील पर मंगलवार सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान महेश तिवारी के अधिवक्ता ने अलग-अलग मामलों का हवाला देते हुए महेश तिवारी को ट्रायल कोर्ट से मिली सजा पर रोक लगाने का आग्रह किया। जिसका अभियोजन पक्ष की ओर से उपस्थित अधिवक्ता अभय मिश्रा ने विरोध किया और सजा पर रोक नहीं लगाने के लिए अपनी दलीलें पेश की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने फिलहाल महेश तिवारी को मिली सजा पर रोक नहीं लगाई है। इस मामले में अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 16 मई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में रांची सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने अधिवक्ता महेश तिवारी को महिला अधिवक्ता ऋतु कुमार के साथ दुर्व्यवहार के मामले में दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 19,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। वहीं, महेश तिवारी द्वारा दर्ज कराए गए काउंटर केस में साक्ष्य के अभाव में अधिवक्ता ऋतु कुमार को बरी कर दिया गया है। यह मामला 1 मई 2012 को हाईकोर्ट परिसर में दोनों के बीच हुए विवाद से जुड़ा है, जिसमें आरोप था कि महेश तिवारी ने ऋतु कुमार के साथ मारपीट की थी। इस संबंध में डोरंडा थाना में कांड संख्या 191/2012 दर्ज हुआ था, जबकि महेश तिवारी की ओर से कांड संख्या 192/2012 दर्ज कराया गया था।

## मारवाड़ी युवा मंच के सेवा अभियान के अंतर्गत रांची में छाछ और ठंडे पानी का वितरण

एजेंसी। रांची




भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा द्वारा "प्यार बांटते चलो" नारे के तहत चलाए जा रहे '15 दिन 15 जनसेवा' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को बकरी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राहगीरों और श्रद्धालुओं के बीच ठंडी छाछ और शीतल जल का वितरण किया गया। गर्मी से परेशान लोगों को इस सेवा कार्य से काफी राहत मिली। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए सकारात्मक संदेश देने वाला कदम बताया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सदस्य कोमल पोद्दार के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने छाछ और ठंडा पानी ग्रहण किया। शाखा की अध्यक्षा शुभा अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाना और समाज में सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सहायता मिल सके। मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने जानकारी दी कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए छाछ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 दिवसीय अभियान के तहत प्रतिदिन अलग-अलग सेवा गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर सचिव रेखा राईका, कविता सोमानी, डॉली बंसल, शायरी अग्रवाल, वर्षा धानुका, वीणा शर्मा, निशु सर्राफ सहित शाखा के कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

# पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव सहित पांच आरोपित बरी

एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल गौरव की अदालत ने वर्ष 2013 में उपायुक्त कार्यालय परिसर में जन समस्याओं को लेकर हुए धरना-प्रदर्शन और कथित हंगामे के मामले की सुनवाई की। अदालत ने मंगलवार को सभी आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इस मामले में पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव, राहुल सिंह, धनंजय सिंह, डीएन सिंह और आरबी सरन भी आरोपित बनाए गए थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप को सिद्ध करने में असफल रहा, जिसके कारण सभी आरोपितों को बरी किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार, 4 जनवरी 2013 को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सैकड़ों कार्यकर्ता विभिन्न जन समस्याओं—जैसे स्थानीय मुद्दों, प्रशासनिक लापरवाही और जन सुविधाओं की मांग—को लेकर जमशेदपुर स्थित उपायुक्त कार्यालय में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कथित रूप से अफरा-तफरी और हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस संबंध में उपायुक्त कार्यालय के लिपिक अलखेन खलको के बयान पर बिष्टुपुर थाना में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल तीन गवाह पेश किए गए, लेकिन अदालत ने पाया कि गवाहों के बयान आरोपों को ठोस रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## लापता बच्ची मामला : हाई कोर्ट ने गुमला पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल, सीबीआई जांच के दिए संकेत

एजेंसी। रांची




गुमला से वर्ष 2018 में लापता हुई छह वर्षीय बच्ची के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान गुमला पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि करीब सात साल बीत जाने के बाद भी बच्ची का पता नहीं चल पाना पुलिस की लापरवाही को दर्शाता है। न्यायालय ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या बच्ची को ढूंढने के लिए पुलिस को एक और साल चाहिए? अदालत ने यह भी कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आना गुमला पुलिस की जांच में गंभीर कमी को उजागर करता है। अदालत ने यह संकेत भी दिया कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जा सकता है। सुनवाई के दौरान अदालत के आदेश पर गुमला के पुलिस अधीक्षक (एसपी), विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख और जांच अधिकारी उपस्थित हुए। झारखंड सरकार की ओर से बताया गया कि नई गठित एसआईटी की तीन टीमें बच्ची की तलाश में मुंबई, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और जम्मू तक गई हैं। टीमों के लौटने के बाद अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि इसके अलावा, साउथ ईस्टर्न रेलवे से भी बच्ची के संभावित यात्रा रिकॉर्ड की जानकारी मांगी गई है, ताकि उसकी वर्तमान स्थिति का पता लगाया जा सके। सरकार ने अदालत से इन जानकारियों के आने तक अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में भी अदालत ने स्पष्ट किया था कि यदि जांच में कोई ठोस प्रगति नहीं होती है, तो मामला सीबीआई को सौंपा जा सकता है। उस समय पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा भी वर्चुअल माध्यम से अदालत में उपस्थित हुई थीं और उन्हें जांच की स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया था। दरअसल, यह मामला सितंबर 2018 से लापता बच्ची की मां चंद्रमुनि उराइन द्वारा दायर हेबियस कॉर्पस याचिका से जुड़ा है। पूर्व में अदालत को बताया गया था कि इस मामले की गहन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी, जिसने दिल्ली सहित कई स्थानों पर जांच की। हालांकि अब तक बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में एसआईटी की कार्रवाई के दौरान नौ अन्य लापता बच्चों को बरामद किया गया था, लेकिन संबंधित बच्ची अब भी लापता है।

## झारखंड में मौसम का मिजाज बदला, 11 मई तक बारिश-वज्रपात का अलर्ट, कई जिलों में ऑरेंज चेतावनी

एजेंसी। रांची



झारखंड की राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। बारिश के बाद तेज धूप निकलने से लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने 11 मई तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। इसे लेकर राज्यभर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मंगलवार के लिए रांची, खूंटी, बोकारो, रामगढ़ और हजारीबाग समेत कई जिलों में बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा तेनुघाट में 82.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा लातेहार के बालूमाथ में 82 मिमी, मुसाबनी में 65.8 मिमी, पुटकी में 64 मिमी, धालभूमगढ़ में 56.6 मिमी और नवाडीह में 53.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। कई अन्य इलाकों में भी अच्छी बारिश हुई है। तापमान की बात करें तो राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के कांके में 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मंगलवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद बादल छा गए और मध्यम गति की हवा चली। धूप निकलने से उमस और गर्मी में इजाफा हुआ। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों के तापमान पर नजर डालें, तो रांची में अधिकतम 34.4 और न्यूनतम 19.6 डिग्री, जमशेदपुर में 36 और 22.2 डिग्री, डाल्टनगंज में 39.6 और 22.6 डिग्री, बोकारो में 34.5 और 20.6 डिग्री तथा चाईबासा में 35.8 और 22 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, खासकर वज्रपात और तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों से दूर रहने की अपील की है।


**कार्यालय, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

संख्या :— 01/2026—2027

सदर अस्पताल, गढ़वा में अन्तःकक्ष विभाग, प्रसव विभाग एवं अन्य भर्त्ती मरीजों के लिए समय पर पौश्टिक भोजन/पथ्य एवं नाश्ता आदि डाईट चार्ट के अनुसार उपलब्ध करने हेतु सामान्य मरीज के लिए 100.00 (कुल एक सौ रुपया मात्र), विशेष मरीजों यथा Burn Patients, Hypoproteinemic, Tuberculosis & Cancer Patients, के लिए 125.00 (एक सौ पच्चीस)मात्र एवं जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम अन्तर्गत अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए 100.00 (कुल एक सौ रुपया मात्र) प्रति मरीज, प्रतिदिन के दर से आपूर्ति हेतु Expression of Interest (EOI) आमंत्रित किया जाता है। इस निमित्त Expression of Interest (EOI) निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक—**30.05.2026 के अपराह्न 05:00 बजे** तक, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा के पते पर स्वीकार किया जएगा। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद Expression of Interest (EOI) स्वीकार नहीं की जाएगी। **दिनांकः— 01.06.2026 को अपराहन 04:00 बजे** Expression of Interest (EOI) का निशपादन, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, गढ़वा के सभागार में किया जाएगा।

Expression of Interest (EOI) से संबंधित विस्तृत सूचनायें, गढ़वा जिले के बेबसाईट https://garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल, गढ़वा

PR 379027 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D



**कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)**
Email id:-np.hariharganj@gamil.com

ज्ञापांकः— 346/दिनांकः— 05.05.2026

**2nd Call अल्पकालिन सैरात/व्यवसायिक वाहन पड़ाव शुल्क बंदोबस्ती की आम सूचना संख्याः— HNP/02/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हरिहरगंज क्षेत्रान्तर्गत सैरात/नगरपालिका व्यवसायिक वाहन पड़ाव शुल्क वसूली हेतु उच्चतम डाकवक्ता के माध्यम से 11 माह के लिए बन्दोबस्त की जानी है। डाक की विवरणी निम्नरूपेण है :—

| क्र0 | डाक की विवरणी | डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राशि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है। | डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों/एजेंसी के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि एवं समय | डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा। | निर्धारित वसूली दर 24 घंटा के लिए जो अनुमानतः दोपहर 12 बजे से अगला दिन दोपहर 12 बजे तक। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नगरपालिका व्यवसायिक वाहन पडाव शुल्क | | | | | | | |
| 01 | नगरपालिका व्यावसायिक वाहन शुल्क (नगर पंचायत हरिहरगंज का संपूर्ण क्षेत्र) | 16,86,300.00 (सोलह लाख छियासी हजार तीन सौ रूपए मात्र) | 1,68,630.00 (एक लाख अड़सठ हजार छः सौ तीस रूपए मात्र) | दिनांक—12.05.2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक। | दिनांक—12.05.2026, समयः अपराहन 02:00 बजे से स्थानः कार्यालय सभागार नगर पंचायत हरिहरगंज। | 5000.00 (पांच हजार रुपये) | 1. टोटो/टेम्पु — 20 रु प्रति0 2. ट्रेक्टर, पिकप, कमांडर —40 रु प्रतिदिन 3. चार चक्का (407/pickup आदि के लिए—40 रू0 प्रतिदिन। 4. 6 चक्का एवं बस के लिए—100 रू0 प्रतिदिन 5. 6 से 10 चक्का वाहन के लिए—150 रू0 प्रतिदिन 6. 10 चक्का से अधिक वाहन के लिए—200 रू0 प्रतिदिन डाकवक्ता द्वारा बोली में न्यूनतम बोली 5000.00 से कम मान्य नही होगा। |
| बाजार सैरात बन्दोबस्ती | | | | | | | |
| 01 | बाजार सैरात दुकानदार बाजार सैरात फुटपाथ दुकानदार (नगरपालिका अधीन संपूर्ण क्षेत्रों में) | 1100000.00 (ग्यारह लाख रुपये) | 110000.00( एक लाख दस हजार रुपये) | दिनांक—12.05.2026 समयः पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक। | दिनांक—12.05.2026, समयः अपराहन 04:00 बजे से स्थानः कार्यालय सभागार नगर पंचायत हरिहरगंज। | 5000.00 (पॉच हजार रुपये) | चलन्त ठेला गुम्टी/ठेला/अस्थायी दुकान इत्यादि 1. 0—30 वर्ग फीट— 10 रु/दिन 2. 30 से 50 वर्ग फीट तक— 20रु /दिन 3. 50 से 100 वर्ग फीट तक— 40रु /दिन 4. 100 वर्ग फीट से अधिक— 50 रु /दिन (निविदा की शर्तें कंडिका —5 में बोली में न्यून्तम 5000.00 रु नोटः— स्वयं उत्पादन कर बेचने वाले किसानो को दो टोकरी तक समान पर किसी भी तरह का शुल्क नही लगेगा। |

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में एवं UD&HD के Website पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज

PR.NO.379031 District(26-27):D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गोद लेने संबंधी कार्यवाही पर जिला मजिस्ट्रेट को है निर्णय लेने का अधिकार

**मुंबई, एजेंसी।** बांबे हाई कोर्ट ने किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम में



संशोधन को उचित ठहराते हुए सोमवार को कहा कि जिला मजिस्ट्रेट को दत्तक ग्रहण या गोद लेने संबंधी कार्यवाही की सुनवाई और निर्णय लेने का अधिकार है। हाई कोर्ट ने किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम में किए गए संशोधन को चुनौती देने वाली दो दंपतियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसके तहत गोद लेने का आदेश जारी करने की शक्ति न्यायालयों से जिला मजिस्ट्रेटों (कार्यकारी अधिकारियों) को हस्तांतरित कर दी गई थी। संशोधन में न्यायालय शब्द को कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट (कार्यकारी अधिकारी) शब्दों से बदला गया है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की पीठ ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कानून के प्रविधानों को लागू करने और भावी दत्तक माता-पिता की पात्रता निर्धारित करने में कोई कठिनाई नहीं दिखती है। हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि जिला मजिस्ट्रेट बच्चों के कल्याण में कार्य करने और सहायता करने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हैं और याचिकाकर्ताओं की धारणा गलत है। यह संशोधन गोद लेने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए किया गया था और इसमें कुछ भी अवैध नहीं है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत गोद लेने की प्रक्रिया के लिए वैध आदेश की आवश्यकता होती है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि गोद लेने की मंजूरी देना न्यायिक कार्य है जिसे किसी कार्यकारी प्राधिकरण, जैसे कि जिला मजिस्ट्रेट को नहीं सौंपा जा सकता है, जिसके पास आवश्यक विशेषज्ञता न हो। हाई कोर्ट ने कहा, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दत्तक ग्रहण प्रक्रिया से निपटने में सक्षम न होने के संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा व्यक्त की गई आशंका निराधार है।

### गर्मी में जल संकट गहराया, कई इलाकों में दूषित जल सप्लाई से नागरिक परेशान

**नागपुर, एजेंसी।** नागपुर में 45 डिग्री सेल्सियस के भीषण तापमान में झुलस रहे



शहर में अब धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे जल संकट ने नागरिकों का हाल बेहाल कर दिया है। शहर के उत्तर, पश्चिम और मध्य नागपुर की कई बस्तियों में कम दबाव और दूषित जलापूर्ति की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। विपक्ष के नेता संजय महाकालकर द्वारा बुलाई गई बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने मनपा के जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों को इस अव्यवस्था के लिए जमकर फटकार लगाई, प्रभाग क्रमांक 2 के पार्षद दिनेश यादव ने अपने क्षेत्रों की समस्या रखते हुए बताया कि संन्यालनगर, सहयोगनगर और भदंत आनंद कौशल्यायननगर में नलों से गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा म्हाडा कॉलोनी, काशीनगर और केजीएम सोसाइटी में जलापूर्ति का दबाव बहुत कम है। पार्षद भावना लोणारे ने जानकारी दी कि रिपब्लिकननगर, ठवरेनगर और मिसाल ले-आउट में नलों से बदबूदार पानी आ रहा है। उन्होंने मांग की है कि पुरानी जलवाहिनी का कनेक्शन बंद करके लोगों को नई जलवाहिनी से जोड़ा जाए, वहीं प्रभाग 10 की पार्षद सरस्वती सलामे ने बोरगांव, दशरथनगर और आर्यनगर में कम दबाव की शिकायत की, जबकि प्रभाग 17 के रामनगर में पानी की कमी का मुद्दा पार्षद सुहास ननवटकर ने उठाया। पार्षद शैलेश पांडे ने भी अधिकारियों को असड़े हाथों लिया। शहर के कुछ हिस्सों में स्थिति काफी खराब है।

# कांग्रेस की पाठशाला और भाजपा की प्रयोगशाला; मामा हिमंत बने महानायक

**दिसपुर, एजेंसी।** चुनाव में हिमंत बिस्व सरमा भाजपा की लगातार तीसरी जीत के प्रमुख नायक बनकर उभरे हैं। सरमा के लिए यह सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि उनकी उस राजनीतिक कार्यशैली की स्वीकार्यता है, जिसे उन्होंने अपने संगठनात्मक नियंत्रण, वैचारिक परिवर्तन और सत्ता की गहरी समझ के आधार पर गढ़ा है। यह जनादेश न सिर्फ मुख्यमंत्री के रूप में 57 वर्षीय हिमंत बिस्व सरमा के लगातार दूसरे कार्यकाल की शुरुआत करेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक रणनीतिकार के तौर पर उनके दावे को और मजबूत करेगा।

2015 में कांग्रेस छोड़ भाजपा से जुड़े

करीब दो दशक तक कांग्रेस में रहे सरमा का वर्ष 2015 में भाजपा का दामन थामना राजनीतिक किंवदंती बन चुका है। भाजपा में शामिल होने के बाद, उन्होंने जल्द ही खुद को पार्टी के प्रमुख रणनीतिकार के रूप में स्थापित कर लिया। यहां तक कि 2016 में भी, जब वे सरकार का चेहरा नहीं थे, तब भी परदे के पीछे से राज्य में भाजपा सरकार बनाने में उनके असर को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया।

वर्ष 2021 में, सर्बानंद सोनोवाल के स्थान पर हिमंत बिस्व सरमा को पहली बार राज्य का मुख्यमंत्री बनाया गया, जबकि जीत सोनोवाल के नेतृत्व में ही मिली थी। इस निर्णय को पार्टी में सरमा के योगदान की स्वीकारोक्ति के साथ ही भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, विशेष रूप से अमित शाह के साथ उनकी बढ़ती नजदीकी के संकेत के रूप में देखा गया। पार्टी के अंदरूनी हलकों में हिमंत बिस्व सरमा को समस्याओं का समाधान



करने वाला नेता बताया जाता है। उन्हें ऐसा नेता माना जाता है, जो बिना हिचकिचाहट काम पूरा करता है, बातचीत करके रास्ता निकालता है और निर्णयों को त्वरित रूप से लागू करता है। सूत्रों के अनुसार, भाजपा में शुरुआती समय से ही अमित शाह को इस चतुर राजनेता के प्रति खास लगाव विकसित हो गया था। एक बार, अपने नॉर्थ ब्लॉक कार्यालय में सरमा से मुलाकात के बाद, शाह ने उनसे मिलने आए अन्य भाजपा नेता से कहा, इस लड़के की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह किसी भी बात के लिए 'न' नहीं कहता, बल्कि काम को पूरा करने का कोई न कोई रास्ता खोज ही लेता है। पूर्वोत्तर में गठबंधन बनाने, नाजुक गठबंधनों को संभालने, और यहां तक कि राजनीतिक समीकरणों को फिर से बैठाने में सरमा की भूमिका ने उन्हें भाजपा के विस्तारवादी प्रोजेक्ट के लिए बेहद जरूरी बना दिया है। असम से लेकर मणिपुर और उससे भी आगे तक, सरमा पार्टी की उन कोशिशों के केंद्र में रहे हैं, जिनका मकसद ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर रहे इलाके को एक मजबूत चुनावी आधार में बदलना है। भाजपा में आने के बाद हिमंत बिस्व सरमा ने हिंदुत्व के मुखर समर्थन, खासकर बांग्लादेशी मूल के मुसलमानों और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया। इससे उन्हें पार्टी के कोर वोट बैंक के करीब आने में मदद मिली। इस नई स्थिति ने उन्हें कांग्रेस के अतीत और संघ परिवार की उम्मीदों के बीच की खाई को पाटने में भी मदद की। अब कार्यकर्ता उन्हें योगी आदित्यनाथ की ही श्रेणी में देखने लगे हैं। प्रशासनिक तौर पर सरमा अपने सक्रिय और खुद कमान संभालने वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। आलोचक जहां इसे सत्ता का केंद्रीकरण बताते हैं, वहीं समर्थक इसे तेज फैसले लेने की क्षमता बताते हैं। उनके कार्यकाल में आक्रामक पुलिसिंग और विपक्ष की ओर से भाई-भतीजावाद के आरोप भी लगे, पर इससे उनकी लोकप्रियता पर खास असर नहीं पड़ा। वर्ष 2022 के महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट के दौरान असम में बागी विधायकों को ठहराने की भूमिका हो या पूर्वोत्तर में भाजपा का विस्तार-सरमा का प्रभाव लगातार विस्तार लेता गया। असम में नई चुनावी जीत के साथ हिमंत का कद भाजपा में और बढ़ना तय है। यह जीत उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में पहुंचा सकती है।

## कभी घरों में धोती थीं बर्तन

# अब बंगाल में बनी विधायक... कलिता माझी ने रचा इतिहास?

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के ऑसग्राम विधानसभा सीट पर एक ऐसी महिला को जीत मिली है। जिसकी कहानी किसी फिल्मी की स्टोरी जैसी लग सकती है। दरअसल, यहां की आम जनता ने एक बेहद साधारण महिला जो कि 2,500 रुपये कमाने के लिए घर में लोगों के बर्तन धोती थी। उस पर भरोसा जताने का काम किया है।



कलिता माजी नाम की इस महिला ने तमाम राजनीतिक दिग्गजों और संसाधनों की कमी को पीछे छोड़ते हुए विधानसभा तक का सफर तय कर लिया है। बीजेपी ने कलिता को अपना उम्मीदवार बनाया था और वहां की जनता ने उन पर भरोसा जताकर विधायक बना दिया। इससे भारतीय लोकतंत्र की वो हकीकत सामने आती है, जो हर आम नागरिक के सपनों को पंख देती है। जानकारी के अनुसार, कलिता माजी ऑसग्राम (एससी) सीट से चुनाव जीती है। वह राजनीति में आने से पहले पिछले दो दशकों से घरेलू कामगार के रूप में काम कर रही थीं। वह 2-4 घरों में साफ-सफाई और बर्तन मांजने का काम करती थी, जिससे उन्हें हर महीने करीब 2,500 रुपये की कमाई होती थी। इसी कमाई से वो अपने परिवार को भरण-पोषण करती थी।

ऑसग्राम सीट से कलिता ने 12535 के बड़े अंतर से चुनाव जीता है। माजी ने तृणमूल कांग्रेस के श्यामा प्रसन्ना लाहौर को शिकस्त दी है। माजी को कुल 107692 वोट मिले है। उन्होंने घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया था। उनकी मेहनत आखिरकार रंग लाई और जनता ने उन्हें बड़ी जीत दिलाई। बता दें कि, माजी पर बीजेपी ने पिछले विधानसभा चुनाव में भी भरोसा जताया था। उस चुनाव में उन्होंने लगभग 41त्न वोट हासिल किए थे। हालांकि वह 12000 वोटों के अंतर से हार गई थी। कलिता पिछले 10 सालों से ज्यादा समय से राजनीति में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी शुरुआत एक बूथ-स्तर की कार्यकर्ता के रूप में की थी और बाद में पंचायत चुनाव भी लड़ी।

# नोएडा में आसमान छूएंगे जमीन के दाम? आवंटन दरों में बड़ी वृद्धि की तैयारी

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा ने जमीन खरीदना अब और महंगा होने जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण ने आवासीय, संस्थागत, औद्योगिक आदि संपत्तियों की आवंटन दरें 11 प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय लिया है। नई दरें एक-दो दिन में लागू हो जाएंगी। बीते वर्षों में आवासीय आदि संपत्तियों में करीब पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी होते आ रही थी। इस बार सबसे अधिक वृद्धि करने की तैयारी है।




नोएडा में हर साल संपत्ति महंगी होती जा रही है। शहर में मध्यम वर्ग के लोगों के लिए संपत्ति खरीदना सपने जैसा होता जा रहा है। मांग अधिक होने की वजह से प्राधिकरण भी आवंटन दरें हर वर्ष बढ़ा रहा है। इसी क्रम में अब आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग आदि संपत्ति की आवंटन दरों में 11 प्रतिशत बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है। नई दरों को लेकर कार्यालय आदेश इसी सप्ताह जारी हो जाएगा। ऐसे में कुछ दिन बाद से प्राधिकरण संपत्तियों का आवंटन नई दरों के हिसाब से करेगा। आवंटन रेट बढ़ने का असर प्राधिकरण में हस्तांतरण होने वाली संपत्ति के शुल्क पर भी पड़ेगा। यह शुल्क भी महंगा हो जाएगा। गौरतलब है कि इस महीने ग्रेटर नोएडा ने भी संपत्ति की दरों में करीब साढ़े तीन प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों का कहना है कि प्राधिकरण की ओर से कराए कराने वाले काम पर खर्च यानि कोस्टिंग चार्ज अधिक आने की वजह से इस बार अधिक प्रतिशत में संपत्ति की दरें बढ़ाने का निर्णय गया है।

# कोटा बूंदी में आवारा कुत्तों के हमले से 9 साल की बच्ची की मौत; स्पीकर ओम बिरला ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बूंदी, एजेंसी।** राजस्थान के बूंदी जिले के एक छोटे से गांव में मंगलवार को इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई, जहां महज 9 साल की एक मासूम बच्ची आवारा कुत्तों के झुंड का शिकार बन गई। यह हादसा सिर्फ एक परिवार ही नहीं, पूरे गांव के लिए ऐसा जख्म बन गया है, जो शायद ही कभी भर पाए।

जानकारी के मुताबिक, बच्ची रोज की तरह सुबह घर से खेतों की ओर शौच के लिए निकली थी। लेकिन उस दिन किस्मत ने उसके साथ ऐसा क्रूर खेल खेला कि वह कभी वापस नहीं लौट सकी। खेतों के पास पहले से घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। मासूम की चीखें खेतों में गूंजती रहीं, लेकिन मदद पहुंचने से पहले ही सब कुछ खत्म हो चुका था।

घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। हर गली, हर चौपाल पर बस उसी मासूम की चर्चा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां की चीखें और पिता की खामोशी इस दर्द को और गहरा बना रही है। गांव के लोग भी इस हादसे से अंदर तक हिल चुके



हैं। इस हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही कोटा-बूंदी क्षेत्र के सांसद और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तत्काल आर्थिक सहायता, आगे और मदद का भरोसा ओम बिरला ने मौके पर ही परिवार को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता सौंपी। इसके साथ ही उन्होंने जनसहयोग से अतिरिक्त 1 लाख रुपये दिलाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि परिवार को हर जरूरी सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए। घटना की गंभीरता को देखते हुए ओम बिरला ने जिला कलेक्टर को सख्त निर्देश दिए कि आवारा कुत्तों के हमलों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए प्रशासन को तत्काल प्रभाव से योजना बनानी होगी। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा और स्वच्छता की व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। खुले में शौच के लिए जाना आज भी कई गांवों की मजबूरी है, जो ऐसे खतरों को जन्म देता है। साथ ही, आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या भी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

# बाल खींचे, थप्पड़ मारे और गंदी गालियों की बौछार; ग्रेटर नोएडा की यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा से रैगिंग

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा की बेनेट यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में एक छात्रा से कथित तौर पर रैगिंग करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में इस घटना का एक वीडियो सोमवार को वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक छात्रा अपने सामने बैठी दूसरी छात्रा को बाल पकड़कर थप्पड़ मारती और गंदी गालियां देती दिख रही है। यूनिवर्सिटी ने इस पर इस पर तुरंत कड़ा ऐक्शन लेते हुए आरोपी छात्राओं को निष्कासित कर दिया।



कई सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर वायरल तीन मिनट 17 सेकेंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि हॉस्टल में कुछ छात्राएं बातचीत कर रही हैं। इनमें एक छात्रा दूसरी छात्रा से सॉरी बोलने और हर बार सॉरी बोलने पर एक खुराक यानी थप्पड़ मारने की बात कर रही है। थोड़ी देर की बातचीत के बाद एक लड़की, पास में ही काले रंग के टॉप में खड़ी लड़की को उसके पिता पर कुछ गलत टिप्पणी करने की बात कहकर उकसाते हुए उसे लाल रंग के टॉप में बिस्तर में बैठी छात्रा को मारने के लिए बोलती है। तभी वीडियो बना रही लड़की भी उसे उकसाती है। इस दौरान तालियां बजाकर भी उकसाया जाता है। काले रंग के टॉप पहनी छात्रा, बिस्तर पर बैठी छात्रा के दोनों हाथ पकड़कर उसे करीब सात बार थप्पड़ मारती है। इसके बाद छात्रा गंदी गालियां देती है। साथ ही, उसके पिता के बारे में गलत बोलने का आरोप भी लगाती है। परिवार की इज्जत पर भी सवाल उठाती है। लाइव हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कड़ी आपत्ति जाहिर की। वहीं, इस प्रकरण में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीप) के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी ग्रेटर नोएडा इकाई ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से तत्काल इस पर संज्ञान लेने की मांग करते हुए कुलपति एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रांत मंत्री गौरव गौर ने कहा कि विश्वविद्यालयों में सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना जरूरी है। सुधीर कुमार, एडीसीपी ग्रेटर नोएडा, यह बेनेट यूनिवर्सिटी का वीडियो है, जो करीब 10 से 15 दिन पुराना बताया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी। अजय यादव, रजिस्ट्रार बेनेट यूनिवर्सिटी वीडियो में मारपीट करने वाली छात्रा, वीडियो बनाने वाली और अन्य सभी को कॉलेज से निष्कासित किया गया है। उनके माता-पिता को मामले की सूचना दी गई है। वहीं, यूनिवर्सिटी प्रबंधन भी मामले में अपनी तरफ से जांच कर रहा है। ये सभी छात्राएं हॉस्टल में रहती थीं। यूनिवर्सिटी इस प्रकार की घटनाओं को लेकर सख्त है।

# पंचायत का फैसला: डीजे चलाया तो सूनी रह जाएगी बरात, शादी का होगा बहिष्कार

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के गांवों में परंपरा और आधुनिकता के बीच टकराव अब खुलकर सामने आने लगा है। दनकौर के बाद अब घरबरा गांव ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिसने न सिर्फ स्थानीय लोगों को चौंका दिया है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी बहस छेड़ दी है।

गांव की पंचायत ने साफ ऐलान कर दिया है कि अब किसी भी बरात में डीजे की धुन नहीं बजेगी,और जो इस नियम को तोड़ेगा, उसके साथ पूरा गांव दूरी बना लेगा। इस फैसले को और भी दिलचस्प बनाता है पंचायत का अंदाज। ग्रामीणों ने खुद इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। एक तरफ जहां युवा पीढ़ी डीजे और आधुनिक शादी के रंग में रंगी है, वहीं गांव के बुजुर्ग इसे अपनी संस्कृति और शांति के खिलाफ मानते हैं।

गौतमबुद्धनगर के सदर तहसील के घरबरा गांव में रविवार को ग्रामीणों ने पंचायत की। पंचायत में गांव के बुजुर्ग और प्रमुख लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने कहा कि शादी समारोह समेत अन्य अवसरों पर डीजे का इस्तेमाल फिजूलखर्ची है। तेज आवाज में डीजे बजाने से हार्ट के मरीजों को दिक्कतें होती है। वहीं लोग परेशान रहते है। कई बार बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती




है। डीजे से जनजीवन प्रभावित होता है। गांव में किसी भी आयोजन में कोई भी डीजे का इस्तेमाल नहीं करेगा। अगर कोई डीजे का इस्तेमाल करता है तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। वहीं, गांव से जाने वाली ऐसी बारात में लोग शामिल नहीं होंगे। पंचायत की वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल की जा रही है। पूर्व जिला पंचायत चेयरमैन वीरेंद्र डाढ़ा का कहना है कि घरबरा में ग्रामीणों ने पंचायत करके डीजे संस्कृति का विरोध किया है। ऐसी बारात में शामिल नहीं होने का फैसला लिया है। इस तरह की पंचायतें और गांवों में की जाएंगी। इसको लेकर ग्रामीण जागरूक हो रहे है।

# हार की जिम्मेदारी मेरी है; राजस्थान के दिग्गज कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह ने असम प्रभारी पद से दिया इस्तीफा

**जयपुर, एजेंसी।** भारतीय राजनीति में जहां अक्सर हार के बाद आरोप-प्रत्यारोप और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति देखने को मिलती है, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भंवर जितेंद्र सिंह ने एक अलग राह चुनते हुए सियासी हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। असम विधानसभा चुनाव 2026 में पार्टी की करारी हार के बाद उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए असम के प्रभारी महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस कदम ने दिल्ली से लेकर राजस्थान तक राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

हार के तुरंत बाद लिया बड़ा फैसला

चुनाव नतीजों के सामने आते ही कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन ने पार्टी नेतृत्व को झटका दिया। इसी के तुरंत बाद भंवर जितेंद्र सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप दिया। यह कदम ऐसे समय में आया है जब पार्टी के भीतर हार के कारणों को लेकर मंथन शुरू ही हुआ था। सिंह का इस्तीफा इस मंथन के बीच एक सशक्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

भंवर जितेंद्र सिंह ने अपने इस्तीफे के साथ एक भावनात्मक पत्र भी सार्वजनिक किया, जिसमें उन्होंने हार के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहराने के बजाय खुद को जवाबदेह माना। उन्होंने लिखा कि चुनाव परिणाम पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे और कार्यकर्ताओं की मेहनत को सफलता में बदलने में वे असफल रहे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷मैं इन नतीजों की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।÷



उनका यह बयान उस राजनीतिक संस्कृति से अलग माना जा रहा है, जहां हार के बाद अक्सर ईवीएम, रणनीति या स्थानीय समीकरणों पर सवाल उठाए जाते हैं।

भंवर जितेंद्र सिंह के इस कदम को कांग्रेस के भीतर और बाहर एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में असम के कार्यकर्ताओं, नेताओं और आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वहां का अनुभव और लोगों का स्नेह उनके लिए हमेशा खास रहेगा।

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह कदम पार्टी में जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक उदाहरण बन सकता है। ऐसे दौर में जब राजनीतिक जिम्मेदारी अक्सर टाल दी जाती है, सिंह का इस्तीफा उनकी साफ-सुथरी छवि को और मजबूत करता है। असम विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करते हुए सत्ता बरकरार रखी। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व, आक्रामक प्रचार और सरकारी योजनाओं के असर ने भाजपा को स्पष्ट बढ़त दिलाई। वहीं कांग्रेस ने गठबंधन और संगठनात्मक स्तर पर कोशिशें जरूर कीं, लेकिन सीट बंटवारे को लेकर असहमति और वोटिंग पैटर्न में बदलाव ने पार्टी के समीकरण बिगाड़ दिए। जमीनी स्तर पर अपेक्षित तालमेल की कमी भी कांग्रेस के प्रदर्शन को प्रभावित करती नजर आई। भंवर जितेंद्र सिंह का यह फैसला राजस्थान की राजनीति में भी चर्चा का विषय बन गया है। अलवर से पूर्व सांसद और गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले सिंह की पहचान एक शालीन और संतुलित नेता के रूप में रही है। राजस्थान में उनके समर्थक इस कदम को उनकी राजनीतिक ईमानदारी और जवाबदेही का प्रतीक मान रहे हैं। वहीं कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह इस्तीफा भविष्य में उनकी भूमिका को और महत्वपूर्ण बना सकता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि कांग्रेस नेतृत्व भंवर जितेंद्र सिंह का इस्तीफा स्वीकार करता है या उन्हें नई जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाता है। पार्टी के भीतर चल रहे आत्ममंथन के बीच उनका यह कदम एक मिसाल जरूर बन गया है, लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस इसे किस दिशा में ले जाती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### नफरती भाषणों पर कानून क्यों बेअसर? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उठे बड़े सवाल

हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने न केवल लोगों की भावनाएं भड़काने वाले भाषण दिए, बल्कि इस बात का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि इससे देश में अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है और विषम हालात भी पैदा हो सकते हैं।पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश की राजनीति में लोगों के बीच नफरत फैलाने वाले बयानों या भड़काऊ भाषणों के जरिए सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिशें चिंता का कारण बनती रही हैं। ऐसे अनेक मौके सामने आए, जिनमें किसी नेता पर राजनीतिक स्वार्थ साधने या फायदा उठाने की मंशा से ऐसी बयानबाजियां करने या नारे लगाने के आरोप लगे, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका पैदा हुई। मगर ऐसे नेताओं को जहां कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए था, वहां उनके प्रति पुलिस या शासन-तंत्र ने एक तरह से नरम रवैया अपनाया।शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर बढ़ते नफरती भाषणों की समस्या से निपटने के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। मगर इस मसले पर सुनवाई के बाद अदालत ने कहा कि वर्तमान कानून का ढांचा लोगों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सार्वजनिक शांति को भंग करने वाली हरकतों से सक्षम तरीके से निपटता है। इसमें भारतीय दंड संहिता और अन्य संबंधित कानूनों के प्रावधान शामिल हैं।जाहिर है, मौजूदा कानूनी प्रावधानों के संदर्भ में अदालत ने एक तरह से स्थिति स्पष्ट कर दी है। मगर इससे इतर नफरती भाषणों के जरिए अगर लोगों के बीच विद्वेष फैलाने की कोशिश की जाती है, तो इसकी नए सिरे से व्याख्या करने और उसे कानूनी दायरे में लाने की जरूरत है। इस संदर्भ में अदालत ने स्पष्ट किया कि अपराध की व्याख्या या उसे परिभाषित करना और सजा तय करना पूरी तरह विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे में अदालत केवल सुधारों की जरूरत की ओर विधायिका और कार्यपालिका का ध्यान खींच सकती है।अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि नफरती भाषणों के संदर्भ में याचिकाकर्ताओं की शिकायत कानून के अभाव में नहीं, बल्कि उसके लागू होने में कमी से पैदा होती है। ऐसी शिकायतें आम रही हैं कि कानूनी प्रावधान होने के बावजूद कई मामलों में पुलिस या तो आरोपों की अनदेखी करती है या फिर कमजोर धाराओं के तहत मामला दर्ज करती है। नतीजतन, जिन गतिविधियों की वजह से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थी, उसके विरुद्ध कानून लाचार नजर आता है।दरअसल, हाल के वर्षों में कुछ नेताओं ने न केवल लोगों की भावनाएं भड़काने वाले भाषण दिए, बल्कि इस बात का खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा कि इससे देश में अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भाव को नुकसान पहुंच सकता है और विषम हालात भी पैदा हो सकते हैं। मगर ऐसे आपत्तिजनक भाषण देने वाले लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने को लेकर सरकारों के भीतर ईमानदार इच्छाशक्ति का अभाव दिखता रहा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इस तरह की प्रवृत्ति की अनदेखी करने या सुविधाजनक तरीके से कुछ नेताओं के नफरती भाषणों के प्रति आंखें मूंद लेने का नुकसान आखिरकार आम जनता और देश को उठाना पड़ेगा।शीर्ष अदालत ने भी इसी संदर्भ में कहा कि नफरती भाषण और अफवाह फैलाने से जुड़े मुद्दे सीधे तौर पर भाईचारे, गरिमा और संवैधानिक व्यवस्था के संरक्षण से जुड़े हैं। कायदे से कुछ संवेदनशील स्थितियों के बावजूद अगर मौजूदा कानूनी प्रावधानों का दायरा सीमित है, तो यह केंद्र और राज्य सरकारों पर निर्भर है कि वे बदलते परिदृश्यों तथा चुनौतियों के मद्देनजर आगे किसी ठोस कानूनी उपाय की जरूरत पर विचार करें।

*आम परिवारों ने खपत कम कर दी है और बचत पर जोर दे रहे हैं। ऊपरी तौर पर तो कोई व्यवधान या निराशा नहीं दिखती, लेकिन ग्रामीण इलाकों में जाने पर लोगों की चिंता साफ झलकती है। प्रधानमंत्री चार राज्यों के विधानसभा चुनावों और सितंबर, 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को पुन- अधिनियमित कराने के रणनीतिक अभियान में व्यस्त हैं। वे पांच मई के बाद ही शासन पर ध्यान दे सकते हैं।*

## अलग-थलग पड़ता भारत- ईरान युद्ध में उलझी विदेश नीति, महंगाई बनी सबसे बड़ी चिंता

**(पी. चिदंबरम)**

भारत का झुकाव इजराइल की ओर रहा है- हाल ही में भारत ने इजराइल की आलोचना से संबंधित ब्रिक्स देशों के मसविदा प्रस्ताव पर वीटो किया था। फिर भी, अमेरिका-इजराइल गठबंधन ने भारत को 'अलग' रखा है और इसके बजाय शांति वार्ता के लिए मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान को तरजीह दी। अमेरिका और इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध कोई दूर की लड़ाई नहीं है। यह परिदृश्य पश्चिम एशिया का है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के पड़ोस में है। लाखों भारतीय इस क्षेत्र में रहते और काम करते हैं। लाखों भारतीय शिया मुसलमानों का ईरान के लोगों के साथ गहरा संबंध है। कहा जाता है कि भारत का ईरान के साथ पारंपरिक रूप से लंबा और ऐतिहासिक संबंध रहा है। साथ ही यह दावा भी किया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत के ईरान के साथ घनिष्ठ व्यापारिक और आर्थिक संबंध स्थापित हुए हैं- उदाहरण के लिए चाबहार बंदरगाह का विकास। मगर भाजपा सरकार के कार्यकाल में ये दावे कमजोर पड़ गए हैं। इसका एक कारण इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच घनिष्ठ मित्रता है।

**नहीं रही पहले जैसी साख :** एक समय था, जब किसी भी संघर्ष की स्थिति में शांतिदूत के रूप में भारत की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती थी। मगर, इस बार 28 फरवरी, 2026 को युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका और इजराइल दोनों ने भारत से जानबूझकर दूरी बनाए रखी। जबकि ईरान समय-समय पर भारत को जानकारी देता रहा। भारत का झुकाव इजराइल की ओर रहा है- हाल ही में भारत ने इजराइल की आलोचना से संबंधित ब्रिक्स देशों के मसविदा प्रस्ताव पर वीटो किया था। फिर भी, अमेरिका-इजराइल गठबंधन ने भारत को 'अलग' रखा है और इसके बजाय शांति वार्ता के लिए मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान को तरजीह दी। भारत अब यह दिखावा नहीं कर सकता कि पश्चिम एशिया में युद्ध से उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इसने दुनिया के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है, विशेष रूप से उन देशों को, जिनका वैश्विक व्यापार, आपूर्ति शृंखला और समुद्री हितों में महत्त्वपूर्ण स्थान है। आइए, 28 फरवरी, 2026 को युद्ध शुरू होने के बाद से भारत के आर्थिक संकेतकों पर नजर डालें दुनिया अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के झूठे दावों और धमकियों से वाकिफ है। उनके इन दावों पर किसी ने विश्वास नहीं किया कि ईरान की वायुसेना और नौसेना पूरी तरह नष्ट हो चुकी है, या ईरान के पास अब कोई सैन्य संपत्ति नहीं बची है, ईरान में 'सत्ता' बदल गई है (एक या दो बार?), या ईरान ने अमेरिकी प्रस्तावों को स्वीकार कर लिया है, या (अलग-अलग समय पर) युद्धविराम हो गया है। ट्रंप युद्ध रोकते हैं, उसे दोबारा शुरू करते हैं, और फिर विराम की घोषणा करते हैं। इस बीच, ईरान और लेबनान पर इजराइल हमले जारी रखता है, और ईरान जवाबी कार्रवाई करता है। दुनिया जानती है कि 28 फरवरी को शुरू हुआ युद्ध कभी रुका नहीं।

**सब कुछ सामान्य नहीं :** सरकार का दावा है कि 'सब कुछ सामान्य है'। आरबीआइ युद्ध की कीमत और परिणामों के प्रति अधिक जागरूक प्रतीत होता है। अप्रैल के बुलेटिन में आरबीआइ ने 'वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव', 'ईंधन और खाद्य पदार्थों के कारण महंगाई', 'बांड से आय', 'विदेशी निवेश के प्रवाह में अस्थिरता' और 'आयात में मंदी' का उल्लेख किया तथा चेतावनी दी कि 'यदि संघर्ष जारी रहा और आपूर्ति शृंखलाओं को शीघ्र बहाल नहीं किया गया, तो इससे घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।' पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखने के अलावा (संभवत- चुनावों के कारण) सरकार ने नाममात्र के ही कदम उठाए हैं। ऐसा लगता है कि सरकार एक मूकदर्शक बनकर घटनाक्रमों को देख रही है और चुपचाप प्रार्थना कर रही है कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को कोई नुकसान न पहुंचे। भारत के लोग जुझारू और धैर्यवान हैं। वे जानते हैं कि सरकार से उन्हें बहुत कम मदद मिलने की उम्मीद है। वे अपनी नौकरियों और आय को बचाने के लिए चिंतित हैं। एलपीजी की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति की अनिश्चितता के कारण घरों तथा भोजनालयों में लकड़ी का इस्तेमाल शुरू हो गया है। आम परिवारों ने खपत कम कर दी है और बचत पर जोर दे रहे हैं। ऊपरी तौर पर तो कोई व्यवधान या निराशा नहीं दिखती, लेकिन ग्रामीण इलाकों में जाने पर लोगों की चिंता साफ झलकती है। प्रधानमंत्री चार राज्यों के विधानसभा चुनावों और सितंबर, 2023 में पारित महिला आरक्षण विधेयक को पुन- अधिनियमित कराने के रणनीतिक अभियान में व्यस्त हैं। वे पांच मई के बाद ही शासन पर ध्यान दे सकते हैं।

**सरकार और कदम उठा सकती है :** सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए और भी बहुत कुछ कर सकती है सरकार मनरेगा के तहत बकाया मजदूरी का भुगतान कर सकती है तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के निरस्त होने और कथित रूप से पुन- लागू होने के बाद से अधर में लटके कार्यक्रम को दोबारा शुरू कर सकती है। ग्रामीण सड़क कार्यक्रम (पीएमजीएसवाई) में तेजी लाई जा सकती है और वर्ष 2026-27 में आबंटित 19,000 करोड़ रुपए 6-8 महीनों में खर्च किए जा सकते हैं (2025-26 में बिना खर्च किए गए 6,871 करोड़ रुपए के विपरीत), और अधिक धनराशि आबंटित की जा सकती है। वर्ष 2025-26 में पेयजल मिशन (जल जीवन) के लिए अनुमानित बजट 67,000 करोड़ रुपए था, लेकिन संशोधित बजट सिर्फ 17,000 करोड़ रुपए रहा। वर्ष 2026-27 के लिए बजट में निर्धारित 67,670 करोड़ रुपए अग्रिम रूप से आबंटित किए जा सकते हैं और राज्य सरकारों को तुरंत धनराशि जारी की जा सकती है। कोविड महामारी के दौरान किए गए वादे (जिसे पूरा नहीं किया गया) के विपरीत सरकार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को ऋण देने में हुए नुकसान की भरपाई के लिए स्पष्ट रूप से धनराशि निर्धारित करनी चाहिए तथा बैंकों को ऋण जल्द वितरित करने का निर्देश देना चाहिए, ताकि इस क्षेत्र को गति मिल सके, जो अभी भी मंदी में है। निष्क्रिय बने रहने के बजाय, सार्वजनिक सुविधाओं के प्रावधान, रोजगार सृजन और लोगों की आय बढ़ाने पर खर्च करना निश्चित रूप से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की कीमत एवं परिणामों से निपटने के लिए प्रभावी उपाय हैं।

## सर्प वंश की विष वर्षा को आमंत्रित करता बंगाल

**(डा. रवीन्द्र अरजरिया)**

बंगाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आतंक का ग्रहण लग चुका है। चुनाव काल में भय का वातावरण चारों ओर देखने को मिला। तृणमूल कांग्रेस ने खुलेआम धमकियों का बाजार गर्म किया। निर्वाचन आयोग तक पर पक्षपात के आरोप गढे। केन्द्रीय सुरक्षा बलों पर भाजपा के एजेन्ट के तौर पर काम करने की बातें कहीं। न्यायपालिका के अधिकारियों से लेकर मीडियाकर्मियों तक को बंधक बनाने की कोशिशें की गईं। प्रदेश के राज्यपाल तक को अपमानित करने, उन पर आक्रमण करने तथा दबंगी का परचम फहराने के कोशिशों में इजाफा करने वाली स्थितियां ममता राज में होती रहीं हैं। वर्तमान में तो दूर दराज के अनेक इलाकों में स्थानीय पुलिस बल से लेकर प्रशासनिक तंत्र तक को अनियमितताओं, गुण्डागिरी तथा आतंक के समक्ष नतमस्तक होते देखा गया। निष्पक्ष चुनाव हेतु तैनात किये गये अनेक कठोर अधिकारियों को हटाने के लिए न्यायालय तक के दरवाजे खटखटाये गये। ऐसा ही प्रयास तृणमूल कांग्रेस द्वारा अपने एक कुख्यात कार्यकर्ता को बचाने के लिए राज्य सरकार के अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए उच्चतम न्यायालय तक की यात्रा तय की गई थी। बांग्लादेश के रास्ते घुसपैठ करके पश्चिम बंगाल में जडें जाम चुके अनेक आतंकवादियों ने चुनाव के दौरान कानून की खुलेआम धज्जियां उडायीं। कानूनी प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न किये। ईवीएम पर टेप लगाने, पहचान छुपाकर मतदान करने, सरेआम धमकाने, मारपीट करने, प्राणघातक हमले करने जैसी अनगिनत घटनाओं ने बंगाल चुनाव में अनियमितताओं के नये कीर्तिमान स्थापित किये है। एग्जिट पोल आने के बाद तो वहां का वातावरण बेलगाम होता जा रहा है। परिणाम आने के पहले ही अनेक स्थानों पर घमासान होने लगा है। पार्टियों के प्रवक्ताओं के अमर्यादित शब्दों से गूंजते छोटे पर्दे, चौराहों पर होती तीखी बहसें और चौपालों पर डीगें हांकते कार्यकर्ताओं ने आम नागरिक के सामने भविष्य की सुरक्षा जैसे अनेक प्रश्न खडे करने शुरू कर दिये हैं। चुनावी प्रक्रिया में तैनात अनेक अधिकारियों के निजी अनुभवों ने बंगाल की स्थिति को समस्याओं के नया दावानल के रूप में परिभाषित किया है। राज्य में प्रायोजित आतंक से बिगडते हालातों को नियंत्रित करने के लिए आने वाले समय में कठोर कदम उठाने, आतंकवादियों को चिन्हित करने तथा घुसपैठियों को वापिस भेजने जैसे कार्य करने ही होंगे अन्यथा परिणामों की घोषणा के साथ ही खूनी जंग हेतु रचे गये षडयंत्र का व्यवहारिक स्वरूप सामने आ सकता है। प्रदेश मुख्यालय से लेकर छोटे गांवों तक आतंक की अशान्ति हेतु असलहे जमा किये जा चुके हैं। ऐसी सूचनायें शासन-प्रशासन तक निरंतर पहुंच रहीं है परन्तु किन्ही खास कारणों से स्थानीय स्तर पर कार्य करने वाले राज्यकर्मचारी धृतराष्ट्र बने बैठे हैं। निर्वाचन आयोग के द्वारा तैनात किये गये अन्य राज्यों के अधिकारियों की भूमिका को यदि भुला दिया जाये तो समूचे प्रदेश में गुण्डाराज के ठहाके स्पष्ट सुनाई देने लगेंगे। बंगाल के अन्तिम छोर पर बैठे आम नागरिकों को तृणमूल कांग्रेस और उसकी घुसपैठी जमात ने खासा आतंकित कर रखा है। राज्य सरकार की शह पर होने वाली गुण्डागिरी से वहां के निवासी निजात तो पाना चाहता है परन्तु सीधी दुश्मनी मोल लेकर जान का जोखिम उठाने हेतु कदापि तैयार नहीं है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6082

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 6083



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 13 सितंबर को इस भारतीय फिल्म गीतकार का निधन हुआ था.इस गीतकार ने 300 से अधिक फिल्मों के लिए 1500 से अधिक गीत लिखे (4)
5. शोभा से युक्त, श्रीमान (3)
8. किसी कार्य के लिए किसी का नाम तय किया जाना (4)
9. आसमान, अंबर, नभ, व्योम (3)
10. गीत-संगीत का सामंजस्य (2)
12. सादृश्य, संबंध सूचक अव्यय शास्त्रीय संगीत का एक मुख्य स्वर (1)
13. कीड़ों द्वारा निर्मित एकमात्र पदार्थ जो इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
15. जुड़वां, अश्विनी कुमार (3)
18. गाड़ी, बुनाई कर्म, वैन (2)
19. जो दूर हो गया (3)
21. किसी संख्या को उसी संख्या से गुणा करने कर प्राप्त होने वाला गुणनफल धोखे में रखकर की जाने वाल बुराई (2)
22. घायल, जख्मी (2)
24. समझौता, संधि (2)
25. रदपट, अधर, ओष्ठ (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. वह स्थान जहां पर बिना मां-बाप कि बच्चे रखे जाते है (5)
2. हल्का गीला, आंशिक आर्द्र (2)
3. फर्श आदि पर बिछाई जाने वाली छपी हुई चादर (3)
4. नदी का पुल्लिंगवाची शब्द (2)
5. कार्य का आरंभ, गौरी सुत, पार्वती नंदन (4)
6. काल गणना के अनुसार कल्प के चार उप-विभागों में से एक (2)
7. यह गोविंदा अभिनीत की पहली फिल्म थी (5)
11. यमराज के संदेश वाहक (4)
14. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारण होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
16. सोने के तार जिनसे कपड़े पर बेल-बूटे आदि बनाए जाते है (2)
17. पुत्र, बेटा (2)
20. पृथ्वी की ऊपरी सतह (2)
21. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी अकरा है (2)
23. उस समय, उस वक्त (2)

### वर्ग पहेली 6082 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | रो | ज | गां | धी | | जा | |
| रा | ज | | धी | र | ज | वा | ला |
| क | | य | | ज | | | ग |
| गो | म | ती | | कु | द | र | त |
| र | | म | ल | मा | स | | |
| ख | ता | | व | र | क | | प |
| पु | र | खा | | | रो | च | ना |
| री | ना | रा | य | | ड़ | | ह |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आप हर काम जल्दी खत्म करने के मूड में रहेंगे, बस यही जल्दबाजी गलती करा सकती है। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है।ऑफिस में कोई छोटी बात बड़ी बन सकती है।

### वृष
आज के राशिफल अनुसार ग्रहों का प्रभाव कुछ सजग रहने की बात कहता है क्योंकि आज आपका ध्यान थोड़ा भटक सकता है। जरूरी काम पहले निपटाएं, वरना बाद में तनाव हो सकता है। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है।

### मिथुन
आज आपके लिए दिन थोड़ा भागदौड़ से भरा हो सकता है। पिछले दिनों की मेहनत का असर दिखने लगेगा। कोई अच्छी खबर या अवसर मिल सकता है। घर पर बच्चों के साथ बड़ों को बातचीत में कुछ संतुलन बना के रखने की जरूरत होगी।

### तुला
ग्रह गोचर की स्थिति आज के राशिफल में आप को अधिक प्रभवैत कर सकती है। चीजों को बहुत गहराई से महसूस करेंगे। इंट्यूशन या कहें की आभास होने वाली स्थिति आप के लिए मजबूत होगी। इसलिए अपने मन की आवाज को नजरअंदाज न करें। करियर में कोई अहम फैसला लेने का मन बन सकता है।

### वृश्चिक
आज आप अंदर से काफी मजबूत महसूस करेंगे। कोई पुरानी चिंता आज हल होती नजर आएगी। करियर में धीरे-धीरे चीजें आपके पक्ष में जा रही हैं। परिवार में आपकी बात सुनी जाएगी, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें।

### धनु
आज आप स्थिर रहकर जीत हासिल करेंगे। दूसरों की तुलना में आप कम बोलकर ज्यादा समझेंगे। नौकरी में भरोसा बढ़ेगा कोई जिम्मेदारी आपके पक्ष में जा सकती है। पैसों से जुड़ा छोटा फायदा संभव है। आज आप उन चीजों पर अधिक ध्यान देंगे जिन्हें काफी समय से नहीं कर पा रहे थे।

### कर्क
आज आपको अपने सोचे हुए कामों या कहें कि टारगेट्स को लेकर स्पष्टता मिलेगी। काम का दबाव रहेगा, लेकिन आप उसे व्यवस्थित तरीके से संभाल लेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है।

### सिंह
आज थोड़ा धीमे चलना ही समझदारी है। हर चीज तुरंत आपके अनुसार नहीं होगी और यही आज की सीख है। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है। ऑफिस में सहयोग मिलेगा।

### कन्या
आज थोड़ा ब्रेक लेने का मन करेगा और लेना भी चाहिए। हर समय दौड़ते रहने से बेहतर है कि आप खुद को रीचार्ज करें। काम में नई ऊर्जा शाम के बाद आएगी। कोई नई योजना दिमाग में बन सकती है।

### मकर
आज आप अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सोच में रह सकते हैं। ये सोच आपको दिशा भी देगी। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है।करियर में कोई नया आइडिया आएगा।

### कुंभ
आज आप उन चीजों पर अधिक ध्यान देंगे जिन्हें काफी समय से नहीं कर पा रहे थे। आप की एकाग्रता ही आपको दूसरों से आगे रखेगा। कोई रुका हुआ काम अचानक पूरा हो सकता है। आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है।

### मीन
आज दिमाग बहुत एक्टिव रहेगा, लेकिन एक साथ कई चीजें करने से उलझन बढ़ सकती है। काम को टुकड़ों में बांटकर करें। किसी दोस्त या सहकर्मी की सलाह आज काम आ सकती है। आज आप अंदर से काफी मजबूत महसूस करेंगे। कोई पुरानी चिंता आज हल होती नजर आएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009



## हार से दुखी ऋषभ पंत ने बोली बड़ी बात

# मेरे पास कोई जवाब नहीं...

**मुंबई (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्र) का आईपीएल 2026 में प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है. सोमवार 4 मई को खेले गए मैच में उन्हें मुंबई इंडियंस से भी हार का सामना करना पड़ा. जब लखनऊ के तेज गेंदबाज वानखेड़े की पिच पर 228 रन भी नहीं बचा पाए. ये इस सीजन स्त्र को लगातार छठी हार है और वो चार अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे बने हुए हैं। मैच के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पास इस बात का कोई जवाब नहीं था कि उनकी टीम ने शानदार शुरुआत (छह ओवर में 90/1) करने के बावजूद अपनी लय कैसे खो दी. पंत ने माना कि जिस तरह से उन्होंने शुरुआत की थी, उसे देखते हुए वे लगभग 10-15 रन पीछे रह गए।

- **हम 10-15 रन पीछे रह गए** - पंत ने कहा, जिस तरह से हमने शुरुआत की थी, हमें निश्चित रूप से और रन बनाने चाहिए थे. उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की, वे इन परिस्थितियों के आदी थे. निश्चित रूप से, हम 10-15 रन पीछे रह गए पंत ने ये भी कहा, इस विकेट पर 228 रन का बचाव न कर पाने के लिए अपने गेंदबाजों को दोष नहीं देंगे ।

### कप्तान सूर्यकुमार यादव ने क्या कहा?

- वहीं दूसरी ओर हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने इस जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया. सूर्य ने कहा कि छह ओवर में 90/1 के स्कोर पर होने के बावजूद टीम में कोई घबराहट नहीं फैली, क्योंकि इस सीजन में पहले खेले गए मैचों में भी वे ऐसी ही परिस्थितियों का सामना कर चुके थे. उन्होंने मैच को वापस टीम के पक्ष में मोड़ने का श्रेय अपने गेंदबाजों को दिया।
- उन्होंने कहा कि मैच का रुख पलटने के लिए उन्हें गेंदबाजों को ज्यादा कुछ समझाने की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि सभी गेंदबाजों के पास अपनी-अपनी योजनाएं पहले से ही तैयार थीं. सभी को यह विश्वास था, और प्लान भी साफ थे. बस थोड़ा-सा आक्रामक खेलना था. हालांकि हमने कुछ दिन पहले 244 रन बनाए थे, लेकिन एसआरएच ने उसे चेज कर लिया था।
- उन्होंने रोहित और रिकेल्टन की दी गई अच्छी शुरुआत का श्रेय भी दिया. सूर्य ने कहा, जब 220-225 रन चेज करने हों, तो अच्छी शुरुआत मिलना जरूरी होता है. वे हमेशा कंट्रोल में थे. आखिर में, जिस तरह नमन धीर और बाकी सभी ने बैटिंग की, वह बहुत बढ़िया था।

# पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का पश्चिम बंगाल चुनाव में दिखा जलवा



## 16 हजार वोटों के अंतर से दर्ज की बड़ी जीत

**कोलकाता (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने एक बार फिर राजनीति में अपना जलवा दिखाया है। 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ते हुए, डिंडा ने मोयना विधानसभा सीट से शानदार जीत हासिल की. ??उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी, तृणमूल कांग्रेस के चंदन मंडल को हराया।

### 16 हजार वोटों से जीत

अशोक डिंडा ने कुल 1,27,166 वोट हासिल किए और उन्होंने 16,241 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की. दूसरी ओर, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार इस मुकाबले में पिछड़ गए और वापसी नहीं कर पाए. वहीं, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के उम्मीदवार स्वपन कुमार बर्मन तीसरे स्थान पर रहे।

### लगातार दूसरी बार बने विधायक


42 वर्षीय अशोक डिंडा की मोयना विधानसभा सीट से यह लगातार दूसरी जीत है. 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों में, अशोक डिंडा ने तृणमूल कांग्रेस के संग्राम दोलुई को 1260 वोटों से हराया था. मुकाबला कड़ा था, लेकिन अंत में क्रिकेटर ही विजयी रहे।

### अशोक डिंडा का क्रिकेट करियर

अशोक डिंडा ने भारत के लिए 13 वनडे और 9 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं. वनडे में उन्होंने 51.00 की औसत से 12 विकेट लिए हैं. जबकि टी20 इंटरनेशनल में, उन्होंने 14.41 की औसत से 17 विकेट लिए हैं. इसके अलावा, उन्होंने फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 116 मैचों में 420 विकेट लिए हैं। वहीं आईपीएल में अशोक डिंडा ने कुल 78 मैच खेले हैं, जिसमें 30.04 की औसत से 69 विकेट लिए. डिंडा ने आईपीएल में केकेआर, डीसी, पीडब्ल्यूआई, आरसीबी और आरपीएस का प्रतिनिधित्व किया. क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, अशोक डिंडा फरवरी 2021 में भाजपा में शामिल हो गए, जिसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026**

पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही. 293 सीटों में से बीजेपी ने 206 सीटों पर जीत हासिल की जबकि टीएमसी को केवल 81 सीट ही मिली और दो सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने बाजी मारी. बता दें कि यहां बहुमत के लिए जादुई आंकड़ा 148 था।



# शाहरुख खान हुए भावुक 'तुम सच में एक जादूगर हो'

### सुनील नरेन के लिए लिखा दिल छू लेने वाला पोस्ट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान फिर अपने अंदाज से प्रशंसकों का दिल जीतते नजर आए। शाहरुख खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर सुनील नरेन के लिए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर की, जिसमें 15 साल के साथ, 200 से ज्यादा विकेट और कई यादगार पलों को याद किया। शाहरुख खान ने सुनील नरेन को 'जादूगर' बताते हुए उनके खेल ही नहीं, बल्कि टीम के साथ उनके रिश्ते की भी जमकर तारीफ की। इस पोस्ट में झलकता अपनापन यह दिखाता है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन सिर्फ एक खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि परिवार का हिस्सा भी हैं।

### सुनील मेरे दोस्त... हम तुम्हे अपने परिवार जितना ही प्यार करतें

शाहरुख खान ने अपनी पोस्ट में लिखा, ''सुनील, मेरे दोस्त... 15 सीजन साथ खेलने के लिए धन्यवाद। 200 से ज्यादा विकेट, तीन आईपीएल खिताब और कोलकाता नाइट राइडर्स के दुनिया भर में कई यादगार पल...!!! तुम सच में एक जादूगर हो और हम तुम्हें अपने परिवार जितना ही प्यार करते हैं। आज तुम्हें दिल से एक बड़ी वाली झप्पी... और यह अपनापन हमेशा बना रहे।

● रोहित की वापसी होते ही ...

# मुंबई की किस्मत पलटी

### 44 गेंद पर 84 रन बनाए, शर्माजी के छक्कों से रोमांचित दिखे दर्शक



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 47वें मैच में मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। निकोलस पूरन ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा। 300 के स्ट्राइक रेस से रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने 18.4 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बना लिए। चोट से

● **लखनऊ सुपर जायंट्स की लगातार छठी हार**



उबरने के बाद पांच मैच बाद वापसी करते हुए रोहित शर्मा ने शानदार पारी खेली और मुंबई इंडियंस को 14 दिन बाद जीत मिली। रयान रिकेल्टन ने भी बेहतरीन पारी खेली। इससे पहले 20 अप्रैल को गुजरात टाइटंस को हराया था। इसके बाद 3 मैच हारी थी। लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार छठी हार मिली। वह 9 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से जीती थी। मुंबई इंडियंस ने इस जीत के साथ प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार रखीं। उसके छह अंक हो गए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए निकोलस पूरन ने 21 गेंद पर 63 रन बनाए। मिचेल मार्श ने 25 गेंद पर 44 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने 31 गेंद पर नाबाद 40 और एडेन मार्करम ने 25 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। ऋषभ पंत ने 15, जोश इंग्लिस ने 13 और अक्षत रघुवंशी ने 11 रन बनाए। मुंबई इंडियंस के लिए कॉर्बिन बॉश ने 2 विकेट लिए। एएम गजनफर, विल जैक्स और रघु शर्मा ने 1-1 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा ने 44 गेंद पर 84 रन बनाए। रयान रिकल्टन ने 32 गेंद पर 83 रन बनाए। नमन धीर ने 12 गेंद नाबाद 23 और विल जैक्स ने 4 गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए। तिलक वर्मा 11 और सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मणिमारन सिद्धार्थ ने 2 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज और मोहसिन खान ने 1-1 विकेट लिए।

# एमएस धोनी की जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं

### CSK के कोच ने बताई अपनी 'मजबूरी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने सोमवार (4 मई) को कहा कि महेंद्र सिंह धोनी टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली नहीं आए हैं। धोनी को लेकर जानकारी देने की हैसियत उनकी नहीं है। उन्होंने कहा कि धोनी ही जानते हैं कि वह कब खेलेंगे। हालांकि, वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। आईपीएल 2026 का आधे से ज्यादा सीजन हो चुका है और चेन्नई सुपर किंग्स 10वां मैच खेलने



वाली है, लेकिन अबतक धोनी नहीं खेले हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एरिक सिमंस से पहला ही सवाल धोनी के खेलने को लेकर हुआ। उन्होंने कहा, 'महेंद्र सिंह धोनी को लेकर जानकारी देने की मेरी हैसियत नहीं है। वह हमारे साथ (दिल्ली में) नहीं है, लेकिन लगातार बेहतर हो रहे हैं। वह जब तैयार होंगे तब होंगे। वही जानते हैं कि वह खेलने के लिए कब तैयार होंगे।'

### अंशुल कम्बोज की तारीफ की

गेंदबाजों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए सिमंस ने अंशुल कम्बोज की खूब तारीफ की, जिन्होंने मैच के हर फेज में प्रभाव डाला है और 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा, 'अंशुल काफी आगे बढ़ गए हैं। अंशुल ने इस सीजन में नहीं पिछले साल ही बेहतर करना शुरू किया था। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अलग-अलग एंगल पर काम किया और यॉर्कर को सटीक बनाया। हमने राउंड द विकेट शुरू किया है, जो अब कोई रहस्य नहीं है।

# एशिया कप से पहले ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगी भारत की पुरुष और महिला अंडर-18 हॉकी टीमें



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें एशिया कप की तैयारियों को मजबूत करने के लिए 15 से 20 मई के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज खेलेंगी। यह मुकाबले भोपाल में आयोजित होंगे, जहां दोनों टीमों ने हाल ही में भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र में अभ्यास शिविर भी लगाया था। यह सीरीज खिलाड़ियों के लिए अपनी रणनीति और संयोजन को अंतिम रूप देने का बेहतरीन मौका मानी जा रही है।

### एशिया कप से पहले बड़ी परीक्षा

यह सीरीज खास तौर पर इसलिए अहम है क्योंकि इस महीने के अंत में जापान के काकामिगाहारा में अंडर-18 एशिया कप शुरू होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा, जो टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के लिए बेहद जरूरी साबित हो सकता है।

# क्या बुमराह ब्रेक लेना चाहते हैं?

## संजय बांगड़ और वेदा कृष्णमूर्ति का मुंबई इंडियंस को सुझाव

**मुंबई (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2026 में लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और ज्यादातर बातें इस बारे में रही हैं कि वह विकेट नहीं ले पा रहे, उनकी रफ्तार कम दिख रही है और मुंबई इंडियंस उन्हें सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। जबकि मुंबई कैंप के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि बुमराह चुनौती के लिए तैयार हैं और जब विकेट लेने का समय आएगा, वह विकेट ले लेंगे।

सोमवार रात वानखेड़े में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। यह इस सीजन का सातवां ऐसा मैच था, जब उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने इस दौरान इस मैच में 45 रन दिए। टाइमआउट शो में संजय बांगड़ और वेदा कृष्णमूर्ति ने सुझाव दिया है कि मुंबई टीम प्रबंधन को बुमराह से बात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ब्रेक लेना चाहते हैं?

वेदा ने कहा, टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान, उपकप्तान सूर्या (कुमार यादव) या फिर रोहित (शर्मा), ईमानदारी से बैठकर उनसे बात कर सकते हैं। उनसे पूछ सकते हैं 'क्या आप अंदर से 100 प्रतिशत फिट महसूस कर रहे हैं, 'क्या आप एक-दो मैच का ब्रेक लेना चाहते हैं। ताकि वह तरोताा होकर लौटें। उनसे यह पूछा जा सकता है और उम्मीद की जा सकती है कि वह ईमानदारी से जवाब देंगे। और अगर वह



कहते हैं 'नहीं, मैं खेलने के लिए तैयार हूं', तो शायद हम उनका बेहतर वर्जन देखेंगे, क्योंकि वह और ज्यादा मेहनत करेंगे। एक ईमानदार बातचीत जरूरी है, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेल सकते हैं।

इस सीजन बुमराह के साधारण प्रदर्शन के साथ मुंबई का खराब प्रदर्शन भी जुड़ा हुआ है। टीम 10 मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। बांगड़ का मानना है कि मुंबई को बुमराह के बिना खेलने के लिए भी तैयार रहना चाहिए, भले ही इसका मतलब सीजन खराब जाना हो। बांगड़ ने कहा, यह इस पर भी निर्भर करता है कि कोच और टीम प्रबंधन क्या सोच रहे हैं। अगर मुंबई बुमराह के बिना खेलने के लिए तैयार है, अगर मुंबई नीचे के स्थान पर सीजन खत्म करने के लिए तैयार है, तो शायद बुमराह बाकी मैच न खेलने का फैसला ले सकते हैं।

सोमवार को बुमराह ने एलएसजी की पारी का दूसरा ओवर डाला और 10 रन दिए। लेकिन चौथा ओवर काफी घटनाओं से भरा रहा। ज्यादातर गेंदें शॉर्ट पिच थीं। तीसरी गेंद वाइड, जिस पर दो रन बने। अगली गेंद मिचेल मार्श ने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्का मारा। फिर नो-बॉल, जिस पर चौका लगा। फ्री-हिट पर भी चौका। कुल आठ गेंदों में 21 रन। इसके बाद वह हटाए गए और 14वें ओवर में वापस आए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### जबरन अपहरण व पॉक्सो मामले में अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** व्यवहार न्यायालय के विशेष पॉक्सो न्यायालय ने जबरन अपहरण एवं बाल संरक्षण से जुड़े गंभीर मामले में एक अभियुक्त को दोषी ठहराया है। यह फैसला फेसर थाना कांड संख्या 67/25 एवं पॉक्सो वाद संख्या 134/25 में सुनाया गया। विशेष लोक अभियोजक शिवलाल मेहता के अनुसार, एकमात्र काराधीन अभियुक्त विश्वकर्मा पासवान (निवासी खैरा सलेम, फेसर) को भारतीय न्याय संहिता तथा पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी पाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त विवाहित होने के बावजूद इस गंभीर अपराध में संलिप्त था और वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है। न्यायालय द्वारा सजा की घोषणा अगले दिन की जाएगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाले ने 8 जून 2025 को अभियुक्त पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। इसके आधार पर थाना द्वारा 13 जून 2025 को प्राथमिकी दर्ज की गई और अनुसंधान के क्रम में अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पीड़िता का न्यायालय में बयान भी दर्ज कराया गया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि मामले में त्वरित सुनवाई करते हुए एक वर्ष के भीतर निर्णय तक पहुंचा गया है, जो न्यायिक प्रक्रिया की गति को दर्शाता है।

### उत्पाद थानाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** किशोर न्याय बोर्ड, औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने उत्पाद थाना कांड संख्या 698/23 में सुनवाई करते हुए उत्पाद थानाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही के अनुसार, बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी आदेश की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए यह कार्रवाई की गई है। यह आदेश किशोर न्याय अधिनियम की धारा 10(3) के अंतर्गत जारी किया गया था। बोर्ड ने आदेश की अवहेलना को न्यायिक आदेश की अवमानना मानते हुए थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा है कि किन परिस्थितियों में बच्चों के हितों की अनदेखी की गई तथा उन्हें 4 मई 2026 को बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत क्यों नहीं किया गया। साथ ही किशोर न्याय बोर्ड ने उत्पाद थानाध्यक्ष को 6 जून 2026 को स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

बच्चों के साथ खेलते समय हुआ दर्दनाक हादसा

# विद्युत स्पर्शाघात से युवक की मौत



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले के तेतरहाट गाँवमें मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना में 30 वर्षीय युवक की विद्युत स्पर्शाघात (करंट लगने) से मृत्यु हो गई। यह हादसा रिसियप थाना क्षेत्र के अंतर्गत उस समय हुआ, जब खेत में गिरा हुआ विद्युत तार उसके संपर्क में आ गया और युवक ने घटनास्थल पर ही प्राण त्याग दिए। मृतक की पहचान नागेंद्र कुमार यादव के रूप में हुई है, जो गांव निवासी सुरेश यादव के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार, वर्षा के बाद गांव के बच्चे खेत के समीप खेल रहे थे। उसी दौरान नागेंद्र कुमार यादव भी बच्चों के साथ खेलने लगे। खेल के क्रम में गेंद पकड़ने के प्रयास में वे खेत की ओर दौड़े, जहां पहले से टूटा हुआ विद्युत तार भूमि पर गिरा हुआ था। घास एवं जलभराव के कारण वह तार दिखाई नहीं दे रहा था, फलस्वरूप वे अनजाने में उसके संपर्क में आ गए और यह दुर्घटना हो गई।

घटना के पश्चात परिजन उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों एवं ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। मृतक अपने पीछे 9 वर्षीय पुत्र हिमांशु एवं 7 वर्षीय पुत्री अवंतिका को छोड़ गए हैं। दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार पर गहरा संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि नागेंद्र खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे, अतः उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

#### जर्जर विद्युत तारों पर उठे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में विद्युत तारों की स्थिति पहले से ही अत्यंत जर्जर है और संबंधित विभाग की अनदेखी के कारण यह दुर्घटना हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा राहत कोष के अंतर्गत पीड़ित परिवार को समुचित आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचे तथा शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने की मांग की।

## स्कार्पियो वाहन ने तिपहिया वाहन को मारी टक्कर, चार लोग घायल



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार-झारखंड सीमा क्षेत्र स्थित हरिहरगंज परिपथ मार्ग पर मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज गति से आ रहे बहुउद्देश्यीय वाहन (स्कॉर्पियो) ने एक तिपहिया वाहन (ऑटो) को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना भगत तेंदुआ गांव के समीप, हरिहरगंज थाना क्षेत्र में हुई। घायलों की पहचान भगत तेंदुआ निवासी रवि रंजन साव की पत्नी रिया देवी, बबुआ खैरा गांव निवासी अनुज साव, उनकी पत्नी प्रेमलता देवी तथा मुन्ना साव के पुत्र अंकुश कुमार के रूप में की गई है। सभी लोग एक ही तिपहिया वाहन में सवार होकर भगत तेंदुआ गांव से छतरपुर स्थित चेगौना धाम मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही तिपहिया वाहन गांव से निकलकर मुख्य परिपथ मार्ग पर पहुंचा, उसी समय तेज गति से आ रहे बहुउद्देश्यीय वाहन ने संतुलन खो दिया और सीधे तिपहिया वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तिपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत हरिहरगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए उच्चतर चिकित्सा केंद्र भेज दिया। इसके बाद परिजन सभी घायलों को औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस फरार चालक की पहचान एवं दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# नौ मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 400 से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



#### ऋण संबंधी मामलों पर विशेष ध्यान

पूर्व वाद (मुकदमा दायर होने से पहले) के अंतर्गत 5170 से अधिक बैंक ऋण से संबंधित मामलों में सूचना-पत्र जारी किए गए हैं, जिनमें से 1500 से अधिक मामलों के निपटारे का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित कुल 2904 सुलह योग्य वादों की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 45 मामलों में पक्षकारों की सहमति प्राप्त हो चुकी है। इस लोक अदालत में 400 से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

#### 14 पीठों का गठन

इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 14 पीठों का गठन किया गया है। इनमें व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में 11 पीठें तथा अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में 3 पीठें शामिल हैं। दाउदनगर में विशेष रूप से ऋण संबंधी मामलों के निस्तारण की व्यवस्था की गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही अधिक से अधिक मामलों का समाधान हो सके। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बताया कि सभी चिन्हित वादों के पक्षकारों को संबंधित थानों के माध्यम से सूचना-पत्र तामील कराए गए हैं। साथ ही उपलब्ध दूरभाष क्रमांकों के माध्यम से भी उन्हें लोक अदालत में उपस्थित रहने की सूचना दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जा सके।

#### यातायात चालान मामलों में 50 प्रतिशत तक छूट

पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार "एकमुश्त यातायात चालान निष्पादन योजना, 2026" लागू की गई है। इसके अंतर्गत चालान की शमन राशि में 50 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए न्यायालय परिसर में विशेष शिविर की व्यवस्था की जा रही है। प्राधिकरण की सचिव तान्या पटेल ने बताया कि इस बार बड़े पैमाने पर सूचना-पत्र भेजे गए हैं, जिससे अधिकतम मामलों का निस्तारण संभव हो सके। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का सस्ता, सुलभ और त्वरित समाधान संभव है। अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिलेवासियों से अपील की कि वे 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण कराएं और इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

### मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा में हंगामा, एंट्री नहीं मिलने पर भड़के परीक्षार्थी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद शहर में मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा के दौरान स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। सेंटर पर लेट से पहुंचने पर एंट्री नहीं दी गई, जिसके बाद हंगामा शुरू कर दिया। मामला नदी घाटी स्थित किशोरी सिन्हा मध्य विद्यालय का है। छात्रों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की जाती है जो बोर्ड एग्जाम में एक या दो पेपर में फेल हो जाते हैं। ऐसे में इस परीक्षा का महत्व छात्रों के लिए काफी अधिक होता है, क्योंकि यह उनके पूरे एक साल के भविष्य से जुड़ा होता है। रोहित कुमार ने बताया कि मेरे एडमिट कार्ड पर परीक्षा केंद्र का नाम स्पष्ट रूप से अंकित नहीं था, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। किसी और की गलती की सजा हम भुगत रहे हैं।

# सहयोग शिविर की तैयारियों का निरीक्षण 19 मई को पंचायत स्तर पर होगा आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को गोह प्रखंड अंतर्गत डेहुरी स्थित पंचायत सरकार भवन के समीप 19 मई को आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवेदन प्राप्ति एवं उनके निष्पादन की स्थिति का गहन समीक्षा की। प्रशासन के अनुसार, बिहार सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों के सरल प्राप्ति और त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक शिविर से पहले संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने शिविर स्थल पर तैनात कर्मियों से प्राप्त आवेदनों और उनके निष्पादन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को निर्देश दिया कि शिविर से पूर्व सभी आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से राजस्व और न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निपटारे पर जोर दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिविर के दिन लंबित और निष्पादित मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए तथा आवेदकों को लिखित रूप में जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से घर-घर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। 19 मई 2026 को आयोजित होने वाले "सहयोग शिविर" के लिए पंचायतवार रोस्टर तैयार कर लिया गया है और संबंधित पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गई है। चयनित पंचायतों में औरंगाबाद प्रखंड के फेसर एवं खैरा मिर्जा, बारुण के धमनी, देव के हसौली, मदनपुर के सलेया, कुटुम्बा के रिसियप, नवीनगर के टण्डवा, ओबरा के डिहरी, दाउदनगर के तरारी, गोह के डेहुरी, हसपुरा के अहियापुर तथा रफीगंज के मेटनिया शामिल हैं।

# व्यवहार न्यायालय का बड़ा फैसला : हत्या मामले में 10 दोषियों को आजीवन कारावास, परिसर में भावुक माहौल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में मंगलवार को जिला न्यायाधीश (चतुर्थ) दिव्या वशिष्ठ ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 100/18 एवं सत्र वाद संख्या 508/18, 730/24 में सभी 10 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक सुरजमल शर्मा के अनुसार, अभियुक्त संतोष पासवान, रामदहिन पासवान, भोला पासवान, कृष्णा पासवान, लुटन पासवान, भरत पासवान, विनय पासवान, अजय पासवान, सत्येंद्र पासवान एवं नरेश पासवान (सभी निवासी पहरमा मुफ्फसिल) को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये का अर्थदंड दिया गया है। इसके अतिरिक्त धारा 147 के तहत एक वर्ष तथा धारा 148 के तहत दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

साथ ही न्यायालय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरंगाबाद को निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवार को उचित प्रतिकर उपलब्ध कराया जाए। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाले विनेश यादव (निवासी पहरमा मुफ्फसिल) ने 9 जून 2018 को अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। उनके अनुसार, बच्चों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा, जिसमें अभियुक्तों द्वारा किए गए हमले में सुरजदेव यादव की मृत्यु हो गई। इस प्रकरण में 22 जुलाई 2019 को आरोप निर्धारित किए गए थे। मुख्य अभियुक्त संतोष पासवान घटना के समय से ही कारागार में बंद था, जबकि अन्य अभियुक्तों को 30 अप्रैल 2026 को दोषी करार दिया गया था। सजा सुनाए जाने के बाद न्यायालय परिसर में भावुक दृश्य देखने को मिला। अभियुक्तों के परिवार की महिलाएं एवं बच्चे न्यायालय के बाहर विलाप करते नजर आए, जिससे वातावरण गमगीन हो गया। वहीं कई अभियुक्तों के चेहरे पर भी अपने कृत्य के प्रति पश्चाताप स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

#### किन धाराओं में दी गई सजा

अपर लोक अभियोजक सुरजमल शर्मा के अनुसार, सभी दोषियों कोभारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपये का अर्थदंड दिया गया है। इसके अतिरिक्त धारा 147 के अंतर्गत 1 वर्ष तथा धारा 148 के अंतर्गत 2 वर्ष के कारावास की सजा भी सुनाई गई है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

विशेष पॉक्सो न्यायालय का फैसला

## अभियुक्त को पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय के विशेष पॉक्सो न्यायालय ने एक गंभीर मामले में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। यह निर्णय नगर थाना कांड संख्या 502/24 एवं पॉक्सो वाद संख्या 115/24 में सुनाया गया। विशेष लोक अभियोजक शिवलाल मेहता के अनुसार, प्राथमिक अभियुक्त सुनील कुमार (निवासी बनौली, बारूण) को पॉक्सो अधिनियम) की धारा 10 के अंतर्गत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी गई है। इसके अतिरिक्त धारा 8 के तहत 3 वर्ष का कारावास एवं 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। विशेष न्यायाधीश लक्ष्मी कांत मिश्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया है कि पीड़िता को एक लाख रुपये का प्रतिकर प्रदान किया जाए। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाले ने 29 नवंबर 2024 को घटना की जानकारी दी थी। उनके अनुसार, परिवार एक विवाह समारोह में जाने की तैयारी कर रहा था और छोटी बच्ची को कमरे के एक कोने में सुला दिया गया था। जब परिजन तैयार होकर बच्ची को उठाने पहुंचे तो वह वहां नहीं मिली।

काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि एक खटाल में काम करने वाला व्यक्ति बच्ची को गोद में उठाकर बांध की ओर ले गया है। परिजन तुरंत वहां पहुंचे और एक मकान से बच्ची की आवाज सुनाई दी। अंदर जाकर देखा गया कि अभियुक्त बच्ची के साथ आपत्तिजनक हरकत कर रहा था। परिजनों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया, उसका नाम-पता पूछकर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, वहीं समाज में भी एक स्पष्ट संदेश गया है कि बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एससी-एसटी अत्याचार निवारण अनुश्रवण समिति की बैठक, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



योजना भवन के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अनुमंडल स्तर पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुटुंबा विधायक ललन राम, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर दर्ज एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2026 में कुल 40 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें से 15 मामलों में भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष मामले आवंटन के अभाव में लंबित हैं। सभी 40 मामलों में अब तक आरोप-पत्र प्रस्तुत नहीं होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि शीघ्र आवंटन प्राप्त कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन एवं भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित भूमि परचा मामलों का शीघ्र निपटारा कर प्रतिवेदन अनुमंडल कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचलाधिकारियों को प्रखंडवार अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने तथा नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया। कुटुंबा विधायक ललन राम ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में प्रखंड स्तर पर ही त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को जिला स्तर तक अनावश्यक रूप से नहीं आना पड़े। विभिन्न पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अनुमंडल क्षेत्र में मैनुअल स्कैवेंजिंग (हाथ से मैला ढोने) का कोई मामला सामने नहीं आया, जिसे बैठक में सराहनीय बताया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी थाना स्तर पर एससी/एसटी से संबंधित मामलों के पंजीकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक तीन माह पर बैठक आयोजित की जाएगी तथा सभी विभागों से नियमित प्रतिवेदन प्राप्त कर सतत अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की तैयारी, जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के समग्र विकास की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए सभी आवश्यक पहलुओं को समाहित करते हुए विस्तृत प्राक्कलन शीघ्र तैयार किया जाए, ताकि कार्य को योजनाबद्ध ढंग से प्रारंभ किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने तालाब परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास का निर्देश दिया। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह को तालाब के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला परिषद के अधीन संचालित कुछ दुकानें अव्यवस्थित स्थिति में हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी ने निदेशक, डीआरडीए को सभी दुकानों को सुव्यवस्थित करने तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई और समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण से स्थानीय स्तर पर पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिलेगी, साथ ही आमजन को स्वच्छ और आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीआरडीए के निदेशक अनुपम कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, गोह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 का कार्य तेज, दूसरे चरण का घर-घर सर्वे शुरू

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में भारत की जनगणना 2027 का कार्य जिले में सुव्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत 17 अप्रैल से 1 मई 2026 तक स्व-गणना (स्वयं गणना) का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के कुल 1 लाख 64 हजार परिवारों ने स्वयं अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज कराई। यह सहभागिता जिलेवासियों की जागरूकता और सहयोग की भावना को दर्शाती है। द्वितीय चरण के अंतर्गत 2 मई से 31 मई 2026 तक घर-घर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस कार्य में जिले के लगभग 5031 प्रगणक सक्रिय रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए प्रत्येक घर तक पहुंचकर सर्वेक्षण कर रहे हैं।

साथ ही मकानों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले की वास्तविक जनसंख्या और परिवारों से संबंधित सटीक एवं अद्यतन आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर सर्वेक्षण के लिए आएं, तो उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान करें। जिन परिवारों ने पहले ही स्व-गणना कर ली है, वे केवल अपनी स्वयं गणना पहचान संख्या उपलब्ध कराएं, ताकि दर्ज जानकारी का सत्यापन कर उसे शीघ्र अंतिम रूप दिया जा सके।

## वज्रपात पीड़ितों को 24 घंटे में सहायता, जिला प्रशासन की त्वरित पहल

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में औरंगाबाद जिला प्रशासन ने आपदा राहत के क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया है। 4 मई 2026 को मदनपुर और गोह अंचल में हुई वज्रपात की दुखद घटनाओं में जान गंवाने वाले तीन बच्चों के आश्रितों को मात्र 24 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तत्काल राहत प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। मदनपुर अंचल के घटराईन टोला भुइयां बिगहा निवासी स्वर्गीय संतोष कुमार (पिता- राम प्यारे भुइयां) एवं स्वर्गीय सूरज कुमार (पिता- गणेश भुइयां) की मृत्यु वज्रपात के कारण हो गई थी। अंचल अधिकारी, मदनपुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि चेक के माध्यम से प्रदान कर दी गई।

इसी प्रकार गोह अंचल के उदयपुरा गांव निवासी स्वर्गीय प्रिंस कुमार (पिता- राजू सिंह) की मृत्यु पंचायत सरकार भवन, डेहुरी के समीप वज्रपात गिरने से हो गई थी। गोह अंचल अधिकारी द्वारा उनके आश्रित को भी अनुग्रह राशि का भुगतान तत्काल कर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन विपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा पीड़ितों तक सहायता पहुंचाने में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं है, इसी कारण 24 घंटे के भीतर राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई गई। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम एवं आकाशीय बिजली के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

### बुनियादी शिक्षा को धार देने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड संसाधन केंद्र, मदनपुर के परिसर में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने की, जिसमें कक्षा 4, 5 एवं 6 के विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में 'मिशन 2026' की थीम "हर बच्चा होगा साक्षर और अंक-दक्ष" के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।